जबलपुर
सोमवार, 3 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष –5
■ वर्ष : 19, अंक : 271
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 13

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बसंत पंचमी सरस्वती पूजा की मंगलकामनाएं




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भिंड में प्रिया गोल्ड बिस्कुट फैक्ट्री में आग


**भिंड।** मालनपुर इंडस्ट्रियल एरिया में प्रिया गोल्ड बिस्किट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। एक फैक्ट्री



कर्मचारी की दम घुटने से मौत हो गई। आग रविवार सुबह करीब 5 बजे लगी, जिसने दोपहर तक भीषण रूप लिया। इसके बाद 20 दमकल वाहनों ने 150 से ज्यादा राउंड लगाकर पानी फेंका। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

### टॉयलेट सीट चाटने को किया मजबूर, छात्र ने दी जान


**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में एक 15 वर्षीय छात्र की आत्महत्या से लोग हैरान हैं। बच्चे की मां ने



आरोप लगाया है कि उसके बेटे, मिहिर अहमद, को स्कूल में मार-पीट कर शौचालय की सीट चाटने के लिए मजबूर किया गया था। जिसके बाद मिहिर ने आत्महत्या की। सीएम विजयन को पत्र लिखकर जांच की मांग की।

### 4 मई को बद्रीनाथ धाम के खुलेंगे कपाट

**टिहरी गढ़वाल।** बसंत पंचमी पर टिहरी राज दरबार नरेंद्र नगर में श्री गणेश पूजन के साथ विश्व प्रसिद्ध



भगवान श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी गई है। शुभ लग्न के अनुसार मंदिर के कपाट आगामी 4 मई को सुबह 6 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ दर्शनार्थ खोले जाएंगे। महाभिषेक के लिए तिलों का तेल 22 अप्रैल को पिरोया जाएगा।

### महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीता भारत

**कुआलालंपुर।** भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का



खिताब जीत लिया है। निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम दूसरी बार चैंपियन बनी है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई थी। जवाब में टीम इंडिया ने 11.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

---

दिल्ली की 4 विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं में बोले सीएम डॉ. यादव

# चुनाव जीतने के लिए रावण की तरह ही प्रपंच रचेंगे कांग्रेस और केजरीवाल

*आखिरी वोट पड़ने तक कमल के सिपाही की तरह तैनात रहे हर व्यक्ति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव में अब लगभग 48 घंटों का समय बाकी है। इस दौरान हमें सतर्क रहना होगा। रावण की तरह सोच रखने वाले लोग फिर नाटक करने आएंगे। ये सोने का मृग दिखाएंगे। इनकी नीयत खराब है। ये चुनाव जीतने के लिए कई तरह के प्रपंच रचेंगे। लेकिन, ये कितने ही षडयंत्र रच लें, आपको इनके झांसे में नहीं आना है।



प्रत्याशी के साथ रोड शो में शामिल हुए सीएम

» **अंग्रेजों की राह पर चल रही है कांग्रेस**

» **देश को महान बनाने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताएं**

#### केजरीवाल ने दिल्ली को गर्त में गिराया

मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल वर्तमान समय का रावण है। अपनी जिद पूरी करने के लिए इसने दिल्ली को कहां से कहां पहुंचा दिया। पहले कहा था मैं दो कमरे में रह लूंगा, फ्लैट में रह लूंगा। फिर कहा मैं कोई राजनीतिक दल नहीं बनाऊंगा।

#### पीएम मोदी लोकतंत्र व संविधान को और मजबूत कर रहे

डॉ. यादव ने दिल्ली के मालवीय नगर विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी व मप्र के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय के समर्थन में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में हर वर्ग के लिए प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास, यह केवल कहने की बात नहीं, केंद्र सरकार के बजट में स्पष्ट दिख रहा है। प्रधानमंत्री लोकतंत्र को गौरवान्वित करने के साथ संविधान को और मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

---

**महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान आज**

## बसंत पंचमी के लिए संगम घाट पर 28 नए स्ट्रैटेजिक पॉइंट बने



रविवार से ही बसंत पंचमी का स्नान शुरू

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

बसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को चार करोड़ से अधिक लोगों के स्नान की उम्मीद की जा रही है। शनिवार शाम से इसकी झलक भी दिखने लगी है और संगम आने वाले मार्गों पर स्नानार्थियों का रेला दिख रहा है। बसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को है। हालांकि, रविवार को ही पंचमी लग गई। यानि, रविवार से ही बसंत पंचमी का स्नान शुरू हो गया। काली मार्ग, बांध समेत मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों तथा संगम की तरफ आने वाली सड़कों पर दोपहर से ही स्नानार्थियों की कतार लंबी होने लगी और देर रात तक लोगों के आने का क्रम जारी रहा।

**धार की भोजशाला में 4 दिवसीय आयोजन**

## आज से भोज महोत्सव, मां वाग्देवी की शोभायात्रा से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार में बसंत पंचमी के अवसर पर धार की भोजशाला में सोमवार से चार दिवसीय भोज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

इस चार दिवसीय महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धर्म सभा, मातृ शक्ति सम्मेलन, भजन संध्या, कवि सम्मेलन और कन्या पूजन शामिल हैं। इसको लेकर भोज उत्सव समिति के संरक्षक अशोक जैन ने 'हरिभूमि' को बताया कि 3 फरवरी बसंत पंचमी को सुबह 7:00 बजे भोजशाला में मां सरस्वती यज्ञ प्रारंभ होगा।



■ धर्म सभा, मातृ शक्ति सम्मेलन भजन संध्या, कवि सम्मेलन और कन्या पूजन होगा

---

**अयोध्या में दरिंदगी** पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ इस तरह की हैवानियत का खुलासा

# दलित युवती का नग्न अवस्था में मिला शव, निकाल ली गईं आंखें

पुलिस ने भागवत कथा सुनने गई युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने का अंदेशा जताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/अयोध्या

अयोध्या जिले में एक दलित युवती का शनिवार को शव बरामद हुआ है। युवती का शव निर्वस्त्र अवस्था में बरामद हुआ। उसके हाथ-पैर बांधे हुए थे। युवती की बेरहमी से हत्या कर उसकी आंखें निकाल ली गई थीं और शरीर पर कई जख्म दिए गए थे। पुलिस ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने का अंदेशा जताया है। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष तिवारी ने बताया कि 22 साल की एक युवती की गुमशुदगी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की। शव भयावह स्थिति में था, जिसे देखकर मृत युवती की बड़ी बहन और गांव की दो महिलाएं बेहोश हो गईं।

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने अवधेश प्रसाद के रोने को बता दिया नौटंकी तो राहुल और प्रियंका ने भी उठाए सवाल*

*शव इतनी भयावह स्थिति में था, जिसे देखकर मृत युवती की बड़ी बहन और गांव की दो महिलाएं बेहोश हो गईं*

*शनिवार सुबह युवती के जीजा को उसका शव गांव से आधा किलोमीटर दूर छोटी नहर में मिला*



*परिजनों ने कहा कि पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई होती तो उनकी बेटी की जान बचाई जा सकती थी*



#### सीएम योगी ने कहा- दरिंदगी में होगा 'इनके ही' लोगों का हाथ

अयोध्या में दलित लड़की के साथ दरिंदगी के मसले पर भी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समाजवादी पार्टी को गुंडा-माफिया प्यारे हैं। अयोध्या में दलित लड़की के साथ दरिंदगी के मसले पर उन्होंने अंदेशा जताते हुए कहा कि इस घटना में कोई इनका आदमी होगा। बेटी की घटना पर सांसद नौटंकी कर रहे हैं।

**रोते हुए सपा सांसद अवधेश प्रसाद बोले**

#### मैं मोदी जी के सामने इस मुद्दे को उठाऊंगा, न्याय नहीं मिला तो इस्तीफा दे दूंगा

इसी सी केस में सांसद अवधेश प्रसाद ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की थी। अवधेश प्रसाद ने कहा कि मैं हर कीमत पर इस मुद्दे को लोकसभा में मोदी के सामने उठाऊंगा, अगर न्याय नहीं मिला तो मैं इस्तीफा तक दे दूंगा। हम बेटी की इज्जत बचाने में नाकामयाब हो रहे हैं, खुद सोचिए इतिहास हमारे बारे में क्या कहेगा।

**राहुल-प्रियंका ने योगी सरकार के घेरा**

#### बच्ची तीन दिन से गायब थी, पुलिस ने कुछ नहीं किया

रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने अयोध्या में दलित युवती से दरिंदगी को हृदयविदारक और शर्मनाक बताया है। उन्होंने मामले में पुलिस पर लापरवाही का भी आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पीड़ित परिवार की गुहार पर प्रशासन ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन को बचाया जा सकता था। एक और बच्ची के जीवन का घिनौने अपराध की वजह से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह से रोना-तड़पना पड़ेगा? वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि अयोध्या में भागवत कथा सुनने गई एक दलित बच्ची के साथ जिस तरह की बर्बरता हुई है उसे सुनकर किसी भी इंसान की रूह कांप जाएगी। बच्ची तीन दिन से गायब थी, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया।

---

**पिता के अंतिम संस्कार पर बेटों में विवाद**

## दो टुकड़े कर लाश का बंटबारा करने की अजीबो-गरीब मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जतारा थाना अंतर्गत ग्राम टाल लिधौरा से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जहां पिता की मौत के बाद दो बेटों में पिता का अंतिम संस्कार करने को लेकर विवाद हो गया। बड़े बेटे ने मांग रखते हुए मृत पिता की लाश के दो टुकड़े करके उसका बंटबारा करने की मांग रख दी। जिसको सुनकर मौके पर मौजूद परिजन व रिश्तेदार अचंभित हो गए। तब जतारा थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने दोनों पक्षों को समझाया गया। इस दौरान लगभग 5 घंटे तक पिता की लाश घर के बाहर रखी रही। छोटे बेटे द्वारा दोपहर के वक्त पिता का अंतिम संस्कार किया जा सका।




■ पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया तब हो पाया अंतिम संस्कार

---

**भोपाल के वन विहार में 2 माह चला इलाज**

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बाघ 'छोटा भीम' की मौत



पीएम में कन्जेस्टिव हार्ट फेलियर से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से घायल अवस्था में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू भोपाल लाए गए नर बाघ छोटा भीम की रविवार को मृत्यु हो गई। छोटा भीम को 30 नवंबर को उमरिया से भोपाल लाया गया था। पोस्टमार्टम में बाघ छोटा भीम की मृत्यु का कारण कन्जेस्टिव हार्ट फेलियर बताया गया। दरअसल, खतौली से रेस्क्यू किए बाघ छोटा भीम के गले में घायल होने का निशान था। उसका उपचार राज्य पशु चिकित्सालय डॉ. एसके तुमड़िया, वरिष्ठ वन्य प्राणी डॉ. अतुल गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी वन विहार डॉ. रजत कुलकर्णी, वन्य प्राणी चिकित्सक वाइल्ड लाइफ एसओएस वन विहार, वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. वैभव शुक्ला और साइट्स मुख्यालय भोपाल के चिकित्सक दल की निगरानी में किया गया। एनटीसीए से के दिशा-निर्देश अनुरूप पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई है।

---

गुजरात में मप्र के श्रद्धालु हादसे का शिकार

## ब्रेक फेल होने से बस खाई में गिरी 7 की मौत, 17 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। मप्र के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। घायलों में 17 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा तब हुआ जब सापुतारा हिल स्टेशन के पास चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल के मुताबिक यह हादसा तड़के करीब 4:15 बजे हुआ।

» **सभी श्रद्धालु गुना, शिवपुरी और अशोकनगर के 48 तीर्थयात्री त्र्यंबकेश्वर से द्वारका जा रहे थे**

» **सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का किया ऐलान**



#### शिवपुरी जिले के 4 यात्रियों की गई जान

शिवपुरी जिले के इंदार थाना क्षेत्र के रामगढ़ और बिजरौनी गांव के रहने वाले भोलाराम कुशवाह, गुड्डी राजेश यादव, कमलेश वीरपाल यादव, बृजेंद्र उर्फ पप्पू यादव व एक बस ड्राइवर रतन लाल जाटव, निवासी सिरोंज, विदिशा की मौके पर ही मौत हो गई।

---

**पूर्व सरपंच के घर एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री**

## सवा 2 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के आक्या कुंवरपद गांव के पूर्व सरपंच के घर से सवा 2 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग बरामद हुई है। पूर्व सरपंच घर में एमडी ड्रग का कारखाना चला रहा था।

नारकोटिक्स विंग के छापा मारने से पहले ही पूर्व सरपंच फरार हो गया। घर के पास स्थित पानी की हौद से एमडी बनाने के उपकरण और तैयार ड्रग्स बरामद की गई। मौके से 300 ग्राम एमडी जब्त की गई। इस तरह कुल 1 किलो 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 2.20 करोड़ रुपए आंकी गई है।



■ दो ड्रग पैडलरों ने टीम को ठिकाने तक पहुंचाया

---

**थाने में शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा**

## डायल 100 के पीछे से टकराई बाइक उपचार के दौरान घायल की हुई मौत



थाने में परिजनों ने देर तक हंगामा किया

मृतक परिवार ने मांगा 10 लाख रुपए का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

जैतपुर थाने की डायल हंड्रेड के पीछे से टकराए बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने थाने में शव रखकर बीती रीत हंगामा किया। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के कर्चुल बांध के पास घटी थी। डायल हंड्रेड अपने इवेंट से लौट कर जैतपुर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार बाइक चालक राजकुमार पटेल पिता हरिदास (35) निवासी खुजमानिया पुलिस की डायल हंड्रेड के पीछे से टकरा गया और गंभीर घायल हो गया। जिसे पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया था। पटेल की हालत नाजुक देखते हुए उसे शहडोल रेफर कर दिया, शहडोल से युवक को जबलपुर रेफर कर दिया गया, उपचार के दौरान बाइक सवार राजकुमार की जबलपुर में मौत हो गई। परिजनों की मांग थी कि मृतक परिवार को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।

---

**भारत की वित्तीय नीति पर बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण**

# *रुपए की गिरावट से चिंता पर यह सुनना स्वीकार नहीं कि ओह रुपया कमजोर हो रहा, डॉलर को छोड़ अन्य मुद्राओं की तुलना में यह स्थिर*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को देश की बेदाग वित्तीय साख और मजबूत आर्थिक नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने कभी भी अपने राजकोषीय समेकन या ऋण कटौती लक्ष्यों से पीछे नहीं हटने दिया।उन्होंने यह बयान तब दिया जब मूडीज जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भारत की साख में बढ़ोतरी नहीं की। भारत सरकार वित्तीय अनुशासन और विकास के संतुलन को बनाए रखने की नीति पर कार्यरत है।



राजकोषीय अनुशासन और विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

#### आलोचना करें, लेकिन अध्ययन करके बोलें

उन्होंने कहा कि आरबीआई उन तरीकों पर भी विचार कर रहा है, जिनसे वह भारी उतार-चढ़ाव के कारणों को दुरुस्त करने के लिए ही बाजार में हस्तक्षेप करेगा। इसलिए हम सभी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। वित्त मंत्री ने आलोचना करने वालों के बारे में कहा कि वे दलील देने में जल्दबाजी दिखा रहे हैं। आज डॉलर के मजबूत होने और अमेरिका में नए प्रशासन के आने के साथ, रुपए में आ रहे उतार-चढ़ाव को समझना होगा। आलोचनाएं हो सकती हैं, लेकिन उससे पहले थोड़ा और अध्ययन कर प्रतिक्रिया देना बेहतर होगा।

#### भारत के आर्थिक कदम कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से अधिक अनुशासित

शनिवार को मूडीज रेटिंग एजेंसी ने भारत की संप्रभु रेटिंग को तत्काल बढ़ाने से इनकार कर दिया। सीतारमण ने कहा कि भारत उधारी को नियंत्रित करने और ऋण को जीडीपी के अनुपात में कम करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के आर्थिक कदम कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से अधिक अनुशासित हैं।




## खुद को जनता का 'सेवक बताते हुए पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों को गारंटी दी

# भाजपा को सत्ता में लाइए, मैं व्यक्तिगत तौर पर दिल्लीवासियों की सेवा करूंगा, भाजपा का सब पर ध्यान, जो वादे किए वे पूरे किए

आरके पुरम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। शहर में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों और मध्यम वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।आप सरकार के घोटालों पर पीएम मोदी ने साधा निशाना।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरके पुरम में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। खुद को जनता का 'सेवक' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्लीवासियों को गारंटी दी कि शहर में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों और मध्यम वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।आरके पुरम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने मध्यम वर्ग की जेब में अधिक पैसा डालने के लिए केंद्रीय बजट में शामिल आयकर लाभों पर प्रकाश डाला। आप सरकार के घोटालों पर पीएम मोदी ने निशाना साधा और कहा कि आप नेताओं को जवाब देना होगा और जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा। केंद्रीय बजट पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत के चार स्तंभों- गरीब, किसान, युवा और नारी को मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी है।

**जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा**

**विकसित भारत के 4 स्तंभों गरीब, किसान, युवा और नारी को मोदी की गारंटी को पूरा करने की मैं गारंटी दे रहा**



### झाड़ू तिनके की तरह बिखर रहा

'आप' में मची भगदड़ की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि झाड़ू तिनके की तरह बिखर रहा है क्योंकि आपदा के नेता इसे छोड़ रहे हैं। हाल ही में आपदा के आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के फैसले का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि आपदा सरकार दिल्ली के मतदाताओं के सामने बेनकाब हो गई है। इससे पहले पीएम मोदी ने मतदाताओं से समर्थन मांगते हुए कहा कि शहर को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो अपनी ऊर्जा विकास पर खर्च करे न कि दूसरों से लड़ने में। 'आप' सरकार ने पुराने वादों पर वोट मांगकर 10 साल बर्बाद कर दिए हैं। लेकिन अब दिल्ली के मतदाता भाजपा सरकार चुनेंगे।

### अब यहां विकास का बसंत आने वाला है

सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन और पक्के मकान दिए हैं तथा सड़कें, अस्पताल, फ्लाईओवर बनाने और "मेक इन इंडिया" को बढ़ावा देने पर पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा कि वसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलने लगता है और तीन दिन बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही विकास का बसंत आने वाला है।

### मैं आपकी समस्या का समाधान करने में कसर नहीं छोड़ूंगा

पीएम मोदी ने कहा किआपदा ने दिल्ली के 11 साल बर्बाद कर दिए। मैं दिल्ली के प्रत्येक परिवार से अनुरोध करूंगा कि वे हमें आपकी सेवा करने की अनुमति दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर समस्या का समाधान करने में मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

## अलका लांबा ने किया रोड शो




कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। यहां से भाजुपा के रमेश बिधूड़ी और आम आदमी पार्टी से मुख्यमंत्री आतिशी मैदान में है।कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री फिल्म स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को फोन करके वोट मांग रहे हैं। अगर आतिशी ने काम किया होता, रोजगार दिया होता और महंगाई खत्म की होती तो उन्हें शत्रुघ्न सिन्हा को फोन करके वोट मांगने की जरूरत नहीं पड़ती।

### 11 साल बर्बाद किए, गलती से भी आप-दा सरकार नहीं आए

पीएम ने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। आप ने आपके 11 साल बर्बाद कर दिए। मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।

## भाजपा को दिल्ली की सेवा करने का मौका नहीं मिला: राजनाथ



राजेंद्र नगर में एक चुनावी रैली के दौरान रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि दिल्ली भारत के दिलों में से एक है, लेकिन दिल्ली के साथ सबसे बड़ी विडंबना यह है कि पिछले 25 वर्षों से यहां या तो कांग्रेस की सरकार रही है या फिर आप की। भाजपा को दिल्ली की सेवा करने का वह मौका नहीं मिला, जिसकी वह हकदार थी। भले ही हम 21वीं सदी में प्रवेश कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस और आप सरकारों के कारण दिल्ली ने ज्यादा विकास नहीं देखा है।

## केजरीवाल आप दा सरकार के मुखिया: सरमा



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने गोकुलपुरी विधानसभा क्षेत्र को संबोधित किया। इस दौरान सरमा ने कहा कि दिल्ली में 'आपदा' की सरकार है और अरविंद केजरीवाल इस सरकार के मुखिया हैं। तीन साल पहले, उन्होंने गुवाहाटी का दौरा किया था और अपने भाषण के दौरान उन्होंने उल्लेख किया था कि उनकी पार्टी असम में विस्तार करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वे दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा क्रांति लेकर आए हैं। उन्होंने मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में बात की, लेकिन मैं आप सभी से पूछना चाहता हूं कि दिल्ली जैसे राज्य को ऐसे मोहल्ला क्लीनिक या मेडिकल कॉलेजों की क्या जरूरत है?

### केजरीवाल ने ईसी को पत्र लिखा

## हमलावर भाजपा कार्यकर्ताओं की हो गिरफ्तारी



नई दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं पर हमले को लेकर अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में केजरीवाल ने आप कार्यकर्ताओं पर हुए कई हमलों का जिक्र किया है। केजरीवाल ने चिट्ठी में मांग रखी है कि नई दिल्ली विधानसभा में स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएं। चुनाव आयोग आप कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार पुलिसवालें तुरंत सस्पेंड किया जाए और हमला करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

**दिल्ली चुनाव में भाजपा खुलेआम गुंडागर्दी कर रही**

आप कार्यकर्ताओं पर हमले को लेकर केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आप की आंधी चल रही है। भाजपा बुरी तरह से हार रही है। अपनी हार देख भाजपा दिल्ली में गुंडागर्दी मचा रही है।

---


### खबर संक्षेप

#### बंगाल में मेनहोल में गिरे मजदूर, 3 की मौत



**कोलकाता।** कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के बानतला इलाके में स्थित लेदर कॉम्प्लेक्स में रविवार को मैनहोल साफ करते समय नाले में गिर जाने के चलते तीन ठेका मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लेदर काम्प्लेक्स में चमड़ा इकाइयों के अपशिष्ट से भरे मैनहोल को साफ करते समय यह हादसा हुआ। पहले एक मजदूर फिसल कर 20 फीट नीचे गिर गया। इसके बाद दो अन्य मजदूर भी अंदर गिर गए। काफी खोजबीन के बाद तीनों का शव मैनहोल से बाहर निकाला जा सका।

#### शाह 5 को त्रिपुरा में नियुक्ति पत्र बांटेंगे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 5 फरवरी को त्रिपुरा सरकार में मल्टी-टास्किंग स्टाफ (ग्रेड-डी) पदों के लिए चयनित लोगों को नौकरी के प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। 2021 में त्रिपुरा के संयुक्त भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के माध्यम से 2400 से अधिक उम्मीदवारों का चयन किया गया था। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और उनके कैबिनेट सहयोगी भी यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में 5 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इससे कई युवाओं को अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

#### बीकानेर में भूकंप, जान माल की हानि नहीं



**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र में रविवार दोपहर को भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, रविवार दोपहर को राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र में रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का मध्यम भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र अक्षांश 27.76 उत्तर और देशांतर 73.72 पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके रविवार अपराह्न अपराह्न 12.58 बजे महसूस किए गए। जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

## कांग्रेस शासित एक राज्य में सियासत में 'बवाल' तो दूसरे में 'सवाल'

# तेलंगाना में बगावत की चिंगारी पर रेड्डी ने की बैठक, बीआरएस व कांग्रेस में असंतोष

### विधायकों के बीच बढ़ती तल्खी को खत्म करने की कवायद शुरू

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

कांग्रेस शासित एक और राज्य में असंतोष और बगावत की खबर सामने आ रही है। तेलंगाना की राजनीति से ऐसी खबर है कि यहां पर पार्टी के 10 विधायकों ने अलग से बंद कमरे में बैठक की है। इसके बाद मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सक्रिय हुए हैं और उन्होंने विधायकों के बीच बढ़ते असंतोष को खत्म करने के लिए कदम उठाए हैं।तेलंगाना में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी और के. चंद्रशेखर राव की सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया था।बताया जा रहा है बगावत करने वाले अधिकांश नेता पिछले साल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) बीआरएस से कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

बीआरएस से आए नेता कांग्रेस के नेताओं के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं जिससे कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में नाराजगी दिखाई दे रही है। खबरों के अनुसार कांग्रेस के 10 विधायकों ने विधायक अनिरुद्ध रेड्डी से डिनर मीटिंग में मुलाकात की है। हालांकि पार्टी नेताओं का कहना है कि यह सिर्फ एक डिनर मीटिंग थी और विपक्षी दल इसे बेवजह तूल देने की कोशिश कर रहे हैं।

**बीआरएस से कांग्रेसी बने बिगाड़ रहे गणित**

**10 विधायकों की डिनर पार्टी ने दिया तूल**



### केसीआर के साथ तस्वीर हटाने से किया था इनकार

कांग्रेस में शामिल होने वाले विधायक महिपाल रेड्डी ने कैंप कार्यालय से पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर के साथ अपनी तस्वीरें हटाने से इनकार कर दिया था और इससे विवाद खड़ा हो गया था। इसके बाद कुछ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता विधायक के दफ़्तर में घुस गए थे और केसीआर की तस्वीरें हटा दी थीं और उनकी जगह रेवंत रेड्डी की तस्वीरें लगा दी थीं। महिपाल ने कांग्रेस के निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी काटा श्रीनिवास गौड़ पर पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके खिलाफ भड़काने का आरोप लगाया था। गौड़ 2018 और 2023 के चुनावों में महिपाल से हार गए थे।

**केंद्रीय मंत्री के बयान से सियासत गरमाई**

## केरल को घोषित कर दें पिछड़ा राज्य तो मिल जाएगा बजट ज्यादा



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता जॉर्ज कुरियन की टिप्पणी से विवाद पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर केरल को पिछड़ा राज्य घोषित कर दिया जाए तो उसे ज्यादा बजट आवंटित किया जा सकता है। सत्तारूढ़ माकपा और विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने केरल को बजट का सही हिस्सा ना देने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट पेश किया था। इसके कुछ ही घंटों के बाद में केरल से आने वाले और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी के केंद्रीय राज्य मंत्री कुरियन ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि आवंटन पिछड़े राज्यों के लिए है। केरल को पिछड़ा घोषित करें। कहें कि हमारे पास सड़कें नहीं हैं, हमारे पास शिक्षा नहीं है। अगर केरल घोषित करता है कि राज्य शैक्षणिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा है और बुनियादी ढांचे के लिहाज से पिछड़ा है, तो वित्त आयोग इसकी जांच करेगा और सरकार को रिपोर्ट देगा।

### केरल की अनदेखी की गई

राज्य के सीएम पिनाराई विजयन और विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने शनिवार को आरोप लगाया था कि केंद्रीय बजट में राज्य की मांगों को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। उन्होंन कहा कि केरल को सही धनराशि नहीं दी गई है। राज्यों को कई पैकेज की उम्मीद थी, लेकिन फिर भी उनकी उपेक्षा की गई है।

### 12 लाख वाली छूट के अलावा भी बजट में काफी कुछ खास

सीपीआई के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने रविवार को कहा कि कुरियन को केरल से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केरल में भारतीय जनता पार्टी के नेता इसे एक गरीब राज्य के तौर पर देखना चाहते हैं। बीजेपी केरल को जीतने की अपनी कोशिशों में कामयाब नहीं रही है और अब पार्टी इसे पूरी तरह से गरीब राज्य बनाना चाहती है।

### कांग्रेस विधायक ने केंद्रीय मंत्री पर बोला हमला

वरिष्ठ कांग्रेस विधायक और विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने कहा कि मंत्री का बयान केरल का अपमान है। 'उन्हें मंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। बजट में केरल का कोई संदर्भ नहीं है। जब हम इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से उठा रहे हैं, तो मंत्री पूरे राज्य का अपमान करने पर उतर आए हैं। राज्य की तमाम उपलब्धियों में बीजेपी और संघ परिवार की क्या भूमिका रही है?

### सैनी सरकार पर विज का फिर हमला

## मुख्यमंत्री चाहें तो छीन लें मेरा मंत्री पद, सही काम हो

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज की अपनी ही सरकार से नाराजगी दूर नहीं हो रही। रविवार को रोहतक पहुंचे विज ने फिर बगावती तेवर दिखाए। अफसरशाही हावी होने से नाराज विज ने फिर मुख्यमंत्री नायब सैनी को निशाने पर लिया। विज ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहें तो मेरा मंत्री पद छीन लें लेकिन वरिष्ठता और मेरी विधायकी नहीं छीन सकते। उन्होंने कहाकि 7 बार का विधायक हूं, अंबाला कैंट की जनता ने वोट देकर बनाया हूं। मंत्रिपद कोई छीनना चाहे तो छीन ले। मंत्री बनकर कोठी मैंने नहीं ली। केवल एक कार है। अब तो कार्यकर्ताओं ने कह दिया है कि अगर कार छीनी गई तो वे अपने पैसे से खरीद कर दे देंगे। मैंने कभी मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहा, कभी मांग नहीं की और न ही किसी से कहूंगा। मैं चाहता हूं कि हरियाणा की भाजपा सरकार सही ढंग से काम करे। मुख्यमंत्री विधायकों, मंत्रियों व जनता की सुनें और निर्णय ले।

**केंद्रीय मंत्री मनसुख ने कहा**




## 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' धीरे-धीरे बनता जा रहा उत्सव

**नई दिल्ली।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' लोगों को फिटनेस अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह पहल धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप ले रही है। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया तथा बताया गया कि सफलता प्राप्त करने के लिए स्वस्थ शरीर अहम है। पीएम नरेंद्र मोदी और मांडविया 'फिट इंडिया' अभियान का समर्थन कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य पूरे देश में फिटनेस और स्वास्थ्य की संस्कृति का निर्माण करना है। खेल मंत्री ने कहा कियह धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप ले रहा है, जिसमें प्रत्येक रविवार को अलग-अलग थीम पर पूरे देश में साइकिलिंग इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं। मुझे दिल्ली और पूरे देश के डॉक्टरों को रविवार को साइकिल चलाते देखर खुशी हो रही है।

### मंत्री राणे का बड़ा दावा

## कांग्रेस जॉइन करेंगे राउत उद्धव नहीं कर पा रहे मदद

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भाजपा नेता और महाराष्ट्र में मंत्री नितेश राणे ने संजय राउत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राउत का राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो रहा है और वे एक और कार्यकाल के लिए कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। राणे का कहना था कि राउत इसके लिए दिल्ली में एक नेता से बातचीत कर रहे हैं। राणे ने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे वाली पार्टी के पास राउत को नया कार्यकाल दिलाने के लिए पर्याप्त संख्याबल नहीं हैं। महाराष्ट्र में पिछले साल नवंबर में हुए चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में शिवसेना (उद्धव गुट) ने 20 सीट पर जीत हासिल की थी। राणे ने कहा कि राउत को 'सामना' में लिखना चाहिए कि वह शिवसेना (उबाठा) में कितने समय तक टिके रहेंगे। उन्हें उस नेता के बारे में लिखना चाहिए, जिनसे वह दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्हें इस मुद्दे पर भी बयान देना चाहिए।

### पीएम मोदी ने बजट को लेकर कांग्रेस पर किया हमला

# नेहरू के समय 12 लाख कमाते तो 3 लाख टैक्स लगता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बजट के बाद कांग्रेस पर टैक्स को लेकर हमला बोला। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी का हवाला देते हुए दावा किया कि उनकी सरकारों ने लोगों की कमाई पर भारी टैक्स लगाया, जबकि मोदी सरकार ने टैक्स का बोझ कम किया और मध्यम वर्ग को अधिक राहत प्रदान की।मोदी ने कहा कि अगर नेहरू के जमाने में आप 12 लाख कमाते तो 12 लाख की आय पर आपकी एक चौथाई सैलरी सरकार वापस ले लेती। अगर इंदिरा का जमाना होता तो 12 लाख तक की आय पर आपके 10 लाख टैक्स में चले जाते। 10-12 साल पहले तक कांग्रेस की सरकार में अगर आप 12 लाख कमाते तो आपको 2 लाख 60 हजार रुपया टैक्स देना होता। भाजपा सरकार के बजट में साल में 12 लाख कमाने वाले को एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

### हमारी सरकार में सालाना 12 लाख कमाने वाले पर कोई टैक्स नहीं

**मोदी सरकार ने टैक्स का बोझ कम किया**



### हमने 4 स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी दी

पीएम मोदी ने कहा कि देश के विकास में हमारे मिडिल क्लास का बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा मिडिल क्लास को सम्मान देती है, ईमानदार टैक्सपेयर्स को पुरस्कार देती है। मोदी ने कहा कि मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए 4 स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति।

### 10 बेड का होगा डे केयर कैंसर सेंटर कीमोथेरेपी भी होगी



सरकार ने डे केयर कैंसर सेंटर शुरू करने की घोषणा की है। 700 में से 200 सेंटर इस साल के अंत तक शुरू होंगे। प्रत्येक सेंटर पर 10 बेड की व्यवस्था होगी जहां मरीज कीमोथेरेपी लेने के बाद शाम को अपने घर जा सकेगा। इस तरह कुल 7000 नए बेड जिला अस्पतालों में जोड़ने की योजना है।

**समुद्रयान मिशन को बढ़ावा, 600 करोड़ दिए**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में भारत के समुद्रयान मिशन के लिए 600 करोड़ आवंटित किए हैं। ये मिशन समुद्र की गहराइयों में वैज्ञानिकों को भेजकर अध्ययन करने से जुड़ा है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को बजट में 3649.81 करोड़ काआवंटित किया गया है।

**वीवीआईपी मूवमेंट और भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाई रोक, आम लोगों को नहीं होगी असुविधा**

# महाकुंभ में बसंत पंचमी पर 3 करोड़ श्रद्धालु करेंगे अमृत स्नान, अबकी बार प्रशासन ने की जबरदस्त व्यवस्था

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

महाकुंभ में आज यानी सोमवार को बसंत पंचमी का अमृत स्नान है। आखिरी अमृत स्नान को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। बसंत पंचमी पर 3 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। सोमवार तक के लिए प्रयागराज में भारी वाहनों की एंट्री रोक दी है। मेले में सोमवार तक के लिए नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। 28 जनवरी से 5 फरवरी तक स्कूलों को बंद करने का आदेश पहले ही जारी कर दिया गया है। बाहर से आ रही गाड़ियों को बॉर्डर से ही रूट डाइवर्ट किया गया है। बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर आज और कल वीवीआईपी मूवमेंट को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

जिन मार्गों पर ज्यादा भीड़ होने का अनुमान है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात होंगे। अखाड़ों का अमृत स्नान मौनी अमावस्या की तरह एक घंटे पहले होगा। 7200 से अधिक बसें चलाने का आदेश है। वाहन पार्किंग संख्या भी बढ़ाई गई है। मेले में साइनेज की संख्या बढ़ाई गई है। श्रद्धालुओं को सभी घाटों पर स्नान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। मेले में एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है।




◆ महाकुंभ अमृत स्नान को लेकर इस बार और तगड़ी व्यवस्था की गई है

1 प्रयागराज में पुलिस प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

2 7200 बसें चलेंगी और वाहन पार्किंग भी बढ़ाई गई



### प्रयागराज जंक्शन

प्रवेश केवल सिटी साइड (प्लेटफॉर्म नं-1 की ओर) से दिया जाएगा।निकास केवल सिविल लाइंस साइड की ओर से दिया जाएगा। अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी। आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को सिटी साइड स्थित गेट नंबर 5 से प्रवेश दिया जाएगा।

### प्रयागराज छिवकी स्टेशन

प्रवेश केवल प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से दिया जाएगा। निकास केवल जीईसी नैनी रोड (प्रथम प्रवेश) की ओर से दिया जाएगा।अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर 2 से प्रवेश दिया जाएगा।टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी।

### सूबेदारगंज स्टेशन

प्रवेश केवल झलवा (कौशाम्बी रोड) की ओर से दिया जाएगा।निकास केवल जीटी रोड की ओर दिया जाएगा।अनारक्षित यात्रियों के लिए यात्री आश्रय की व्यवस्था रहेगी। आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को गेट नंबर 3 से प्रवेश दिया जाएगा। टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी।

### 73 देशों के 118 राजनयिकों ने किया संगम स्नान

पत्रिवेणी के किनारे चल रहे आस्था के महोत्सव का हिस्सा बनने वैश्विक कूटनीति के पारखी पहुंचे। सनातन के इस आयोजन की व्यापकता ने उन्हें आश्चर्यचकित भी किया और भारतीय की धार्मिक परंपराओं को और जानने के लिए उत्सुक भी। संगम के जल के अधिक ठंडा होने की चिंता से उपजी नहाने की हिचक उसमें डुबकी लगाने के बाद दूर हो गई। लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकविसीन ने कहा कि संगम में स्नान करके विशेष अनुभूति हुई। ऑस्ट्रिया की राजदूत कैथरीना वाइजर के मुंह से निकल पड़ा, 'हम जिस छोटे देश से आते हैं, उसके मुकाबले भारत में सब कुछ व्यापक व विशाल ही दिखता है। कैथरीना ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन, इतने लोग फिर एक विशिष्ट तरह की शांति व नीरवता का अनुभव, यह शानदार है। भूटान के राजदूत वेत्सोप नामग्याल ने कहा कि यहां एक विशेष आध्यात्मिक अनुभूति हुई। महाकुंभ की विशेषता व विशेष तौर पर इस बार के आयोजन के महत्व को समझते हैं। मैं भगवान शिव से प्रार्थना करता हूं कि भारत व भूटान की मित्रता इसी प्रकार सशक्त बनी रहे। स्लोवाकिया के राजदूत रॉबर्ट मैक्सिन ने कहा कि भारत को वह अपना दूसरा घर मानते हैं। इतने बड़े आध्यात्मिक आयोजन के लिए सरकार बधाई की पात्र है। यह त्याग, शांति व समरसता का पर्व है। मैक्सिन ने कहा कि नदियों के संगम का यह परिदृश्य इतना जीवंत है कि यहां होना सौभाग्य की बात है।

### नैनी जंक्शन

प्रवेश केवल स्टेशन रोड से दिया जाएगा।निकास केवल मालगोदाम की ओर (द्वितीय प्रवेश द्वार) से दिया जाएगा।अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को गेट नंबर 2 से प्रवेश दिया जाएगा।टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी।


### एक्शन में एसटीएफः महाकुंभ में हुई भगदड़ में तलाशा जा रहा साजिश का भी ऐंगल

उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जांच तेज कर दी है। यूपी एसटीएफ की टीमें साजिश के एंगल पर जांच करने में जुटी हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि महाकुंभ में कहीं साजिश के तहत भगदड़ करवाई तो नहीं गई। अपनी जांच के तहत यूपी एसटीएफ संगम नोज के आसपास सक्रिय मोबाइल नंबरों का डेटा खंगाल रही है। महाकुंभ मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ कहीं साजिश तो नहीं, इस एंगल से भी जांच की जा रही है। क्योंकि कई इनपुट ऐसे आए हैं जो इस ओर इशारा कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो 16 हजार से अधिक मोबाइल नंबरों के डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है। अब तक की जांच में कई मोबाइल नंबर घटना के बाद से ही बंद आ रहे हैं। महाकुंभ मेला एरिया में बने कमांड एंड कंट्रोल रूम के सीसीटीवी से संदिग्धों को फेस रिकग्निशन ऐप के जरिए चिन्हित किया जा रहा। वसंत पंचमी के स्नान को लेकर यूपी पुलिस हाई अलर्ट पर है। आज रात भर यूपी पुलिस के बड़े अफसर रहेंगे महाकुंभ और प्रयागराज में फील्ड पर सक्रिय रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### यूनुस ने सीमा पर की हिमाकत! मिलेगा जवाब

**ढाका।** बांग्लादेश त्रिपुरा के रंगौती क्षेत्र के निकट मौलवीबाजार जिले के अलीनगर में बड़े पैमाने पर तटबंध का पुनर्निर्माण कर रहा है



और संरचना का कुछ हिस्सा 'जीरो लाइन' पर है, जिसकी वजह से पूर्वोत्तर राज्य के उनाकोटी जिले के सीमावर्ती उपखंड कैलाशहर में आक्रोश है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता सुधन देबबर्मा ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने जीरो लाइन पर स्थित तटबंध के हिस्सों के पुनर्निर्माण के लिए भारतीय अधिकारियों से सहमति भी नहीं ली। देबबर्मा ने कहा कि मार्च में होने वाली संयुक्त नदी आयोग की बैठक में इस मुद्दे को उठाएगी।

### मार्टिन बने डेमोक्रेटिक पार्टी के नए अध्यक्ष

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाथों नवंबर में पार्टी की चुनावी हार के बाद इसे मजबूती देने के लिए डेमोक्रेटिक



नेशनल कमेटी ने शनिवार को केन मार्टिन को अपना नया अध्यक्ष चुना। मार्टिन ने डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी में दक्षिण कैरोलिना के जैमे हैरिसन का स्थान लिया है। मार्टिन ने ट्रंप और उनके सहयोगियों को चेतावनी दी है कि वे आ रहे हैं। यह नई डेमोक्रेटिक पार्टी है। मार्टिन ने बदलावों का वादा किया। वह तब तक विशिष्ट कार्यों पर चर्चा नहीं कर सकते जब तक कि पार्टी यह निर्धारित करने के लिए चुनाव के बाद की समीक्षा नहीं करती।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से निभाई दोस्ती!**

# चीन, कनाडा और मेक्सिको को दिया टैरिफ का झटका, लेकिन सूची में भारत का नाम नहीं

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको और चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाने का फैसला किया है, जो शनिवार शाम से लागू हो गया। इस फैसले के साथ अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार युद्ध की शुरुआत हो गई है, जो आगे अन्य देशों तक भी फैल सकता है।

कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है। चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क बढ़ाया गया है। हालांकि, कनाडा से आयातित तेल पर सिर्फ 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा। ट्रंप ने घोषित टैरिफ के पहले सेट में भारत का नाम नहीं लिया। इसके पीछे उन्होंने उच्च व्यापार घाटे का हवाला दिया है। ट्रंप सरकार जल्द ही कंप्यूटर चिप्स, फार्मास्यूटिकल्स, स्टील, एल्युमीनियम, तांबा, तेल और गैस के आयात पर भी नए शुल्क लगाने की योजना बना रही है। यूरोपीय देशों पर भी ऐसे ही शुल्क लगाए जा सकते हैं।

चीन से आयातित वस्तुओं पर अमेरिका ने बढ़ाया 10 प्रतिशत शुल्क

कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सामानों पर लगाया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क



### कनाडा ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाया

*कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए अनेक अमेरिकी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। उन्होंने अमेरिकियों को चेतावनी दी कि ट्रंप के फैसले उनके लिए गंभीर परिणाम लेकर आएंगे। दुनिया की सबसे लंबी भूमि सीमा साझा करने वाले पुराने सहयोगी देशों के बीच संबंधों में आई गिरावट के बीच ट्रूडो ने कहा कि वे 155 बिलियन कनाडाई डॉलर (107 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगा रहे हैं। वहीं, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने शनिवार को अमेरिकी आयात पर जवाबी टैरिफ लगाने की बात कही। शीनबाम ने कहा कि उनकी सरकार अपने शीर्ष व्यापारिक साझेदार के साथ टकराव के बजाय बातचीत चाहती थी, लेकिन मेक्सिको को भी उसी तरह जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा है।*

### भारत और इंडोनेशिया मिलकर प्रम्बानन मंदिर का संरक्षण करेंगे

पीएम ने कहा कि मुझे बताया गया है कि इस मंदिर में मुरुगन के अलावा अन्य देवी देवताओं की भी स्थापना की गई है। ये विविधता और बहुलता हमारी संस्कृति का आधार है। इंडोनेशिया में विविधता की इस परंपरा को 'भिन्नेका तुंगल इका' कहते हैं। भारत हम इसे विविधता में एकता कहते हैं। भारत और इंडोनेशिया में लोग एकता से रहते है। आज का यह पावन दिन हमें विविधता में एकता की प्रेरणा दे रहा है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, विरासत और धरोहर भारत और इंडोनेशिया के बीच पीपुल टू पीपुल कनेक्शन बड़ा रहे हैं। हमने साथ मिलकर प्रम्बानन मंदिर के संरक्षण का फैसला किया है। हमें ऐसे और कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। हमारा अतीत हमारे स्वर्णिम भविष्य का आधार बनेगा।

**जेल सुधार को प्राथमिकता दे रही सरकार**

# जेलों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किए गए 300 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 2025-26 में जेलों के आधुनिकीकरण के लिए 300 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। यह वही राशि है जो 2024-25 में तय की गई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 75 करोड़ रुपए कर दिया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को इसका ऐलान किया। इस पैसे का इस्तेमाल खासतौर पर जेलों को उन्नत बनाने में किया जाएगा। बताते चलें कि 2023-24 में, कुल 86.95 करोड़ रुपए जेलों के आधुनिकीकरण पर खर्च किए गए थे। गृह मंत्रालय जेल प्रबंधन को बहुत महत्वपूर्ण



मानता है क्योंकि जेलें आपराधिक न्याय प्रणाली का अहम हिस्सा हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2023 में कहा था कि बेहतर जेल प्रबंधन आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए बहुत जरूरी है।

### जेलों की बेहतरी के लिए मॉडल प्रिजन्स एक्ट

मई 2023 में, मंत्रालय ने नया मॉडल प्रिजन्स एक्ट (आदर्श कारागार अधिनियम) तैयार किया। इस कानून में अलग-अलग तरह की जेलों के लिए नियम बनाए गए हैं, जैसे कि उच्च-सुरक्षा जेल और खुली जेल। इसका मकसद खतरनाक अपराधियों और आदतन अपराधियों से समाज को सुरक्षित रखना भी है। इस नए कानून में कैदियों को कानूनी सहायता देने, अच्छे व्यवहार के आधार पर पैरोल, फरलो और समय से पहले रिहाई जैसी सुविधाएं देने का प्रावधान है।




**वर्चुअली जुड़े पीएम ने महाकुंभभिषेक के अवसर पर बधाई दी**

# पीएम ने कहा- भारत और इंडोनेशिया की आस्था और संस्कृति एक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रिश्ते सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि हजारों साल पुरानी साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित हैं और दोनों देशों में विविधता में एकता की परंपरा है।

पीएम मोदी ने यह टिप्पणी इंडोनेशिया के जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महाकुंभभिषेकम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महाकुंभभिषेकम का हिस्सा बना हूं। मैं जकार्ता से दूर हूं, लेकिन मेरा मन इसके करीब है, जैसे भारत और इंडोनेशिया एक-दूसरे के करीब हैं...मैं महाकुंभभिषेकम के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।

» इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए

### भारत का संबंध साझा आस्था का





पीएम मोदी ने कहा, भारत और इंडोनेशिया का संबंध विरासत का है, विज्ञान का है, आस्था का है। हमारा संबंध साझा आस्था का है, अध्यात्म का है। हम भगवान मुरुगन और भगवान श्री राम से भी जुड़े हैं और हम भगवान बुद्ध से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत से इंडोनेशिया जाने वाला व्यक्ति जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है, तो उसे काशी और केदार जैसा ही आध्यात्मिक अनुभव होता है।

### साझा संस्कृति की झलक

*पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब भारत में इंडोनेशिया की रामलीला का मंचन अयोध्या में भी होता है। इसी तरह, जब हम बाली में 'ओम स्वस्ति-अस्तु' सुनते हैं, तो हमें भारत के वैदिक विद्वानों द्वारा किया गया स्वस्ति वाचन याद आता है। आपके बोरोबुदुर स्तूप में हमें भगवान बुद्ध की वही शिक्षाएं देखने को मिलती हैं, जो हमें भारत में सारनाथ और बोधगया में देखने को मिलती हैं। हमारे राज्य ओडिशा में आज भी बाली यात्रा मनाई जाती है। यह त्योहार उन प्राचीन समुद्री यात्राओं से जुड़ा है, जो कभी भारत और इंडोनेशिया को व्यापार और संस्कृति से जोड़ती थीं।*

**खबर संक्षेप**

## आयुष इंटर्न छात्रों का 325 तो स्नातकोत्तर का बढ़ा दो हजार स्टायपेंड

**भोपाल।** लंबे समय से स्टायपेंड बढाने की मांग करने वाले आयुष छात्रों के लिए राहत की खबर है। मोहन सरकार ने आयुष छात्रों के स्टायपेंड में बढ़ोत्तरी की है। इंटर्न छात्रों के स्टायपेंड में 325 रुपए, स्नातकोत्तर छात्रों के स्टायपेंड में लगभग दो हजार और गृह चिकित्सकों के स्टायपेंड में लगभग एक हजार रुपए से अधिक की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि फरवरी माह से लागू की जाएगी। नीमा छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि स्टायपेंड बढ़ाने के लिए आयुष छात्रों ने पूर्व में भूख हड़ताल भी थी। जिसके लिए हम लंबे समय से मांग कर रहे थे, भूख हड़ताल की उसका फल अब सभी आयुष छात्रों को मिलेगा।

## भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन अब 16 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी

**भोपाल।** भोपाल मंडल ने भोपाल-उज्जैन के मध्य चलाई जा रही ट्रेन न. 09313/09314 उज्जैन-भोपाल-उज्जैन स्पेशल के फेरे तत्काल प्रभाव से पुनः विस्तारित किए हैं। ट्रेन न. 09313 उज्जैन-भोपाल स्पेशल उज्जैन से 15 मार्च तक तथा ट्रेन न. 09314 भोपाल-उज्जैन स्पेशल 16 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी। ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव आदि में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## बंसल वन के अकाउंटैंट से दो लाख रुपए की नगदी छीनी

**भोपाल।** गोविंदपुरा स्थित रचना टॉवर के पास बंसल वन के अकाउंटेंट से दो बाइक पर आए चार बदमाशों ने नोट से भरा बैग छीन लिया। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। अकाउंटेंट का कहना है कि उसके बैग में दो लाख रुपए की नगदी थी और बाइक सवार लुटेरों ने चाकू की नोक पर उससे लूटपाट की है। देर रात पुलिस ने अकाउंटेंट की शिकायत पर बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार नेताजी इन्क्लेव निवासी 46 साल के दीपेश जोशी, बंसल वन में अकाउंटेंट है। पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार शाम वह बंसल वन के दफ्तर से दो लाख रुपए की नगदी लेकर निकले थे। उन्हें औद्योगिक क्षेत्र स्थित बंसल वन के दफ्तर जाना था। वे रचना टावर के पास पहुंचे ही थे कि दो बाइक पर चार बदमाशों ने उनसे बैग छीन लिया।

## साइबर जालसाजों को मकान किराए पर देने वाले पर एफआईआर

**भोपाल।** अवधपुरी पुलिस ने 5 सायबर जालसाजों को गिरफ्तार कर उनसे बीएमडब्ल्यू-एसयूवी, मोबाइल, सिमकार्ड, नोट गिनने की मशीन, बैंक पासबुक, चैकबुक समेत करीब 4 करोड़ रुपए का माल बरामद किया था। पुलिस ने उक्त मामले में मकान मालिक पर किराएदारों का ब्यौरा थाने में नहीं देने के कारण प्रकरण दर्ज किया है। उसे नोटिस पर छोड़ दिया गया, जबकि जालसाजों को सिम मुहैया कराने वाले आरोपी दुकानदार विनोद प्रजापति को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्त में आए पांचों जालसाज भोपाल में रहकर ठगी कर रहे थे।

# सड़क हादसे में एक की मौत, एक गंभीर

### तेज रफ्तार ट्रेक्टर का चालक घटना के बाद फरार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायगढ़**



जिले में ट्रैक्टर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चला रहे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है, उक्त घटना धर्मजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, धर्मजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बलपेदा निवासी अवध राठिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कल दोपहर वह अपने दोस्त देवान सिंह राठिया के साथ मोटरसाइकिल पर किसी काम के सिलसिले में ग्राम कांटाडांड की ओर जा रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल को देवान सिंह राठिया चला रहा था। बाइक सवार दोनों युवक जब ग्राम जमरगीडी मेन रोड एवं पारेमार के पास पहुंचे ही थें कि सामने की तरफ से आ रहे नीले रंग की ट्रैक्टर के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवकों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक के पीछे बैठा युवक उछलकर झाड़ियों में जा गिरा। वहीं बाइक चला रहा देवान सिंह राठिया ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो जाने के बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से मृतक के शव को अस्पताल भेज दिया गया है, बताया जा रहा है कि घटना के बाद से आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नेशनल हाइवे 30 की घटना, एक अन्य युवक भी घायल

## गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, चालक की मौत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में गैस सिलेंडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे 30 पर पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। वहीं ट्रक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला गुरुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को जिले के मरकोला घाट के पास कांकेर की ओर से धमतरी की ओर जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे 30 पर पलट गया। इसकी चपेट में एक बाइक सवार युवक आ गया।इस हादसे में ट्रक चालक और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची दोनों घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान ट्रक चालक की मौत गई। बताया जा रहा है कि, ट्रक में भरी गैस सिलेंडर की टंकिया खाली थी। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।






### अपर मुख्य सचिव ने किया आंबेडकर फ्लाईओवर का निरीक्षण

# लोक निर्माण विभाग के दो अधिकारी निलंबित एसीई ब्रिज और कार्यपालन यंत्री को नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल**

लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने शनिवार को गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक नव निर्मित डॉ. भीमराव आंबेडकर फ्लायओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विभाग के प्रमुख अभियंता, सेतु मंडल के वरिष्ठ अधिकारी व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारी मुख्य अभियंता श्रवण कुमार सिंह भी मौजूद थे।

> निर्माण कंपनी पर अनुबंधानुसार अर्थदंड लगाने के निर्देश, गुणवत्ता में पाई गई खामियों पर हुई सख्त कार्रवाई



### तकनीकी निरीक्षण में लापरवाही सामने आई

गुणवत्ता में खामियों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के उपयंत्री उमांकांत मिश्रा और प्रभारी सहायक यंत्री रवि शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ये दोनों अधिकारी परियोजना के प्रभारी थे और इनकी तकनीकी निरीक्षण में लापरवाही सामने आई है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग भोपाल के कार्यपालन यंत्री जावेद शकील और सीई ब्रिज को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी श्रवण कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान तकनीकी सुझाव दिए गए। उनके अनुसारए ब्रिज में मौजूद डिजाइन गैप्स को भरने तथा उच्च गुणवत्ता का बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### मंत्री ने ली कार्रवाई की जानकारी

लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने इस पूरी कार्रवाई की समीक्षा कर कहा कि विभाग के कार्यों की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता पर है।

### राइडिंग सरफेस की गुणवत्ता और फिनिशिंग संतोषजनक नहीं

*तकनीकी अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान बताया कि करीब 3 किलोमीटर लंबे 4 लेन के इस एलिवेटेड कॉरिडोर की डिजाइन, सुरक्षा और स्ट्रक्चरल गुणवत्ता में कोई कमी नहीं है, लेकिन राइडिंग सरफेस की गुणवत्ता और फिनिशिंग संतोषजनक नहीं पाई गई। विशेष रूप से दो स्थानों पर जहां एक्सपेंशन जॉइंट लगाए गए हैं, वहां अधिक क्षरण पाया गया। निरीक्षण दल को बताया गया कि मुख्य केरिजण्वे का निर्माण पेवर मशीन से किया गया था, लेकिन किनारे की 18 इंच की पटरी को मैन्युअल रूप से भरा गया था, क्योंकि वहां मशीन चलाना संभव नहीं था।*

### निर्माणकर्ता कंपनी के खिलाफ कार्रवाई

अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने निर्माणकर्ता कंपनी और अनुबंधकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण कंपनी पर अनुबंधानुसार अर्थदंड लगाने तथा सभी सुधारात्मक कार्य अपने व्यय पर कराने का आदेश दिया है।

### ईडी के छापे के बाद की थी सुसाइड की कोशिश

## जयश्री प्रोडक्ट लिमिटेड की मालकिन पायल मोदी के दर्ज किए बयान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल**



जयश्री प्रोडक्ट फूड लिमिटेड की मालकिन पायल मोदी ने ईडी के छापे के बाद जहरीला पदार्थ पी लिया था। घटना के तीसरे दिन शनिवार को उनके स्वास्थ में सुधार हुआ। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था, जिसमें केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और उनके जीजा सहित 5 लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे।

पुलिस ने घटनाक्रम के संबंध में उनके बयान लिए तो पायल ने सुसाइड नोट में जिन बातों का जिक्र किया है, उनको ही दोहराया। पायल ने सुसाइड नोट में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के लिए उल्लेख किया था, कि जिनके हाथ में राजनीतिक पावर है, उनसे मेरा परिवार बिखरने जा रहा है। मैं जो कदम उठा रही हूं, उसके जिम्मेदार चंद्रप्रकाश पांडे, लोजपा प्रवक्ता वेदप्रकाश पांडे, सुनील त्रिपाठी, भगवानसिंह मेवाड़ा, हितेष पंजाबी, हैं। सभी चिराग के रिश्तेदारी में हैं। इन लोगों ने हमारी कंपनी में चोरी करवाई , रिपोर्ट हमने की तो कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं फैक्ट्री पर सीजीएसटी, ईडी, ईओडब्ल्यू से छापे डालवाए। इन छापों से हमारा परिवार प्रताड़ित हुआ। पति हार्ट और हाइपर डिप्रेशन के मरीज हैं। उन्हें जान से मारने की धमकी मिली। हमने विभागों को पत्र भेजे, कार्रवाई नहीं हुई। क्राइम ब्रांच ने भी कार्रवाई नहीं की। हालांकि मामला केंद्रीय मंत्री से जुड़ा है, इस लिए पुलिस इस मामले में बेहद सतर्कता बरत रही है। पायल के पति किशन मोदी ने तो यहां तक आरोप लगाया था कि पुलिस अस्पताल में उनकी पत्नी से मिलने नहीं दे रही। इधर, चूनाभट्टी थाना प्रभारी का कहना कि एक निजी अस्पताल में भर्ती पायल के बयान दर्ज करा लिए गए है। आगे की जांच की जा रही है।

> केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सहित पांच लोगों पर लगाए थे प्रताड़ना के आरोप

### 11 को छग में होना हैं निकाय चुनाव, मतपत्र की जगह ईवीएम से होंगे चुनाव

## डेमो मशीन से मतदाताओं को जागरूक कर रहा चुनाव आयोग

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा**

छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के लिए 11 तारीख को मतदान होना है। ऐसे में मतदाता को कोई दिक्कत ना हो चुनाव आयोग इसमें जुट गया है। इसका मुख्य कारण इस बार वोटिंग मतपत्र की जगह ईवीएम से होने वाले हैं। अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदाता को एक ही मशीन से वोट देना होगा। चुनाव आयोग सभी नगरीय निकाय में डेमो मशीन के द्वारा जनजागरुकता फैलाने का काम कर रही है।

इसी क्रम में नगर पंचायत खरोरा में भी वार्डवार शिविर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि, किस प्रकार मशीन के ऊपरी भाग जहां सफेद पर्ची में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिन्ह छपे होंगे। वहीं उसके नीचे गुलाबी पर्ची में पार्षद पद के अभ्यर्थियों के नाम और चुनाव चिन्ह दिए होंगे।



### 4 फरवरी तक चलेंगे शिविर

*यह जनजागरूकता शिविर प्रथम चरण में 04 फरवरी तक चलेंगे, जिसमें नगर के सभी 15 वार्डो को कवर करने का लक्ष्य है। जनजागरुकता के लिए नगर के आंगनबाड़ी, सरकारी कार्यालयों का चयन किया गया है। द्वितीय चरण में पुनः पूरे 15 वार्डो में जनजागरुकता फैलाई जाएगी।*

### शत प्रतिशत मतदान का प्रयास

*खरोरा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर पंचायत चुनाव के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होरी सिंह ठाकुर ने कहा कि, नगर के सभी सहगोचर स्थलों का चयन कर प्रशिक्षित दल के का गठन किया गया है। जिनके द्वारा वार्ड वार्ड में शिविर लगाकर मगदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इस इस हेतु नगर पंचायत द्वारा अपील भी किया है कि, आप अपने वार्ड के शिविर स्थल पर जाकर डेमो रिहर्सल कर सकते है और खुद भी जागरूक होकर औरो को भी इस हेतु जागरूक कर सकते हैं। ताकि, शत प्रतिशत मतदान हो।*

### भीख मांगकर गुजारा करती है महिला, अस्पताल में भर्ती


## मालगाड़ी की चपेट में आई बुजुर्ग महिला, कटा पैर

### मालगाड़ी के बीच से जा रही थी और इसी बीच गाड़ी चल दी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर चांपा**

जिले के नैला रेलवे स्टेशन में पटरी पार करने के दौरान एक बुजुर्ग महिला का मालगाड़ी की चपेट में आने से दायां पैर कट गया। वहीं चेहरे पर हल्की चोट भी आई है। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार, रविवार की रात को नैला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 की पटरी पर मालगाड़ी खड़ी हुई थी। इस दौरान बुजुर्ग महिला दूसरे प्लेटफार्म से आने के लिए खड़ी मालगाड़ी के बीच से जा रही थी तभी अचानक मालगाड़ी ट्रेन चल पड़ी, जिससे बुजुर्ग महिला का दायां पैर चक्के के नीचे आ गया और कट गया। जिसके बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुजुर्ग महिला सारखो की रहने वाली बताई जा रही है जोकि नैला रेलवे स्टेशन में रहकर भीख मांगती हैं।



## फरवरी के पहले हफ्ते में ही चुभने लगी दोपहर की धूप

### बीते दिनों की तुलना में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

प्रदेश में दिन और रात का पारा सामान्य से ज्यादा होने की वजह से गर्मी का अहसास होने लगा है। प्रदेश में ठंड गायब हो गई है। अब गर्मी परेशान करने लगी है। दिन का तापमान बढ़ने से धूप चुभने लगी है। रविवार को प्रदेश में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से एक से तीन डिग्री तक वृद्धि होगी। इससे आगामी दिनों में लगभग ठंड गायब हो जाएगी। प्रदेश में मौसम साफ है और उत्तरी हवाओं का असर खत्म हो गया है।

इसके वजह से न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में फरवरी माह के पहले सप्ताह से ही धूप चुभने लगेगी। दिन के साथ ही रात में भी गर्मी का अहसास होने लगेगा। बीते दिनों से राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में दिन में गर्मी महसूस होने लगी है। रात में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। इस वजह से ठंड का अहसास खत्म हो गया है। राजधानी रायपुर में दिन का तापमान 34.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके अलावा अन्य जिलों में भी अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा है। इसके वजह से अब रात में भी ठंड का अहसास कम होने लगी है और गर्मी का अहसास होने लगी है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बिलासपुर में 36 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री बलरामपुर में रिकॉर्ड किया गया। बीते दिनों की तुलना में प्रदेश में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। फरवरी माह के पहले सप्ताह ही अच्छी गर्मी पड़ सकती है।



### 12 बोर रायफल, बीजीएल लांचर सहित बड़ी मात्रा में हथियार भी जब्त

# मुठभेड़ थमने के बाद 8 नक्सलियों के शव और हथियारों का जखीरा बरामद

### मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान मामूली घायल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर**

जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का के जंगल में शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मौके से इंसास रायफल, बीजीएल, 12 बोर बंदूक बरामद की है। इस मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान भी मामूली रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का व कोरचोली जंगल में प्रतिबंधित माओवादी संगठन अंतर्गत पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम दिनेश, पीएलजीए कंपनी नम्बर 2, पीएलजीए प्लाटून व मिलिशिया कंपनी के सशस्त्र माओवादियों कैडर्स की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी। अभियान के दौरान शनिवार को डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी और माओवादियों के बीच सुबह 8.30 बजे से कई बार मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में 8 पुरुष माओवादियों के शव व इंसास रायफल, 12 बोर रायफल, बीजीएल लांचर सहित बड़ी मात्रा में हथियार व माओवादी सामग्री बरामद की गई है। मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवानों को मामूली चोट पहुंची है। जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने संभावना व्यक्त की है कि इस मुठभेड़ में और भी कई नक्सली मारे गये हैं अथवा घायल हुए हैं।

> नक्सलियों की शिनाख्त कर रही है पुलिस



### देर रात तक सिविल लाइन थाने में चलता रहा हंगामा

## विवादित पोस्टर चिपकाते एनएसयूआई कार्यकर्ता गिरफ्तार





जबलपुर।

कांग्रेस की छात्र ईकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी किए गए पोस्टरों को लेकर जबलपुर में विवाद पैदा हो गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाले पोस्टर को लेकर पुलिस ने एनएसयूआई के दो प्रमुख कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थाना सिविल लाइन के बाहर जमकर हंगामा किया।

यह विवाद शनिवार की शाम करीब 8 बजे शुरू हुआ और रात 3 बजे तक जारी रहा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और अधिवक्ता एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों की बड़ी संख्या सिविल लाइन थाना परिसर में इकट्ठा हो गई। जब पुलिस ने गिरफ्तार किए गए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को छोड़ने से इनकार किया, तो कांग्रेस नेताओं ने धरने पर बैठकर विरोध जताया।

घटना की शुरुआत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन की शिकायत से हुई, जिसमें बताया गया कि कुछ युवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में आरएसएस विरोधी पोस्टर चस्पा किए थे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें एनएसयूआई के पदाधिकारी अमित मिश्रा, नीलेश महार और अन्य कार्यकर्ताओं की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कदम उठाए और क्राइम ब्रांच को सक्रिय किया।शनिवार शाम को गिरफ्तार किए गए दोनों एनएसयूआई पदाधिकारी, जिनमें से एक अधिवक्ता भी हैं, को सिविल लाइन थाना लाया गया। गिरफ्तारी की सूचना जैसे ही कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं तक पहुंची, उन्होंने थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया भी रात 1 बजे के आसपास सिविल लाइन थाना पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से मामले को लेकर लंबी बातचीत की, लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला, तो कांग्रेस नेता धरने पर बैठ गए।यह हंगामा तब समाप्त हुआ जब पुलिस ने रात 3 बजे गिरफ्तार किए गए दोनों पदाधिकारियों को जमानत पर छोड़ दिया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जिस तत्परता से सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराए, अगर उसी तत्परता के साथ महिला के साथ कथित अशोभनीय हरकतों के मामले में सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए जाते तो आरोपी जेल में होते।



## धीरे धीरे गर्मी की ओर बढ़ रहा मौसम

**दिन और रात का पारा सामान्य से उपर**

जबलपुर।

अब धीरे-धीरे रात का पारा भी बढ़ने लगा है। पिछले दो दिनों के मुकाबले रात का पारा जो औसत से 3 पायदान उपर चढ़ गया। इसी तरह दिन का पारा भी उपर चल रहा है। धूप तेज हो रही है, अब सर्दी सुबह और रात की बची है।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पारा उपर चढ़ रहा है, फिलहाल मौसम शुष्क है। यदि आने वाले दिनों में मावठे की बारिश हुई तो ही ठण्ड लौटेगी, वरना धीरे-धीरे मौसम गर्मी की ओर बढ़ेगा। फिलहाल उत्तरी हवाओं के कारण तापमान ज्यादा उछाल नहीं ले पा रहा है, लेकिन दिन में तेज धूप हो रही है और हवा में नमी घटती जा रही है, जिससे दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक दिन में दिन में तेज धूप वातावरण में गर्माहट बढ़ा रही हैं। रात में जरूर उत्तरी हवाएं ठंडक बना देती हैं। स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े से जबलपुर में मौसम शुष्क बना हुआ है। दिन प्रतिदिन हवा में नमीं घटने और तापमान बढ़ने से गर्मी का वातावरण बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 84 प्रतिशत और सायंकाल 51 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6 बजकर 49 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 5 बजकर 59 मिनिट पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाएं 2 से 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## अधिकारी कर्मचारी मोर्चा 51 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यालय में धरना देगा

**जबलपुर।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सतीश शर्मा और सुभाष शर्मा महामंत्री ने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक रुख नहीं अपनाती है तो मजबूरीवश 7 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय पर कर्मचारी संगठन प्रदर्शन करेंगे और ज्ञापन देकर सरकार और प्रशासन को 51 सूत्रीय मांगों से अवगत कराकर निराकरण का आग्रह करेंगे। अगर सरकार ने इसके बाद भी कोई फैसला नहीं लिया तो 16 फरवरी को भोपाल के अंबेडकर जयंती पार्क में प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इस अवसर पर अतुल मिश्रा, एच. पी. उरमलिया , आर पी खनाल, रत्नेश मिश्रा, रजनीश पटेल, प्रवीण सोनी, मूलचंद चौधरी, यूनूस खान, राजीव मिश्रा एस के प्रधान, अजय दुबे, अय्यर, सुनील पटेल, नितिन अग्रवाल, उमाचरण झारिया, राजकुमार यादव आदि मौजूद थे ।




**मालखाना से लेकर हवालात तक देखा, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**

## कप्तान ने लिया ओमती थाना का जायजा

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय शनिवार को अचानक ओमती पुलिस थाना पहुंचे। मालखाना से लेकर हवालात का निरीक्षण किया। मालखाना में जब्त माल माल की जानकारी ली। आम्र्स एम्यूनेशन, राइट ड्रिल सामग्री का रखरखाव देखा। थाना में अपराध पंजीयन का विवरण पूछा। फिर थाना में सेधारित किए जाने वाले रजिस्टारों के पेज को एक-एक करके पलटना शुरू कर दिया। इस दौरान रजिस्टर के लेख में मिली कुछ कमियों को इंगित करते हुए, उनके शीघ्र निराकरण एवं निर्धारित समय पर पंजी पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण के लिए थाना स्तर पर की जा रही कार्यवाही को लेकर सीएसपी कोतवाली रीतेश कुमार शिव एवं टीआई राजपाल सिह बघेल से चर्चा की।



थाने में पहुंचते ही कप्तान उपाध्याय ने जवानों का टर्न आउट देखा। बेहतर टर्नआउट वाले जवानों की पीठ थमथपाई। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र में सक्रिय गुंडा बदमाश पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। चाकूबाजों पर निगरानी बढ़ाने कहा। गंभीर मामलो में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी और आदतन अपराधियों की गुंडा फाइल बनाने आदेशित किया। संवेदनशील क्षेत्रों में सघन गश्त और पीड़ितों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण समाधान करने कहा है। इस दौरान थाना में कर्मचारियों से बातचीत में पुलिस अधिकारियों उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उसके निराकरण के उपाय सुनिश्चित करने के प्रयास किए।

## नर्मदा तट से पूजन सामग्री दुकानें हटाने का विरोध

### महिलाएं सड़कों पर उतरीं, प्रदर्शन और नारेबाजी

जबलपुर।

नर्मदा प्रकटोत्सव के दौरान नर्मदा के घाट किनारे प्रसाद और अन्य दुकानें नहीं लगेंगी। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखसे दुकानें हटाई जा रही हैं। इस दौरान रविवार को विवाद की स्थिति बन गई। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क पर उतर आईं और धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उनका कहना था कि हर साल वे दुकानें घाट के किनारे लगाती हैं, इस साल भी नर्मदा प्रकटोत्सव के लिये सामग्री का स्टॉक किया था, अब प्रशासन उन्हें बिना कोई सूचना दिये अचानक घाट से एक किलोमीटर दूर ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन पर शिफ्ट कर रहा है, जिससे उनका भारी नुकसान होगा।



व्यापारियों के साथ महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुईं, और बैरिकेड्स पार करने की कोशिश की, जिससे हाथापाई की स्थिति बन गई।

पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और स्थिति को शांत किया। अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श कर समाधान निकाला जाएगा। दो घंटे के प्रदर्शन के बाद दुकानदारों ने रास्ता खोल दिया और श्रद्धालु नर्मदा तट तक पहुंच सके।

एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि गौरी घाट पर अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है और दुकानदारों को पुराने रेलवे स्टेशन के पास दुकान लगाने के लिए टोकन दिए जा रहे हैं। हालांकि कई दुकानदारों ने वहां दुकान लगाने से इंकार कर दिया है।

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 256 अर्घ समर्पित किए

**जबलपुर।** स्वर्ण मंदिर लार्डगंज में चल रहे सिध्द चक्र महामंडल विधान में रविवार को भक्तों ने श्रीजी को 256 अर्घ समर्पित किये। निर्यापक श्रवण संभव सागर जी महाराज ने 6 और 7 फरवरी को होने वाले आचार्य भगवन विद्या सागर महाराज का प्रथम समाधि दिवस के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया 6 फरवरी को प्रातः कालीन बेला में सुबह 6 बजे स्वर्ण मंदिर लॉर्डगंज से गुरु चरण वंदन पद यात्रा दयोदय तीर्थ तिलवारा के लिए प्रारंभ होगी। जहां आचार्य विद्यासागर जी के चरण चिन्ह स्थापित होंगे। जिसके बाद 7 फरवरी को आचार्य श्री के गुणानुवाद के रूप में आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन 1008 मंडल के साथ प्रथम बार जबलपुर में होगा। तदोपरांत संभव सागर जी मंगल प्रवचन होंगे। संभव सागर महाराज ने कहा कि आचार्य श्री ने जबलपुर को बहुत कुछ दिया है।

## हमें प्रकृति के संदेश को आत्मसात करना चाहिए : मंत्री राकेश सिंह

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मानस भवन में अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित बसंत उत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बसंत उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत ऋतु का आना ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है। प्रकृति का हर परिवर्तन नए रूप में होता है, वही सकारात्मक ऊर्जा भी साथ में लाती है। हमें प्रकृति के संदेश को आत्मसात करना चाहिए। समाज में एक सकारात्मक बदलाव आना चाहिए और समाज के भीतर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ओपीनियन मेकर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अधिवक्ता समाज के संभ्रांत लोग होते हैं, जो राय देने व राय बनाने का काम करते हैं। वकील समाज में ओपीनियन मेकर की भूमिका में होते हैं। कार्यक्रम का शुभांरभ सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुआ, इस दौरान प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के साथ जीएस ठाकुर, अभय सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## नए सत्र में नियमों को सख्ती से लागू करने की तैयारी

**शहरी शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्तो में पदस्थापना**

जबलपुर।

मध्य प्रदेश में शहरी क्षेत्रों को अपनी पसंद मानकर वर्षों से एक ही स्थान पर समय से सेवाएं दे रहे सरकारी स्कूल के शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में पद स्थापना के लिए विभागीय तैयारियां 2 महीने में शुरू होगी। इन अतिशेष शिक्षकों के लिए नए शैक्षणिक सत्र में पद स्थापना के लिए तैयार रहना है।

स्कूल शिक्षा विभाग में गत वर्ष अतिशेष एवं उच्च पद प्रभार को लेकर शिक्षकों की तैनाती का प्रावधान किया था, प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन अलग-अलग उलझन के चलते यह पूरी नहीं हो पाई। वर्ष 2024 में अतिशेष शिक्षकों की संख्या 21944 बताई गई थी। जिन्हें तीन अलग-अलग कैटेगरी में शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में पदस्थापना की जानी थी लेकिन इसमें 16000 के शिक्षकों की पदस्थापना हो पाई, यह प्रक्रिया अक्टूबर तक जारी रही, इसके बाद कुछ शिक्षक न्यायालय, एवं राजनीतिक दबाव प्रभाव के चलते पद स्थापना का मामला अटक गया था। अब एक बार फिर मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पूरे प्रदेश के लिए निर्देश जारी हुए हैं कि शहरी क्षेत्र में लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थापन करनी है, इसके लिए नए शैक्षणिक सत्र अप्रैल 2025 में अतिशेष शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में भेजा जाएगा।

## नर्मदा प्राकट्योत्सवः वाहनों की पार्किंग तथा भंडारों, फूल एवं पूजन सामग्री की दुकानों के लिए स्थान चिन्हित

### वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू, रामपुर चौक से बादशाह हलवाई मंदिर पोलीपाथर होते हुए गौरीघाट की ओर जा सकेंगे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन

जबलपुर।

नर्मदा प्राकट्योत्सव पर 4 फरवरी को गौरीघाट में बड़ी संख्या में मां नर्मदा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में दुपहिया, चार पहिया वाहनों के आवागमन, पार्किंग, भंडारा एवं अस्थाई फूल माला और प्रसाद विक्रय की दुकानों के लिए स्थान चिन्हित किये गये हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस दिन सुगम यातायात के मद्देनजर वन-वे ट्रैफिक की व्यवस्था भी लागू की गई है।

मेला अधिकारी एवं एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के अनुसार नर्मदा प्राकट्योत्सव पर चार पहिया एवं दोपहिया वाहन रामपुर चौक से बादशाह हलवाई मंदिर पोलीपाथर होते हुए गौरीघाट की ओर आ सकते है। जबकि तिलहरी-महौली से गौरीघाट की ओर जाने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। रामपुर चौक बादशाह हलवाई मंदिर से पोलीपाथर होकर गौरीघाट की ओर आने वाले वाहनों हेतु रेतनाका से मार्ग डायवर्ट किया जाकर अवधपुरी होते हुए आयुर्वेदिक कॉलेज ग्राउंड एवं गीताधाम के सामने ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

श्री सिंह ने बताया कि आमजन मां नर्मदा के दर्शन के बाद आयुर्वेदिक कॉलेज से मटौली तिलहरी होते हुए शहर की और वापस जा सकते है। प्रशासन द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगओं के लिए रेतनाका आयुर्वेदिक कॉलेज मैदान की पार्किंग एवं नावघाट में निःशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। एसडीएम गोरखपुर के मुताबिक फूलमाला, पूजन सामग्री एवं प्रसाद विक्रय जैसी सभी छोटी अस्थाई दुकानों को झंडा चौक से लेकर घाटों तक लगाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। ये सभी दुकानें आयुर्वेद कॉलेज खेल मैदान के सामने, रामलला मंदिर के सामने से पुरानी छोटी लाइन वाले मार्ग पुराना गौरीघाट स्टेशन तक लगायी जा सकेंगी। दुकानों की जगह चिन्हित कर दुकान क्रमांक आवंटन का कार्य नगर निगम द्वारा किया जायेगा। इसी प्रकार नर्मदा प्राकट्योत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए रामपुर तिराहे से गौरीघाट तक रोड़ में लगने वाले भंडारों के लिए झंडा चौक के सामने पुरानी छोटी लाइन से गौरीघाट स्टेशन रोड़ एवं आयुर्वेदिक कॉलेज खेल मैदान की दीवार के किनारे जगह आरक्षित की गई है। भंडारों के लिए चिन्हित स्थल का आवंटन नगर निगम जबलपुर द्वारा किया जाएगा। मेला अधिकारी एवं एसडीएम गोरखपुर ने बताया कि जिला दंडाधिकारी द्वारा 31 जनवरी को जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत मेला स्थल पर लाउड स्पीकर एवं डीजे के उपयोग पर पूर्णतः रोक रहेगी। कंट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था आदि अन्य स्थलों पर एनाउंसमेंट आदि के लिए पीए सिस्टम का उपयोग केवल प्रशासन द्वारा ही किया जा सकेगा।

## मुआवजा राशि का चैक कमिश्नर लेबर कोर्ट को भेजा

**ओएफके विस्फोट काण्डः जीएम ने पत्र द्वारा दी जानकारी**

**जबलपुर।** 22 अक्टूबर 2024 को ओएफके में हुए विस्फोट में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को मुआवजा राशि की गणना वर्तमान दर पर कर राशि का चैक कमिश्नर लेबर कोर्ट को भेजा है. मुआवजा राशि के आंकलन में गुण में संशोधन के लिये उसे डिफेंस फील्ड यूनिट को भेजा हे. पब्लिक लायबिलिटी इंशुरेंस एक्ट तथा पर्यावरण राहत निधि के तहत निर्माणी में हुई दुर्घटना में मुआवजा नहीं दिया जा सकता है। यह जानकारी है अविनाश शंकर कार्यप्रबंधक ओएफके ने मुख्य महाप्रबंधक की ओर से डॉ पीजी नाजपांडे को 28 जनवरी 2025 को पत्र भेजकर प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि नागरिक उपभोक्ता मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, महिला समिति आदि ने मांग की थी 101 साल पुराने कानून के आधार पर मुआवजा न देकर उसे वर्तमान के आर्थिक परिस्थितियों के अधार पर दिया जाए, तदानुसार आंकलन में संशोधन किया जाए।

डिफेंस फैक्ट्रियों में विस्फोटक पदार्थों के साथ कार्य होता है, अतः पब्लिक लायबिलिटी इंशुरेंस एक्ट तथा पर्यावरण राहत फण्ड के तहत भी मुआवजा मिलना चाहिये।

डॉ पीजी नाजपांडे, टीके रायघटक, डीके सिंग, संतोष श्रीवास्तव, सुभाष च्रंदा, केसी सोनी, सुशीला कनौजिया, वेद प्रकाश अधौलिया ब्रजेश साहू, डीआर लखेरा, आदि ने डिफेंस फील्ड यूनिट जबलपुर को जल्द से जल्द निर्णय लेने का निवेदन किया है. तदानुसार दोबारा महाप्रबंधक ओएफके को पत्र भेजा है।

## चार फरवरी को करेंगे विधायक कार्यालय का घेराव

# सिहोरा जिला न बनने से आक्रोशित सिहोरावासी

हरिभूमि सिहोरा।

विधानसभा चुनाव के पूर्व दो वर्ष का लंबा आंदोलन,चुनाव के पूर्व स्टार प्रचारकों से जिला बनाने के सार्वजनिक वादे और अब विधायक सांसद से लगातार मिल रहे कोरे आश्वासनों से नाराज लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अब आंदोलन का ऐलान कर दिया है।आगामी चार फरवरी को सिहोरा विधायक कार्यालय के घेराव से इस आंदोलन की जंगी शुरुआत की जाएगी।

### विधायक बरकड़े के कोरे वादे

विधानसभा चुनाव के पूर्व खुलकर सिहोरा को जिला बनाने की वकालत करने वाले सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े अपने विधायक कार्यकाल के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी धरातल पर जिले के लिए कुछ करते दिखाई नहीं दे रहे है।सितंबर 2024 से वे लगातार सिहोरा जिला मुद्दे पर सिहोरा वासियों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने का वचन दे रहे है पर पांच माह में वे ऐसा कुछ न कर सके।सांसद आशीष दुबे भी सिहोरा विधायक के साथ मुख्यमंत्री से मिलने का आश्वासन लगातार देते जा रहे है।दोनो जिम्मेदार नेताओ के कभी पूरे न होने वाले कोरे आश्वासनों से अब सिहोरा वासी परेशान हो चुके है।

### सर्वदलीय से कांग्रेस ने बनाई दूरी

सारे राजनैतिक दलों को एक मंच में लाने में सफल रही लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति की बैठक विगत दिवस बाबाताल मंदिर में संपन्न हुई,जिसमे सर्वदलीय आंदोलन




समिति के मुख्य घटक कांग्रेस पार्टी ने यह कहकर बैठक से अपनी दूरी बनाई कि दल दल की राजनीति से परे जाकर कांग्रेस ने सिहोरा हित में एक मंच पर आने का निर्णय लिया था पर सिहोरा विधायक और जबलपुर सांसद के लगातार टाल मटोल करने से अब वे अपना विश्वास खो चुके है।

### सड़क का संघर्ष ही एकमात्र रास्ता

सिहोरा जिला मुद्दे पर विधायक सांसद के सिर्फ कोरे आश्वासनों से समय गुजरते देख लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अब आम जनता के साथ सड़क के संघर्ष का ऐलान कर दिया है।चार फरवरी को विधायक कार्यालय के घेराव के साथ ही जिला बनने तक निरंतर चलने वाले आंदोलन की शुरुआत की जावेगी।

### ऐसे मिलते रहे कोरे आश्वासन

दिनांक 08.09.2023 को प्रह्लाद पटेल ने सिहोरा जिला का समर्थन भाजपा की विकास यात्रा में किया।

दिनांक 08.11.2023 को भाजपा प्रत्याशी रहे वर्तमान विधायक संतोष बरकड़े ने उन्हें जिताने पर सिहोरा जिला बनवाने का वादा किया।

दिनांक 15.11.2023 को स्मृति ईरानी ने भाजपा को जिताने पर सिहोरा जिला के लिए खुद आगे आने का वचन दे भाजपा के लिए वोट मांगा।

दिनांक 16.11.2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा को जिताने पर सिहोरा जिला बनाने का वादा किया।

दिनांक 01.09.2024 को विधायक संतोष बरकड़े ने तीन दिवस के अंदर सिहोरा वासियों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने का वादा किया।

दिनांक 06.11.2024 को सांसद आशीष दुबे ने सिहोरा जिला मुद्दे का समर्थन करते हुए विधायक बरकड़े के साथ मुख्यमंत्री से बात करने का वचन दिया।

समिति के विकास दुबे, कृष्णकुमार कुररिया,अनिल जैन,मानस तिवारी,सुशील जैन,अमित बक्शी,रामजी शुक्ला,आशीष भार्गव,नितेश खरया,नंद कुमार परौहा,नवीन शुक्ला,सुशील काछी,प्रदीप दुबे,राजभान मिश्रा,,संतोष पांडे,राजेश कुररिया आदि ने सभी सिहोरा वासियों से चार फरवरी दोपहर दो बजे बस स्टेंड सिहोरा पहुंचने का आह्वान किया है।



# सीएम राइस स्कूल में लगा कैरियर मेला

**पाटन।** सीएम राइस स्कूल में करियर मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। कैरियर मेले कक्षा 10वीं ओर 12 वीं के छात्रों सहभागिता करी और स्कूल के समस्त स्टाफ ने सम्पूर्ण योगदान किया। इस मेले में जबलपुर से आए मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम कॉलेज जबलपुर और मंगलयातन यूनिवर्सिटी जबलपुर से श्री अलंकृत पाठक अमित दुबे और वेद प्रकाश चौबे शामिल हुए और स्कूल के प्राचार्य श्री अनुज कुमार सेन और कैरियर मेले की प्रभारी श्रीमती सुलेखा पाल एवं श्री रीतेश कुमार पाल और शाला के सभी शिक्षकगण मेले में उपस्थित रहे सभी विषय विशेषज्ञओ ने छात्रों का मार्गदर्शन किया तथा बच्चों को आई टी,कॉमर्स, कृषि फॉर्म, नर्सिंग, संगीत, फाइन आर्ट ,व्यवसायिक शिक्षा, विज्ञान ,कला, इत्यादि विषयों में करियर बनाने की जानकारी दी तथा बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। यूनिसेफ के करियर ऑप्शन कार्ड छात्रों को दिखाए गए। और केरियर पोर्टल की जानकारी दी गई।

## श्रीमद् भागवत कथा महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ आज से



**मझौली।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री भगवान विष्णु वाराह मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 3 फरवरी दिन सोमवार से किया जा रहा है जिसमें कथावाचक बाल विदुषी सुश्री अनुष्का पाठक उम्र 8 वर्ष के द्वारा अपने मुखारविंद से कथा का वाचन क्रिया जाएगा। यह नृत्य प्रतिदिन दोपहर बाद 2 बजे से 6 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। 3 फरवरी को कलश यात्रा, 6 फरवरी को कृष्णा जन्म, 8 फरवरी को रुक्मणी विवाह, 9 फरवरी को सुदामा चरित्र, 10 फरवरी को कन्याभोजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस कथा का आयोजन महिला मंडल मझौली के द्वारा किया जा रहा है।



# छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

**जबलपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, गोकलपुर में कक्षा 11 वीं की छात्राओं ने कक्षा 12 वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। शाला की संकुल प्राचार्या श्रीमती रुक्मणी कनोजिया जी ने छात्राओं को आशीर्वचन दिये, उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विविधता रही। अनेक मजेदार गेम्स हुए जिनमें गुरुजनों एवं छात्राओं ने भाग लिया। डांस -गीत इत्यादि की जोरदार प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर दिलीप सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रा व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ में मां सरस्वती पूजन आज

**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में बसंत पंचमी के पावन पर्व में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन,कलम से सहस्त्रार्चन,पीत पुष्पों से सहस्त्रार्चन वैदिक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज के सन्निध्य में किया जाएगा।जो दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होगा। ठाकुर राजदीप सिंह, संतोष यादव, मनोज सेन आदि ने उपस्थित की अपील की है।

# गौ सेवा में समर्पित विद्या सागर सेवा आश्रम समिति को सरकार से सहयोग की दरकार

**सिहोरा।** आवारा और सड़क दुर्घटना से घायल गौ वंश की सेवा को लगातार समर्पित विद्या सागर सेवा आश्रम समिति गोसलपुर को गौ जीवन के जन्म से मृत्यु तक के कार्य को विधिवत करने हेतु सरकार से सहयोग की दरकार है।इस हेतु समिति ने सिहोरा विधायक को छै माह पूर्व पत्र भी दिया था जिसपर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### अंतिम संस्कार हेतु स्थान नही

समिति के अध्यक्ष शैलेश जैन ने बताया कि हमारी समिति गौ वंश की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।सभी गौ वंश को रहने के लिए पर्याप्त स्थान,भोजन के लिए पर्याप्त भूंसा और घायल तथा बीमार पशुओं के अच्छे इलाज की व्यवस्था गोसलपुर आश्रम में उपलब्ध है।पर पशुओं के मृत होने पर उनके अंतिम संस्कार में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।समिति द्वारा जुलाई 2024 को सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े को पत्र सौंप इस हेतु शासकीय जमीन उपलब्ध कराने का निवेदन किया गया था।जिसपर कोई भी कार्यवाही की जानकारी समिति को नहीं दी गई।

### मुख्य मार्ग से सड़क भी नही

समिति के सचिव सुनील जैन,कार्यकारी अध्यक्ष अनिल जैन,उपाध्यक्ष विमल जैन, डॉ.सुनील दियोरिया(कोषाध्यक्ष),संदीप जैन,अमित जैन आदि ने बताया कि मुख्य मार्ग से सम्मेदगिरी मंदिर तक जाने हेतु मार्ग भी नही है।समिति ने सिहोरा विधायक से कांक्रीट सड़क निर्माण कराने का पत्र भी सौंपा है।इससे सांसद व विधायक द्वारा पानी की व्यवस्था हेतु एक बोरवेल कराने का आश्वासन भी आज तक पूरा नहीं हो पाया है।

## बसंत पंचमी पर होंगे अनेक कार्यक्रम

# ऋतुराज बसंत का आगमन आज

**जबलपुर।** शुक्ल पक्ष की पंचमी को आज 3 फरवरी सोमवार को ऋतुराज वसंत का आगमन हो रहा है। बसंत पंचमी का पर्व 3 फरवरी सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। बसंत पंचमी शुभ कार्यों के लिए भी शुभ मुहूर्त के रूप में जानी जाती है। ग्रह प्रवेश, कर्ण क्षेदन, नामकरण संस्कार, नए प्रतिष्ठानों के शुभारंभ इस दिन करना और नई वस्तुओं स्वर्ण आभूषणों की खरीदी को भी शुभ माना जाता है। बसंत पंचमी पर विवाह के शुभ मुहूर्त भी होते हें, लिहाजा आज विवाह समारोहों की धूम रहेगी। बसंत पंचमी पर विद्या की देवी ज्ञान की प्रदाता मां सरस्वती की पूजा अर्चना भी की जाती है। बसंत पंचमी पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। शालाओं में सरस्वती पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

ऐसी मान्यता है कि बसंत पंचमी से मौसम बदल जाता है। जीवन में नई आशा और उल्लास का संचार होता है। गुलाबी ठंड वातावरण को खुशनुमा बना देती हैं। बसंत पंचमी को ही ऋतुराज कहा जाता है। ठंड में ओस की बूंदों से हरियाए पेड़ पौधों को ऋतुराज बसंत का संरक्षण मिलने से नई आम, पीपल, पलास के पेड़ों में नई बौर आ जाती है। बसंत पंचमी के दिन शालाओं में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है। बसंत पंचमी पर नगर की शालाओं के साथ-साथ बंगाली क्लब और विभिन्न संगठनों द्वारा सरस्वती पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

### मिलन का सरस्वती पूजन आज

मिलन का 52वां सरस्वती पूजन समारोह ओमनगर (अमखेरा रोड) स्थित मूर्तिकार प्रहलाद की शिल्पकला में 3 फरवरी दिन सोमवार संध्या 6 बजे आयोजित है। समारोह की अध्यक्षता प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरी एवं मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ। हरिशंकर दुबे रहेंगे।

### शीतलामाई मंदिर में कार्यक्रम

शीतलामाई वार्ड स्थित 150 वर्ष पुराने मां शीतलामाई मंदिर का स्थापना दिवस आज 3 फरवरी सोमवार को मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष रमाकांत रावत ने बताया कि सुबह 4 बजे दूध दही घी शक्कर और नीम की पत्ती से माता का अभिषेक किया जाएगा। दोपहर 2 बजे हवन पूजन होगा और शाम 7 बजे महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। रात्री 8 बजे से भजनों का कार्यक्रम होगा। उपस्थिति की अपील कल्लन गुप्ता, अजय अग्रहरी, शीतला प्रसाद तिवारी, प्रेमसुख प्रजापति आदि ने की है।

### महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस

लार्ड गंज थाने के पीछे कछियाना चौराहे पर स्थित जय माता महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस आज मनाया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से भंडारा होगा और रात 8 बजे से महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक लखन घनघोरिया उपस्थित होंगे। आयोजक मनोज नामदेव, मयंक रजक, रत्नेस अग्रवाल, पवन जायसवाल आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

### जल जंगल जमीन के लिये आदिवासी करेंगे संघर्ष

**जबलपुर।** जल जंगल और जमीन के लिए भारतीय सर्व जनजाति सेना ने संघर्ष करने का ऐलान किया है। जनजागरण के लिये वृहद स्तर पर सदस्यता चलाया जा रहा है। जिसमें जबलपुर जिले और आसपास, तहसीलों ,जिला पंचायत, जनपद पंचायतों में रहने वाले आदिवासी सामाजिक संस्था और अपने आदिवासी समाज के लोगों को विशेष रूप से संगठन में शामिल करने अभियान शुरू कर दिया गया है।
भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार कुलस्ते ने बताया कि आज जहां भी देखो सिर्फ आदिवासियों को ही निशाना बनाया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार कुलस्ते के साथ शैलेश सिंह,राजेश, डी, के बरक्डे, विनोद कोल, धर्मेंद्र कोल, धनराज सिंह पोसाम, बबलू, रवि मरकाम आदि उपस्थित रहे।

# मुक्तिधाम में व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**सिहोरा।** खितौला में हिरन नदी मुक्तिधाम में व्यवस्था के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को चिट्ठी लिखकर मुक्तिधाम में अनेक सुविधाओ की मांग की है। अपने पत्र में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमलाल यादव और उनके साथियों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि सिहोरा नगरीय क्षेत्र के 18 वार्डो में सात वार्ड खितौला अंतर्गत आते है।इन वार्डो में निवासरत व्यक्ति की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार वर्षो से हिरन नदी घाट पर ही होता रहा है।परंतु इस मुक्तिधाम में लकड़ी और अस्थियों के रखने हेतु लॉकर की व्यवस्था नही है।सामाजिक कार्यकर्ताओं राजेश पटेल,मोनू ठाकुर,राधाबाई, गोलू बर्मन,गोरेलाल,बिहारी पटेल,मनोज यादव,तीरथ पटेल,सुशील चौबे,राजा पांडे,प्रमोद पांडे आदि ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और सिहोरा विधायक से इस विषय में ध्यान देने की मांग की है।

## ढाबा में खप रही थी घरेलू रसोई गैस

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने कल पेट्रोलिंग के दौरान एक ढाबा में दबिशदेकर घरेलू गैस सिलेण्डर से खाना बनाते हुए देखा। पुलिस ने देखा कि ढाबा में घरेलू गैस सिलेण्डर का असुरक्षित इस्तेमाल हो रहा है। पूछताछ के दौरान पता चला कि ढाबा संचालक के पास ढाबा में घरेलू गैस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी। पुलिस ने मौके से आधा भरा इण्डेन कंपनी का गैस सिलेण्डर, गैस चूल्हा जब्त किया। आरोपी ढाबा संचालक के खिलाफ २८७ बीएनएस तथा *०७ ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि कल शाम पुलिस गश्त के दौरान पुलिस ने सतनाढाबा में चैक किया तो ढाबा संचालक शिवम पटेल असुरक्षित रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर से ढाबे में भोजन बनाते हए दिखा। आरोपी ढाबा संचालक शिवम पटेल के पास से एक इण्डेन कंपनी कागैस सिलेण्डर, दो बर्नर, गैस चूल्हा, गैस पाईप, रिग्युलेटर जब्त किया गया।

## क्राइम वॉच

# असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

**जबलपुर।** जिला पुलिस द्वारा पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 7 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी।एन।एस।एस। (110 जा।फौ।) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 78 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी।एन।एस।एस (107/116 जा।फौ।) के तहत, एवं 5 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी।एन।एस।एस (151 जा।फौ।) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 8 ईगैरम्यादी, 5 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 15 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 67 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 5 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 16 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया जुआडियो एवं सटोरियो के कब्जे से 4 हजार 795 रूपये जप्त किये गये।

## 7 आदतन अपराधी, 59 वारंटियों की धड़पकड़

पुलिस अवैध कारोबारियों आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर लगातार शिकंजा कस रही है। गत चौबीस घंटों के दौरान पुलिस ने 7 आदतन अपराधियों, जबरन वाद-विवाद करने वाले 63 लोगों पर कार्यवाही की है। इस दौरान पुलिस ने 8 गैर मियादी व 59 मियादी वारंटियों की धड़पकड़ की। इसके अलावा अवैध शराब के 11 सौदागरों पर 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर उनसे 415 पाव देशी शराब व 14 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने हथियारों के अवैध सौदागरों पर भी शिकंजा कसा। पिछले 24 घंटों के दौरान शहर में अवैध हथियारों को बेचने वालों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर उनके कब्जे से 6 चाकू जब्त किये गये। इसी तरह 7 जुआडिय़ों को जुआं खेलते तथा दो सटोरियों को सटटा पटटी लिखते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 35 हजार 350 रूपए जब्त किये गए हैं। यहाँ उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने जुआं, सटटा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ तथा अवैधकारोबार करने वालों परप्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

# पार्टी देने से मना किया तो मार दिया चाकू



रांझी थाना अंतर्गत चाकूबाजी की एक वारदात में युवक घायल हो गया। बताया गया है कि युवक अपने दोस्त के साथ घूमने गया था, वहीं क्षेत्र में रहने वाले अपराधिक प्रवृत्ति के आरोपी ने उससे पार्टी की मांग की मना करने पर उसने चाकू से हमला कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानेगांव निवासी मयंक सूर्यवंशी अपने दोस्त के साथ संेट ग्रेबियल स्कूल के पास घूमने गया था। उसी दौरान वहां क्षेत्र में रहने वाला राज बेन आया और मयंक से पार्टी देने या 500 रुपए देने की मांग करने लगा। इंकार करने पर राज ने अपने जेब से चाकू निकाला और मयंक की जांघ, हाथ, पैर में मार दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर दिया है।

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

थाना पनागर अंतर्गत बम्हनौदा रोड पर एक मोटर सायकल की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गये। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रांझी निवासी मोहित गौड़ अपनी मालकिन हेमलता को स्कूटी में लेकर मझौली गया था। वहां से लौटते समय शाम सात बजे बम्हनौदा रोड़ एन एच 30 पनागर के बीच मोटर सायकल क्रमांक एमपी 49 एम जी 4438 के चालक ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार और हेमलता दोनो घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।




**श्री राजपाल सचदेवा-** रसल चौक के निकट निवासी श्री राजपाल सचदेवा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पद्ममिनी अम्मा-** प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री वीवीएस नायर की धर्मपत्नी श्रीमती पद्ममिनी अम्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश रजक-** नारायण चौक लालमाटी निवासी श्री रजक रजक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती पटेल-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री रामसिया पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती पटेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरेंद्र चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री रमेश चौधरी के पुत्र श्री वीरेंद्र चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश सिंह-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री गनेश सिंह (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष बंशकार-** शीतलामाई निवासी श्री जगदीश बंशकार के पुत्र श्री मनीष बंशकार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भूपत सिंह ठाकुर-** लमती करमेता निवासी श्री भूपत सिंह ठाकुर (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कांति कुमारी राय-** सैनिक सोसायटी डुमना तिराहा निवासी श्री सच्चिदानंद राय की धर्मपत्नी श्रीमती कांति कुमारी राय (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री एमवी कृष्णन नायर-** दत्त चड्डा एनक्लेव साउथ सिविल लाइन निवासी श्री एमवी कृष्णन नायर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छेदी लाल लडिय़ा-** नई बस्ती ग्वारीघाट निवासी श्री छेदी लाल लडिय़ा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# अब मिडिल क्लास को मिलेगी एक और बड़ी राहत? 7 फरवरी को ऐलान संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट 2025 में टैक्स राहत के एलानों के बाद अब मिडिल क्लास की निगाहें 7 फरवरी पर टिकी हैं। शेयर बाजार का भी अगला ट्रिगर काफी हद तक इसी पर निर्भर है। दरअसल, शेयर बाजार और मिडिल क्लास का अगला फोकस भारतीय रिजर्व बैंक की आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी (एमपीसी) की बैठक पर है, जो कि 5-7 को होने जा रही है।

■ उम्मीद है कि बैठक में आरबीआई 0.25 से 0.50 तक रेपो रेट कम कर सकती है

बजट के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है पॉलिसी इंटरेस्ट रेट पर फैसला लेगी। आरबीआई की यह बैठक वित्त वर्ष 2024 की आखिरी बैठक होगी। केंद्रीय बजट 2024 में टैक्स में छूट करके देश के एक बड़े वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में 12 लाख रुपए तक की आय को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है।

### आरबीआई के मॉनेटरी पॉलिसी की बैठक 5 से 7 फरवरी को होने जा रही

#### ईएमआई का बोझ कम होगा

दिसंबर में मुद्रास्फीति के आंकड़ों को देखते हुए भी ये अनुमान है कि फरवरी पॉलिसी में रेट कटौती का ऐलान संभव है। उम्मीद जताई जा रही है कि आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती से उधारी लेने की लागत कम होगी, जिससे मिडिल क्लास पर ईएमआई का बोझ कम होगा। कई एनालिस्ट की मानें तो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति के उभरते रुझानों को देखते हुए केंद्रीय बैंक 7 फरवरी को 25 बीपीएस दर में कटौती का फैसला ले सकता है। अगर यह ऐलान होता है तो पिछले चार सालों में पहली कटौती होगी।




#### रेपो दर में 25 अंकों की कटौती संभव

एलारा सिक्योरिटीज की अर्थशास्त्री गरिमा कपूर को उम्मीद है कि एमपीसी फरवरी में नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करेगी। आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा हैं। उन्होंने 9 दिसंबर, 2024 को शक्तिकांत दास की जगह ली थी। ऐसे में संजय मल्होत्रा की यह पहली पॉलिसी मीटिंग है।

#### मुद्रास्फीति चार फीसदी आने की उम्मीद

आर्थिक सर्वेक्षण 2025 में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद मुद्रास्फीति धीरे-धीरे 4 प्रतिशत के निशान पर आ जाएगी। यह आर्थिक विकास के स्थिर रहने की भी उम्मीद करता है, लेकिन विकास को अपनी गति बनाए रखने में सरकारी एजेंसियों के महत्व को रेखांकित करता है। विकास और मुद्रास्फीति के आंकड़े दोनों मौद्रिक स्थितियों को आसान बनाने की आवश्यकता की ओर इशारा करते हैं।

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह तेल और तिलहन के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** आम बजट में तिलहन उत्पादन की निराशाजनक स्थिति पर सरकार द्वारा चिंता जताने और चीजों को बदलने के प्रयासों की घोषणा के बावजूद देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह बिनौला तेल को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट दर्शाते बंद हुए।

### हिताची एनर्जी का लाभ उछलकर 137 करोड़



**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में कई गुना बढ़कर 137.4 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 23 करोड़ रुपये था।

### सेबी का सुरक्षित यूपीआई भुगतान प्रणाली पर विचार

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये प्रतिभूति बाजार में सुरक्षित और बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नयी प्रणाली लाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक ने वैध वित्तीय मध्यस्थों को धोखेबाजों से बचाने के लिए यह कदम उठाया।

### बाजार पूंजीकरण में यूनिलीवर सबसे आगे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,83,322.54 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इसमें हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,315.5 अंक या 1.72 प्रतिशत चढ़ा और निफ्टी 389.95 अंक या 1.68 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### हीरो मोटाकॉर्प की बिक्री में दो फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प की जनवरी महीने में थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर करीब 4.43 लाख इकाई हो गई। कंपनी ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसने कुल 4,42,873 मोटरसाइकिल एवं स्कूटरों की बिक्री की। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने कुल 4,33,598 वाहन बेचे थे।

### पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार सुस्त



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में आर्थिक वृद्धि को गति नहीं दे सका है, जबकि इस दौरान केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में 10 प्रतिशत की भारी कटौती की थी। एक मीडिया रिपोर्ट ने यह जानकारी दी गई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने 27 जनवरी को की गई नवीनतम कटौती में ब्याज दर को एक प्रतिशत घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया है, जो पिछले साल जून के 22 प्रतिशत से 10 प्रतिशत कम है। उम्मीद थी कि इस निर्णय से मुद्रा आपूर्ति और वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी।

### उत्तरी अमेरिकी पड़ोसियों ने की जवाबी कार्रवाई

# राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको और चीन पर लगाया शुल्क, व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए जिसके तुरंत बाद देश के उत्तरी अमेरिकी पड़ोसियों की जवाबी कार्रवाई से व्यापार युद्ध की आशंका प्रबल हो गई है।*

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए अपने पोस्ट में कहा कि ये शुल्क 'अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए' आवश्यक हैं। ट्रंप ने तीनों देशों पर 'फेंटेनाइल' (दर्द निवारक दवा) के अवैध निर्माण एवं निर्यात पर अंकुश लगाने तथा कनाडा और मेक्सिको पर अमेरिका में अवैध आव्रजन को रोकने का दबाव डाला।

#### मतदाताओं का ट्रंप पर भरोसा हो सकता है कम

शुल्क अगर जारी रहे, तो मुद्रास्फीति काफी बढ़ सकती है, जिससे कई मतदाताओं का ट्रंप पर भरोसा कम हो सकता है, क्योंकि उन्होंने किराने का सामान, गैसोलीन, आवास, वाहन और अन्य वस्तुओं की कीमतें कम करने का वादा किया था। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और ट्रंप के राजनीतिक जनादेश को उनके दूसरे कार्यकाल के सिर्फ दो सप्ताह में उथल-पुथल में डालने का जोखिम भी है।

#### चीन पर 10 फीसदी आयात शुल्क

ट्रंप ने चीन से सभी आयात पर 10 प्रतिशत और मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए आर्थिक आपातकाल की घोषणा की। कनाडा से आयातित ऊर्जा, जिसमें तेल, प्राकृतिक गैस और बिजली शामिल है, पर 10 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाएगा।



**आर्थिक व्यवधान की आशंका :** *ट्रंप के आदेश के बाद यदि ये देश भी जवाबी शुल्क लगाते हैं, तो अमेरिका के पास इन दरों को और बढ़ाने का विकल्प होगा। इससे और गंभीर आर्थिक व्यवधान की आशंका बढ़ सकती है।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने गंभीर लहजे में कहा, 'व्हाइट हाउस द्वारा आज की गई कार्रवाई ने हमें एकजुट करने के बजाय अलग कर दिया है।'*

**चीन ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया :** *मेक्सिको की राष्ट्रपति ने भी जवाबी शुल्क लगाने का आदेश दिया है। चीन ने ट्रंप की कार्रवाई पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "हम व्हाइट हाउस के इस आरोप को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं कि हमारी सरकार का आपराधिक संगठनों के साथ गठजोड़ है।"*

■ वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने आदेश पर किए हस्ताक्षर

#### कनाडा ने अमेरिका की बेवफाई दिलाई याद

ट्रंप ने कहा कि उनका देश शराब और फलों सहित 155 अरब डॉलर तक के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। उन्होंने कनाडा के लोगों द्वारा महसूस किए जा रहे विश्वासघात को व्यक्त करते हुए अमेरिकियों को याद दिलाया कि कनाडाई सैनिकों ने अफगानिस्तान में उनके साथ लड़ाई लड़ी थी तथा कैलिफोर्निया में जंगल की आग से लेकर तूफान 'कैटरीना' तक के संकटों से निपटने में मदद की थी।

#### अमेरिका नशीली दवाओं की बिक्री से लड़ सकती है

मेक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अपने अर्थव्यवस्था सचिव को एक प्रतिक्रिया लागू करने का निर्देश दिया है जिसमें मेक्सिको के हितों की रक्षा में जवाबी शुल्क और अन्य उपाय शामिल हैं। शिनबाम ने कहा, "यदि अमेरिका की सरकार और उसकी एजेंसियां अपने देश में फेंटेनाइल की भारी खपत से निपटना चाहती हैं, तो वे अपने प्रमुख शहरों की सड़कों पर नशीली दवाओं की बिक्री से लड़ सकते हैं।"

#### शुल्क लगाने से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका

ये शुल्क लगाने से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है और इससे मतदाताओं का इस बात में भरोसा खत्म हो सकता है कि ट्रंप अपने वादे के अनुसार किराने के सामान, गैसोलीन, आवास, वाहन और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे ला सकते हैं। इस कार्रवाई से अमेरिका और उसके दो सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों मेक्सिको और कनाडा के साथ आर्थिक गतिरोध पैदा हो गया है।

## महिंद्रा हॉलिडेज करेगी विस्तार 2026 तक 1000 कमरे जोड़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनोज भट ने कहा है कि कंपनी मजबूत मांग को पूरा करने के लिए अगले साल मार्च तक अपने पोर्टफोलियो में 1,000 कमरे जोड़ेगी।

कंपनी के प्रमुख ब्रांड क्लब महिंद्रा के 126 रिजॉर्ट में 5,698 कमरे हैं। कंपनी अगली पांच तिमाहियों में 15 नए गंतव्यों को जोड़ने की योजना बना रही है और उसे उम्मीद है कि केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई कई घोषणाएं इस क्षेत्र को और मजबूत करेंगी।

■ सीईओ भट ने कहा, कंपनी के 126 रिजार्ट में 5698 कमरे


शनिवार को संसद में पेश बजट में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने और संपर्क बढ़ाने की योजना की घोषणा की गई है। भट ने पीटीआई-भाषा से कहा, "चालू वित्त वर्ष के नौ महीनों में ही हमने 371 कमरे जोड़े हैं, जो पिछले पूरे वर्ष की तुलना में अधिक है। जनवरी, 2025 से मार्च, 2026 तक हमारी और 1,000 कमरे जोड़ने की योजना है। उन्होंने कहा कि कमरों की संख्या के संदर्भ में नई क्षमता वृद्धि लगभग 17-18 प्रतिशत है।

#### मजबूत मांग को देखते क्षमता का विस्तार

सीईओ ने कहा, "इसका मतलब है कि हम मांग को पूरा करने के लिए स्वयं को तैयार करने की दृष्टि से बहुत अच्छी गति से आगे बढ़ रहे हैं।" वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या कंपनी मजबूत मांग को देखते हुए क्षमता वृद्धि में तेजी लाने की योजना बना रही है।

## देश में बिजली खपत 2.7 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ मई, 2024 में बिजली की मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई थी

देश में बिजली की खपत जनवरी में 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट (बीयू) रही है। इस दौरान सामान्य से अधिक तापमान के कारण हीटर और गीजर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कम हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस साल जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस था, जो 1901 के बाद से इस महीने का तीसरा सबसे अधिक तापमान रहा। इससे पहले 1958 और 1990 में यह सबसे अधिक रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2024 में बिजली की खपत 133.94 बीयू थी। इसी तरह, एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (बिजली की अधिकतम मांग) भी जनवरी, 2024 के 222.32 गीगावाट से बढ़कर इस साल जनवरी में 237.30 गीगावाट हो गई। इससे पहले मई, 2024 में चरम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई थी।

### उच्च गुणवत्ता वाले सौर फोटोवोल्टिक को बढ़ावा



**नई दिल्ली।** सरकार ने उच्च गुणवत्ता वाले और कुशल सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक संशोधित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) अधिसूचित कर दिया है। बयान के मुताबिक, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सौर प्रणाली, उपकरण और घटक उत्पाद संबंधी आदेश, 2025 को अधिसूचित किया है। यह मौजूदा सौर पीवी उत्पादों, प्रणाली, उपकरण और घटक उत्पाद (अनिवार्य पंजीकरण की शर्तें) आदेश, 2017 को संशोधित करने के साथ उसकी जगह लेता है। एमएनआरई ने बयान में कहा, 'यह आदेश टिकाऊ ऊर्जा विकास के लिए उच्च गुणवत्ता वाले और कुशल सौर पीवी उत्पादों को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इसका उद्देश्य उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और भारत के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करना है।'

## मुद्रा ऋण से होमस्टे कारोबार को बढ़ावा

**नई दिल्ली।** पर्यटन विकास के लिए अपने व्यापक प्रयास के तहत 'होमस्टे' को बढ़ावा देने के केंद्र के कदम का हितधारकों ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिल सकती है। निजी घर में भुगतान लेकर पर्यटकों को ठहरने की सुविधा देने को 'होमस्टे' कहा जाता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि होमस्टे भी मुद्रा ऋण के लिए पात्र होंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में छोटे पैमाने के आतिथ्य व्यवसायों को समर्थन देना है।

इस पहल से खासकर लोकप्रिय और उभरते पर्यटन स्थलों पर 'होमस्टे' सुविधा शुरू करने या मौजूदा इकाइयों का विस्तार करने के इच्छुक लोगों को वित्तीय सहायता मिलने की उम्मीद है। मुद्रा लोन योजना के तहत सूक्ष्म और लघु व्यवसायों को 10 लाख रुपये तक का कर्ज मिल सकता है। पर्यटन मंत्रालय से उम्मीद की जाती है कि वह होमस्टे संचालकों के लिए इन ऋणों तक आसान पहुंच के लिए बैंकों के साथ मिलकर काम करेगा। होटल एवं रेस्टोरेंट क्षेत्र के निकाय एफएचआरएआई के अध्यक्ष के. श्यामा राजू ने कहा कि होमस्टे कारोबार के लिए मुद्रा ऋण की शुरुआत एक और सकारात्मक कदम है, जो स्थानीय उद्यमियों को छोटे पर्यटन व्यवसाय शुरू करने और विकसित करने का मौका देगा।

**पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा**

इससे इन क्षेत्रों में अधिक नौकरियां पैदा करने और पर्यटन को प्रोत्साहन में मदद मिलेगी। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब पर्यटन क्षेत्र में कोविड-19 महामारी के बाद लगातार सुधार हो रहा है, तथा नए आवास विकल्पों की मांग बढ़ रही है। उद्योग रिपोर्ट बताती है कि हाल के वर्षों में होमस्टे खंड में काफी वृद्धि हुई है, जो घरेलू यात्रा और अनुभवात्मक पर्यटन में रुचि के कारण है।

### उत्पाद योजना से चमड़ा, फुटवियर निर्यात बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने रविवार को कहा कि फुटवियर और चमड़ा क्षेत्रों के लिए एक केंद्रित उत्पाद योजना शुरू करने की बजट घोषणा से उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात में 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि होगी।

## आम बजट का प्रभाव इस सप्ताह बाजार पर रह सकता है जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ वैश्विक व कंपनी परिणाम से तय होगी बाजार की चाल

■ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी प्रभावित करेगी बाजार

इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले, कंपनियों की तिमाही आय और वैश्विक रुझानों से तय होगा। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि आम बजट का प्रभाव इस सप्ताह भी जारी रह सकता है।

उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी शेयर बाजारों को प्रभावित करेंगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, "जनवरी के लिए अमेरिका और भारत का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक सोमवार को जारी किया जाएगा, जो एक महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आंकड़ा है। बाजार का ध्यान कंपनियों की कमाई पर भी होगा। इस सप्ताह एशियन पेंट्स, पीसी ज्वैलर, टाटा पावर, टाइटन, अपोलो टायर्स, भारती एयरटेल, आईटीसी, एसबीआई, एलआईसी, एमएंडएम और एनएचपीसी के तिमाही नतीजे आएंगे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, "सवाल यह है कि क्या आरबीआई अपना रुख नरम करेगा और इस सप्ताह की मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कटौती की जाएगी? हालांकि, निवेशकों को वैश्विक घटनाक्रमों पर भी नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिक्री बढ़ने से बाजार की भावनाएं कमजोर हो सकती हैं।"

#### पिछले सप्ताह बाजार में रही थी तेजी

अनुमान के मुताबिक इसमें प्रतिभूति लेनदेन कर या पूंजी लाभ कर में कोई बदलाव नहीं किया गया।"आम बजट पेश किए जाने के कारण शनिवार को शेयर बाजार खुले रहे थे। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 1,315.5 अंक या 1.72 प्रतिशत उछला। एनएसई निफ्टी में 389.95 अंक या 1.68 प्रतिशत की तेजी आई।

## परियोजनाएं पूरी नहीं करने वाले बिल्डरों पर प्रतिबंध की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ घर खरीदारों के संगठन एफपीसीआई की मांग

घर खरीदारों के संगठन एफपीसीई ने रविवार को कहा कि रुकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का नया कोष स्थापित करने की सरकार की बजट घोषणा से पीड़ित फ्लैट मालिकों को फायदा होगा। इसके साथ ही एफपीसीई ने समय पर परियोजनाएं पूरी न करने वाले बिल्डरों को कोई भी नई परियोजना शुरू करने से प्रतिबंधित किए जाने की मांग भी की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए कहा कि अटकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के 'स्वामी कोष-2' का गठन किया जाएगा। इससे एक लाख घरों का निर्माण पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके पहले नवंबर, 2019 में केंद्र ने समूचे देश में अटकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 'किफायती एवं मध्यम आय आवास की विशेष खिड़की' (स्वामी) नाम वाले 15,530 करोड़ रुपये के एक कोष की घोषणा की थी।

इस कोष का प्रबंधन भारतीय स्टेट बैंक समूह की कंपनी एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड के पास है।

**बिल्डरों की पहचान जरूरी :** *"ऐसे बिल्डरों की पहचान करना और उन्हें अलग-थलग करना भी महत्वपूर्ण है जो केवल अपने व्यक्तिगत लालच के लिए घर खरीदारों की मेहनत की कमाई को जोखिम में डालते हैं।*

### आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने साक्षात्कार में कहा

# बचत, निवेश के बारे में लोगों को तय करना है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कराधान नीति से निवेश प्रभावित नहीं कर सकते

बजट में मध्यम वर्ग को कर मोर्चे पर बड़ी राहत के बीच आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने रविवार को कहा कि लोगों को कहां बचत करनी है, किस क्षेत्र में निवेश करना है, हम उसे कराधान नीति से प्रभावित नहीं कर सकते। इस बारे में लोगों को ही निर्णय करना है।

सेठ ने साक्षात्कार में कहा, 'सरकार का प्रयास है कि कर की दरें कम हों और लोगों को कर रिटर्न भरने में आसानी हो। उसके बाद वे निर्णय करें कि उन्हें क्या करना है। यह पूछे जाने पर कि नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा बढ़ने से लोगों के पास पैसा तो आएगा लेकिन क्या इससे दीर्घकालीन बचत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, सेठ ने कहा कि कहां बचत करनी है और कितना निवेश करना है, इस बारे में लोगों को ही निर्णय करना है।

#### रोजगार बढ़ने से ही आय बढ़ेगी

यह पूछे जाने पर कि लोगों की आय महंगाई और कंपनियों के लाभ के हिसाब से नहीं बढ़ रही है, उन्होंने कहा, "लोगों की आय बढ़ने के लिए जरूरी है कि रोजगार के अवसर बढ़ें। बजट में इस दिशा में कदम उठाये गये हैं। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियां और कारोबारी सुगमता बढ़ाना जरूरी है, जिससे कंपनियों के लिए अपने व्यवसाय को बढ़ाना आसान होगा।'



**दीर्घकालीन बचत प्रभावित होगी**

*इससे आशंका जतायी जा रही है कि बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने से उनकी जेबों में पैसे तो आएंगे लेकिन दीर्घकालीन बचत प्रभावित हो सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या बजट से नरम होती आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी, सेठ ने कहा, "बजट में बाह्य स्तर पर चीजों को दुरुस्त करने के अलावा घरेलू स्तर पर ताकत को बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है।*

#### आर्थिक वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद

आर्थिक मामलों के सचिव ने कहा कि इसके साथ घरेलू मांग में तेजी लाने और संचालन से जुड़े नियमन हैं, उसमें बदलाव को लेकर बजट में कई कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा, "अर्थव्यवस्था के घरेलू चालकों... कृषि, एमएसएमई, विनिर्माण और सेवा तथा निवेश को गति देने के भी उपाय किये गये हैं। इन सब उपायों से आर्थिक वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है।"

#### आयकर में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

सेठ ने कहा, "राजकोषीय नीति में हमारा प्रयास रहा है कि छूट को कम करें और चीजों को आसान बनाएं।" वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये की सालाना आय पर कर छूट देने की घोषणा की।

चिंतन

# बजट में घरेलू उपभोग व मांग बढ़ाने पर जोर

आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घरेलू उपभोग व मांग बढ़ाने पर जोर दिया है। चालू वित्त वर्ष में सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही अर्थव्यवस्था के लिए अगले वित्त वर्ष में भी जीडीपी दर सात फीसदी के नीचे रहने का अनुमान आर्थिक समीक्षा में लगाया गया है। आर्थिक वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। बजट वर्ष के लिए 6.3 से 6.8 फीसदी के बीच जीडीपी के रहने का अनुमान है। अभी कुछ वर्षों से देश में आर्थिक सेंटिमेंट ऐसा बना हुआ है, जिसमें कहा जा रहा है कि सरकार ने खपत बढ़ाने पर अधिक ध्यान नहीं दिया है और सार्वजनिक खर्च में भी कमी आई है। हालांकि सरकार पर सब्सिडी बोझ में बहुत कमी नहीं आई है। ऐसे में पूरी उम्मीद यही थी कि सरकार इस बजट में सरकारी खर्च व खपत बढ़ाने के उपाय करेगी और आर्थिक सुधार के अगले चरण की शुरुआत करेगी। एक फरवरी को संसद में पेश बजट में 12.75 लाख रुपये तक सालाना आय को कर मुक्त करने का प्रस्ताव किया गया है, नई टैक्स रिजीम में स्लैब में बदलाव किया है, नया आयकर कानून लाने का वादा किया गया है। आयकर को लेकर सरकार का यह बोल्ड स्टेप है। नई कर व्यवस्था में छूट के माध्यम से मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी आएगी और उनके हाथ में अधिक पैसा बचेगा, जिससे घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी में अत्यधिक सुधार की जरूरत थी, पर बजट में इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। शायद आगे जीएसटी के सरलीकरण पर विचार हो। फूड व फर्टिलाइजर सब्सिडी मामूली बढ़त के साथ जारी रखी गई है। बीमा में शर्त के साथ सौ फीसदी एफडीआई की अनुमति दी गई है, लेकिन दूसरे कई क्षेत्र हैं, जिसमें एफडीआई सीमा बढ़ाने की जरूरत थी। न्यूटेक व न्यूएज इकोनॉमी में रेगुलेशन के साथ और अधिक उदारीकृत निवेश नियम की आवश्यकता है। बजट में इस पर स्पष्टता नहीं है। हेल्थ सेक्टर में इरडा, ट्राई व सेबी की तरह व्यापक नियामक की जरूरत है, बजट में इस पर कुछ नहीं है, लेकिन इसमें नियामक की जरूरत के अवलोकन के लिए एक समिति गठन का प्रस्ताव है। शायद समिति इस बिंदु पर विचार करे। इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर जारी खर्च को जारी रखा गया है। इस बजट में भी 11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। पिछले तीन बजट से आवंटन 10 लाख करोड़ रुपये के आसपास रहा है। इस बजट में भी रेल, सड़क, पोर्ट, एयरपोर्ट आदि इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को तवज्जो दी गई है। हालांकि सरकार ने पूंजी व्यय बढ़ाने का ऐलान किया है, लेकिन कर्ज अदायगी पर बड़े ब्याज भार को कम करने के लिए विनिवेश को लेकर कोई नया ऐलान नहीं किया गया है। सरकार विनिवेश की गति बढ़ा कर अगर कर्ज कम करेगी तो ब्याज भार को कम किया जा सकेगा। सरकार को बड़ी रकम ब्याज चुकाने पर खर्च करना पड़ रहा है। बजट में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को चिन्हित किया गया है। सरकार ने टैक्सेशन, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, बिजली और नियामकीय ढांचा जैसे छह क्षेत्रों में सुधारों की शुरुआत का वादा किया है। परमाणु ऊर्जा मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समेत कुछ घोषणाएं सराहनीय है, राजनीति के साथ हेडलाइन पर ध्यान दिया गया है, लेकिन उद्योग क्षेत्र व रोजगार सृजन के लिहाज से सरकार के पास बजट को और प्रोग्रेसिव और आर्थिक सुधार को गति देने वाला बनाया जा सकता था। अभी सरकार के पास इसके लिए पूरा मौका भी था।



सियासत
राज कुमार सिंह

# दिल्ली चुनाव में कांटे की टक्कर

दिल्ली विधानसभा चुनाव पूरी तरह मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर लड़ा जा रहा है। दस साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आप इस बार भी मुफ्त रेवड़ियों के सहारे मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है तो रेवड़ी-राजनीति को अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा भी रेवड़ियां बांटने की स्पर्धा में किसी से पीछे नहीं रहना चाहती। कभी लगातार 15 साल दिल्ली में सत्तारूढ़ रही, पर पिछले दो विधानसभा चुनावों में खाता तक खोलने में नाकाम कांग्रेस की भी सारी उम्मीदें मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर ही टिकी हैं। चुनाव घोषणापत्रों के इस दौर में, भाजपा दिल्ली चुनाव के लिए अभी तक तीन हिस्सों में अपना 'संकल्प पत्र' जारी कर चुकी है।

दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव 5 फरवरी को होने जा रहा है। मतदाताओं का मन तो आठ फरवरी को ही पता चलेगा, लेकिन यह तय है कि इस चुनाव में कांटे की टक्कर है। कहने को तो कांग्रेस पार्टी फिर से अपनी खोई जमीन हथियाने की पुरजोर कोशिश में जुटी है लेकिन धरातल पर भाजपा और आप में ही सीधी टक्कर है। दिल्ली विधानसभा चुनाव पूरी तरह मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर लड़ा जा रहा है। दस साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आप इस बार भी मुफ्त रेवड़ियों के सहारे मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है तो रेवड़ी-राजनीति को अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा भी रेवड़ियां बांटने की स्पर्धा में किसी से पीछे नहीं रहना चाहती। कभी लगातार 15 साल दिल्ली में सत्तारूढ़ रही, पर पिछले दो विधानसभा चुनावों में खाता तक खोलने में नाकाम कांग्रेस की भी सारी उम्मीदें मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर ही टिकी हैं। चुनाव घोषणापत्रों के नये नामकरण के इस दौर में, भाजपा दिल्ली चुनाव के लिए अभी तक तीन हिस्सों में अपना 'संकल्प पत्र' जारी कर चुकी है। प्रतिद्वंद्वियों के मुद्दों को मात देने कवायद में ही ऐसा करना पड़ रहा है। पानी, बिजली और महिलाओं को बस यात्रा मुफ्त तथा बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य से अपनी अलग पहचान बनानेवाली आप ने अभी तक लागू न हो पायी महिला सम्मान योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर 2100 रुपये करने का ऐलान किया तो कांग्रेस और भाजपा ने 2500 रुपये का वादा कर दिया।

यह प्रतिस्पर्धा हर वर्ग को लुभाने के लिए की गयी घोषणाओं में दिखती है। आप ने पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन का ऐलान किया तो कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ा वोट बैंक बन चुके पूर्वांचलियों के लिए विकास बोर्ड बनाने का ही वादा कर दिया है। कांग्रेस युवाओं को एक साल की इंटर्नशिप और साढ़े आठ हजार रुपये देने मासिक देने का वायदा कर रही है तो भाजपा ने केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठनेवाले छात्रों को 15 हजार रुपये देने की बात कही है। कांग्रेस की तरह भाजपा भी 500 रुपये में गैस सिलेंडर तो देगी ही, होली-दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर भी दिया जायेगा। मुफ्त रेवड़ियों की यह फेहरिस्त लंबी है, पर विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में भी ऐसी विडंबना पर शर्म किसी के चेहरे पर नजर नहीं आती। पांच साल तक सत्ता में रही भाजपा और फिर 15 साल तक सत्ता में रही कांग्रेस लंबे समय से विपक्ष में होने के तर्क के सहारे अपनी वादों की राजनीति का बचाव करते हैं तो दस साल से सत्तारूढ़ आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी यमुना सफाई जैसे अधूरे वादों के बचाव में पहले ढ़ाई साल 'कोरोना' और फिर 'जेल का खेल' का तर्क देते हुए 15 गारंटियां बांट दी हैं। मुफ्त रेवड़ियों का यह चुनावी खेल तब परवान चढ़ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक और नीति आयोग भी मुफ्त रेवड़ियों की राजनीति के आर्थिक खतरों पर चिंता जता चुके हैं। खुद सवालों से घिरे चुनाव आयोग की बात न भी करें तो देश की सर्वोच्च अदालत तक इस प्रवृत्ति पर सवाल उठा चुकी है, लेकिन इस सबसे बेपरवाह सत्ता के खिलाड़ी इन्हें जन कल्याण योजनाएं बता रहे हैं। रेवड़ी-



राजनीति के चुनावी असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिन-रात केजरीवाल को कोसनेवाली भाजपा को कहना पड़ रहा है कि अगर वह सत्ता में आयी तो भी आप सरकार की जन कल्याण योजनाएं जारी रहेंगी। हां, लोकतंत्र में जिस जनता को जनार्दन बताया जाता है, उसे यह बताने की जहमत कोई दल नहीं उठा रहा कि जन कल्याण के नाम पर बांटी जा रही रेवड़ियों पर कितना खर्च आयेगा और वह कहां से जुटाया जायेगा? सत्ता के तीनों दावेदार अन्य राज्यों में एक-दूसरे के चुनावी वादों और उनके पूरे होने पर सवाल उठाते हुए अपने 'ट्रैक रिकॉर्ड' के लिए खुद ही अपनी पीठ भी थपथपा रहे हैं। संकल्प पत्र का पहला भाग जारी करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि 500 में से 499 चुनावी वादे पूरे करने के साथ ही उनकी पार्टी का रिकॉर्ड सबसे बेहतर है। कांग्रेस और आप, लोकसभा चुनाव से लेकर तमाम विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में भाजपा के अधूरे चुनावी वायदे गिना रहे हैं। भाजपा भी पंजाब में आप तथा हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस के चुनावी वादों को अधूरा बता रही है। इन आरोप-प्रत्यारोपों का सच जो भी हो, इतना तय है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की राजधानी दिल्ली में इस बार भी चुनाव मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर ही लड़ा जा रहा है। महंगाई पर अंकुश और रोजगार बढ़ाने का विजन किसी राजनीतिक दल ने पेश नहीं किया है। ऐसे में दिल्ली के मतदाताओं को मुफ्त रेवड़ियों के वादों के आधार पर ही अपनी पसंद का राजनीतिक दल और उम्मीदवार चुनना होगा। हां, इसमें उनका राजनीतिक रुझान और संबंधित दल की वादे पूरे करने में विश्वसनीयता एक कारक बन सकता है, पर उन्हें याद रखना होगा कि मुफ्त रेवड़ियों की इसी राजनीति के चलते अभी तक 'सरप्लस' रहने वाले दिल्ली के बजट पर घाटे की तलवार लटक रही है। हाल ही में आयी भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि खासकर आधी आबादी के वोट बटोरने के लिए घोषित की जा रही मुफ्त योजनाएं राज्यों की अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां बन रही हैं। रिपोर्ट कहती है कि महिलाओं के खाते में सीधे नकद भेजने वाली योजनाओं का बढ़ता चुनावी चलन एक खतरनाक आर्थिक संकेत है। दिल्ली में 1000 रुपये मासिक महिला सम्मान योजना पर ही बजट का तीन प्रतिशत खर्च होने का अनुमान था। अगर उसे बढ़ा कर 2100 या 2500 रुपये किया गया तो वह और बढ़ जायेगा। पश्चिम बंगाल में लागू लक्ष्मी भंडार योजना पर होने वाला 14400 करोड़ रुपये का खर्च राज्य की कुल राजस्व प्राप्ति का छह प्रतिशत है। कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना के लिए आवंटित 28608 करोड़ रुपये कुल राजस्व प्राप्ति का 11 प्रतिशत बनता है। देश के आठ राज्यों में ही महिलाओं को मुफ्त नकदी बांटने वाली योजनाओं का खर्च डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार चला गया है। आधी आबादी को बिना काम नकदी, चुनाव कर जीत सत्ता पाने का कारगर फॉर्मूला बन रहा है। आने वाले समय में यह प्रवृत्ति और बढ़ेगी ही। ऐसे में दीर्घकालीन सर्वांगीण विकास की सोच और योजनाएं हमारे नीति-नियंताओं के एजेंडा से गायब ही होती जायेंगी। सतही तर्क हो सकता है कि जब मतदाता ही आत्मकेंद्रित सोच से ग्रस्त हैं तो उनके वोट पाने के लिए की जाने वाली राजनीति की सोच व्यापक और विकासपरक कैसे हो सकती है? देश की राजधानी दिल्ली की यह चुनावी तस्वीर मुफ्त रेवड़ियों की चुनावी राजनीति से मुक्ति की उम्मीद तो हरगिज नहीं जगाती। इसलिए राज्यों पर बढ़ते कर्ज का बोझ कम होने की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए। याद यह भी रखना चाहिए राज्य पर कर्ज का बोझ अंततः नागरिकों पर ही कर्ज का बोझ है, क्योंकि राजनेता तो सत्ता-सुख भोग कर आते-जाते रहेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
अरविंद जयतिलक




# उम्मीदों की कसौटी पर खरा बजट

देश के विपक्षी दल वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट की चाहे जितनी निंदा और आलोचना करें लेकिन देश का आमजन, मध्यम वर्ग, कारपोरेट जगत और शेयर बाजार बजट से उत्साहित और संतुष्ट है। इसलिए कि वित्तमंत्री ने अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार को गतिशील करने के लिए करों का बोझ बढ़ाने और सब्सिडी पर कैंची चलाने से परहेज करते हुए बजट को मानवीय रूप देने की भरपूर कोशिश की है। उन्होंने सभी वर्गों का भरपूर ख्याल रखते हुए विकास का क्रांतिकारी बजट पेश किया है। उन्होंने बजट में सामाजिक और आर्थिक सुधारों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करते हुए अर्थव्यवस्था को नई उड़ान दी है। माना जा रहा है कि इस बजट से औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों के पहिये नाच उठेंगे और वर्षों से आस लगाए मध्यम वर्ग के लोगों के हाथ में पैसा आएगा। गौर करें तो यह बजट मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, भरपूर निवेश, टिकाऊ विकास और अधिकतम रोजगार की संभावनाओं से लैस है। वित्तमंत्री ने टैक्स दर में व्यापक बदलाव किया है जिससे कि बाजार में नकदी की आमद बढ़ेगी। बजट के आंकड़ों पर नजर डालें तो उधारियों के अलावा कुल प्राप्तियां और कुल व्यय 34.96 लाख करोड़ तथा 50.65 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। राजकोषिय घाटा जीडीपी का 4.4 फीसदी और सकल बाजार उधारियां 14.82 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 में कैपेक्स व्यय 11.21 लाख करोड़ रहने का अनुमान है जो कि जीडीपी का 3.1 फीसदी है। देखें तो खर्च बढ़ने के बावजूद सरकार घाटा को नियंत्रित करने में सफल रही है। चूंकि बजट के प्रावधानों के मुताबिक पूंजीगत खर्च में रिकार्ड इजाफा हुआ है उससे सार्वजनिक ढांचे को मजबूती मिलनी तय है और इससे रोजगार भी सृजित होंगे। इस वित्त वर्ष में विकास दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान है जो कि वैश्विक परिदृश्य के लिहाज से संतोषजनक है। सरकारी खर्च बढ़ाने के कारण यह बजट युवाओं, मध्यम वर्ग, महिलाओं, किसानों और अनुसूचित जनजातियों के हित में होगा। निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ने से अगले एक वर्ष में तकरीबन कई लाख नौकरियां सृजित होंगी और बेरोजगारी का ग्राफ गिरेगा। वित्तमंत्री ने सैलरीड क्लास के लिए 12 लाख तक की आमदनी पर कोई टैक्स न लगाकर मध्यम वर्ग को भारी राहत दी है। मजेदार बात यह कि सैलरीड क्लास के लोगों को 75000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडेक्शन का फायदा भी मिलता रहेगा। वित्तमंत्री ने बजट में विकास के प्रथम इंजन के रूप में कृषि को मजबूती देने के लिए राज्यों की भागीदारी से प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इससे 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य बिहार में मखानों का उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार लाने के लिए बिहार में मखाना बोर्ड स्थापित किया जाएगा। सरकार अंडमान और निकोबार एवं लक्षद्वीप जैसे द्वीपों पर विशेष ध्यान देने के साथ भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र और गहरे समुद्रों से निरंतर मछली पकड़ने को बढ़ावा देने के लिए एक फ्रेमवर्क लाएगी। निःसंदेह इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के रोजगार में वृद्धि होगी और उनका जीवन सुधरेगा। वित्तमंत्री ने कपास उत्पादन से जुड़े किसानों की बेहतरी के लिए 5 वर्षीय मिशन का ऐलान किया है जिससे किसानों का कल्याण होगा। कृषि कार्य से जुड़े देश के करोड़ों किसानों को कृषि उपक्रम हेतु नकदी की कमी न हो, इसके लिए वित्तमंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड से लिए जाने वाले ऋणों के लिए ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी है। यह किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। फुटवियर, लेदर और खिलौने उत्पादन से जुड़े लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए वित्तमंत्री की पहल सराहनीय है। उन्होंने नवाचार में निवेश को बढ़ावा देने, डीपटेक फंड ऑफ फंडस, प्रौद्योगिकी अनुसंधान फैलोशिप, नेशनल जिओ स्पेटियल मिशन, ज्ञान भारतम मिशन, ग्रामीण क्रेडिट स्कोर और पर्यटन पर विशेष फोकस की है। इसके अलावा उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा को और मजबूती देने के लिए 2.33 लाख करोड़ रुपये आवंटित की है। यह पिछले बजट से 13567 करोड़ रुपये अधिक है। वित्तमंत्री ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो पिछले बजट से तकरीबन 9 फीसदी ज्यादा है। इसी तरह शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए बजट में व्यापक इजाफा किया है। कुल मिलाकर वित्तमंत्री का बजट अर्थव्यवस्था को गतिशील और भारत राष्ट्र को समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है।

## तुलसीदास द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई।

एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## सटाका




## आज की पाती


### कब बुझेगी नक्सलवाद की आग?

देश में आतंकवाद से भी खतरनाक समस्या नक्सलवाद की है जो कि देश के कुछ राज्यों में आफत बनी हुई है। नक्सलवाद के होने के क्या कारण है, इस पर कहा जा सकता है कि शासन और प्रशासन में फैला भ्रष्टाचार भी इसका कारण हो सकता है। जब किसी को दो वक्त की रोटी नहीं मिलेगी, मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेंगी और जब भ्रष्टाचार के सताए लोगों को इंसाफ नहीं मिलेगा तो वो गलत रास्ता भी अपना सकते हैं। हमारे देश में नक्सलवाद के नाम पर कम्युनिस्टों ने आतंकवाद से भी बड़ी समस्या पैदा कर दी है। साम्यवादी विचारधारा हिंसक विचारधारा से भरी होती है। हमारे देश में नक्सलवादी सरकार और सरकारीतंत्र में फैले भ्रष्टाचार के सताए गरीब लोगों को बहला-फुसलाकर हिंसा करने के लिए प्रेरित करते हैं।

- संजय गुप्ता, जगदलपुर

## करंट अफेयर

### माशातिले ने सराही हिंदू समुदाय की भूमिका



दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल माशातिले ने बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) संस्था के बहु-सांस्कृतिक केंद्र और मंदिर के प्रथम चरण का उद्घाटन करते हुए कहा कि बीएपीएस के सिद्धांत दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय लोकाचार उबुंटू से मिलते-जुलते हैं। माशातिले ने स्थानीय हिंदू समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा, "हमें राष्ट्र निर्माण में हिंदू समुदाय की भूमिका पर विचार करना चाहिए। इस समुदाय की सांस्कृतिक विरासत एवं मूल्य समृद्ध हैं और इसने हमारे विविधतापूर्ण समाज के सामाजिक ताने-बाने को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।" आधिकारिक उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने बीएपीएस और दक्षिण अफ्रीकी लोकाचार के बीच समानताएं रेखांकित करने का प्रयास किया। माशातिले ने बीएपीएस की विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा, "धर्म, सेवा और एकता के बीएपीएस के सिद्धांत वास्तव में साझा मानवता और अंतरसंबंध में विश्वास से जुड़े हमारे राष्ट्रीय लोकाचार उबुंटू से काफी मुलते-जुलते हैं।"

## ऑफ बीट

### जोड़ों के दर्द से लगाया जा सकता है मौसम का अंदाज



सदियों से लोग दावा करते रहे हैं कि उनके जोड़ों के दर्द से मौसम में होने वाले बदलावों का अंदाजा लगाया जा सकता है, अकसर बारिश या सर्दी के मौसम से पहले वे तकलीफ बढ़ने की बात कहते हैं। दर्द के पैमाने और अवधि को देखते हुए ये दावे सही भी लगते हैं, लेकिन वैज्ञानिक रूप से अब भी इसको लेकर विरोधाभास हैं। वायुमंडलीय दाब में बदलाव से लेकर तापमान में उतार-चढ़ाव तक, कई सिद्धांतों से यह समझने का प्रयास किया जाता है कि पर्यावरणीय कारक जोड़ों के दर्द को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। गतिशील जोड़ों की संरचना जटिल होती है, जो श्लेष द्रव (सिनोवियल फ्लूड) के कारण गद्देदार होती हैं। 'सिनोवियल फ्लूड' एक चिपचिपा तरल पदार्थ होता है, जो जोड़ों को चिकना बनाता है। स्वस्थ जोड़ों में ये घटक सुचारू रूप से अपना काम करते हैं और जोड़ों में दर्द नहीं होता। हालांकि, जब जोड़ों की उपास्थि को 'ऑस्टियोआर्थराइटिस' जैसी समस्या के दौरान क्षति होती है या संधिवात गठिया की वजह से सूजन होती है, तो पर्यावरण में सूक्ष्म परिवर्तन भी तीव्रता से महसूस किए जा सकते हैं। एक प्रमुख परिकल्पना यह बताती है कि वायुमंडलीय दाब में परिवर्तन सीधे तौर पर जोड़ों की तकलीफ को प्रभावित कर सकता है।

## ट्रेंड

### शुभकामनाएं



हमने मखाना बोर्ड की घोषणा करके बिहार के मखाने को सम्मान दिया है, लेकिन कांग्रेस और 'आप'दा वाले इसकी खेती से जुड़े मेरे दलित परिवारों का भी मजाक उड़ा रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### भारत का गौरव



डबल इंजन की सरकार में भारत का गौरव बढ़ रहा है, सनातन धर्म का गौरव बढ़ रहा है। श्री अयोध्या धाम के विकास के लिए, श्री अयोध्या धाम के सम्मान के लिए भाजपा आवश्यक है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### अमित शाह बौखलाए



बीजेपी बुरी तरह से हार रही है। अमित शाह बुरी तरह से बौखला गए हैं। अब वो दिल्ली मजबूरीवश पुलिस खड़े होकर जनता पर खुले आम हो रही हिंसा को देखती रहती है। हिंसा के बाद गुंडों को भगा दिया जाता है और पीड़ित व्यक्ति को गिरफ्तार करके उस पर फर्जी केस कर दिया जाता है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### परिजनों को नहीं मिल रहे शव



ये समाचार दुखद है कि महाकुंभ हादसे में मारे गये श्रद्धालुओं के शव लेने के लिए, पोस्टमार्टम हाउस के बाहर परिजन लाइन में खड़े हैं पर उनको शव नहीं दिया जा रहा है, जबकि ये कोई सहायता-सांत्वना राशि भी नहीं मांग रहे। सरकार ध्यान दे।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वे सचिव, रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### निजी विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण तिथि बढ़ाई गयी

**कटनी।** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है। अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि सामान्य शुल्क के साथ 7 फरवरी, 2025 और विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी निर्धारित की गयी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने आदेश जारी किये हैं। विदित हो कि पूर्व में यह आवेदन सामान्य शुल्क के साथ 31 जनवरी और विलंब शुल्क के साथ 7 फरवरी तक जमा किये जा सकते थे। आदेश में कहा गया है कि अब निर्धारित की गयी तिथि के बाद समय में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जायेगी।

### आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार का ईनाम घोषित

**कटनी।** माधव नगर के युवा व्यवसाई रॉकी उर्फ राकेश मोटवानी के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले राहुल बिहारी, करण बिहारी, विनय वीरवानी, एवं नीरज उर्फ केतु रजक के ऊपर दस दस हजार रुपए के नगद इनाम की घोषणा पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें लगातार संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस टीमों के द्वारा किए जा रहे प्रयासों में अब तक पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आज आरोपियों के संबंध में सूचना देने वाले व्यक्ति को प्रति आरोपी के हिसाब से 10000 रुपए के नगद इनाम की उद्घोषणा की है। साथ ही एसपी श्रीरंजन ने यह भी कहा कि आरोपियों के संबंध में सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### हाईस्कूल परीक्षा 27 एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 25 फरवरी से

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा की तिथि निर्धारित कर ली गई है। जिसके अनुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 25 फरवरी 2025 एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 27 फरवरी 2025 से प्रारम्भ की जाएगी।

---

### रंगनाथ नगर एवं ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्यवाही

# तीन तस्कर गिरफ्तार, डेढ़ लाख रूपए का गांजा किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





रंगनाथ नगर एवं ढीमरखेड़ा पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है दोनों के पास से करीब 15 किलो गांजा जब्त किया गया है। ढीमरखेड़ा पुलिस ने उड़ीसा से गांजे की खेप लेकर कटनी आए दो तस्करों को गिरफ्तार कर 10 किलो से भी अधिक मात्रा में गांजा बरामद हुआ है।थाना प्रभारी शाहिद खान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थों के व्यापार में लगे व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था। थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ गांजा के व्यापार में लगे उडिसा राज्य के दो आरोपी मेघराज बेहरा पिता विद्याधर बेहरा 34 साल निवासी ग्राम कालीनगर थाना ओरियट कालोनी ब्रजराजनगर जिला झारसुगुडा (उडीसा) एवं चेतन शा पिता अशोक शा 28 साल निवासी बघराचका थाना ब्रजराजनगर जिला झारसुगुडा (उडिसा) के कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 1 लाख 52 हजार रुपए का जप्त किया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्राम हरदई सगौना मोड प्रतिक्षालय के पास मेनरोड किनारे खडे दो व्यक्ति जो अपनी पीठ पर पीठू बैग टांगे हुये थे वे पुलिस को देखकर भागने लगे। व्यक्तियों के भागने पर संदेह होने पर उन्हे घेराबंदी कर पकड कर नाम पता पूछा गया। आरोपी भागने के संबंध में संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके लिहाजा उन्हे अभिरक्षा में लेकर उनकी पीठ पर टंगे पीठू बैग उतरवाकर तलाशी ली गई। दोनो के पीठू बैगो से कुल 10 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना ढीमरखेडा में अपराध क 55/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक मो. शाहिद, सउनि जयंचद उईके, आर. पंकज सिंह, अजय सिंह, देवेन्द्र अहिरवार का योगदान रहा।

#### रेलवे लाइन किनारे से तस्कर पकड़ाया

रंगनाथ नगर थाना प्रभारी उप निरी. नवीन नामदेव एंव मातहत कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान सागर पुलिया के पास करवला रोड़ भ्रमण करते हुए रेलवे लाईन के किनारे एक व्यक्ति हाथ में लाल रंग का थैला लिये खडा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर छिपने लगा जिसे घेराबंदी करके पकडा गया जो गवाहो के समक्ष उस संदेही का नाम पता पूछा गया जो अपना नाम कपिल नामदेव पिता नंद किशोर नामदेव 30 साल निवासी टंकी मोहल्ला जय प्रकाश वार्ड नं.1 थाना सिविल लाईन जिला हरदा (म.प्र.) के अवैध कब्जे से बरामद कुल 04 किलो 150 ग्राम पाया गया जो मौके पर कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

---



# विष्णु महायज्ञ में शामिल हुई राज्यमंत्री प्रतिमा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

सिलौंडी के समीपवर्ती खमरिया बागरी में चल रहे विष्णु महायज्ञ पुराण में कथावाचक धुर्वे महाराज ने गत दिवस रुक्मणि विवाह की कथा सुनाई। भगवान श्री कृष्ण के 16 हजार 8 विवाह की पूरी कहानी सुनाई । कथा के दौरान मप्र शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा सिंह बागरी का आगमन हुआ ।

#### कथवाचक का सम्मान

राज्य मंत्री प्रतिमा सिंह बागरी ने कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया । राज्यमंत्री प्रतिमा सिंह बागरी का स्वागत सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम,सरपंच अनिल सिंह बागरी,जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, मंडल अध्यक्ष मनीष बागड़ी पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रकाश सिंह बागरी, सरपंच कैलाश चंद जैन, पूर्व सरपंच गणेश साहू, एसडीओपी देवी सिंह बागरी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह बागरी , जिला मंत्री गोविंद सिंह ,शैलेश जैन , बागरी कल्याण समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बागरी ने किया ।

#### कथा सुनी, आरती की

राज्य मंत्री ने मंच के नीचे ग्राम की महिलाओं के बीच बैठकर कथा को सुना और आरती भी किया । राज्य मंत्री ने सरपंच अनिल सिंह बागरी के विकास कार्य की तारीफ की । इस दौरान सुभाष बागरी ,विनोद बागरी ,रणदीप बागरी ,सुशील साहू ,बलराम बागरी , आनंद साहू ,सोनू दुबे ,अशोक सिंह बागरी ,कपिल पीयूष बागरी ,सोनू बागरी राजा ,दुर्गेश ,रजनीश भानू, हेमन्त ,विकास बागरी समस्त महायज्ञ समिती समस्त ग्राम वासी की उपस्थिति रही है ।

---

*पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ*

# जन कल्याण अभियान में जिले के 63679 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासन के आदेशानुसार मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना अंतर्गत शिविर के समापन उपरांत अब तक 63 हजार 679 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों को मिलकर कुल 497 शिविर का आयोजन किया गया। शासन की जनकल्याण योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु शिविर के दौरान सभी आवेदकों के आवेदन प्राप्त कर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही आज शिविर में शेष छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया गया।

मुख्यमंत्री जन-कल्याण शिविर में जिले की 407 ग्राम पंचायतों एवं 90 वार्डों को सम्मिलित कर कुल 497 शिविर आयोजित किए गए। इन आयोजित 497 शिविरों के माध्यम से प्राप्त कुल 63 हजार 695 आवेदनों में से 63 हजार 679 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। जिसमें स्वीकृत 59 हजार 375 आवेदन तथा अस्वीकृत आवेदनों की संख्या 4 हजार 304 शामिल है। स्वीकृत 59 हजार 375 आवेदनों में से 59 हजार 359 पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया जा चुका है। शेष 16 आवेदनों पर कार्यवाही प्रचलित है जिनका शीघ्र निराकरण किया जाकर हितलाभ का वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार युवा, महिला, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश के साथ-साथ निवाड़ी जिले में भी मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के समस्त पात्र हितग्राहियों को शिविर लगाकर लाभान्वित किया गया। जन-कल्याण अभियान के तहत 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य पूर्ण किया गया है।

---

## राष्ट्रीय राजमार्ग से गौवंश को हटाने सौंपा ज्ञापन



जुहला बाईपास शहडोल मार्ग हाईवे 43 मे शाम होते ही गौवंश सड़को मे एकत्रित हो जाता है। सड़को मे बैठे गौवंश से सड़क हादसों मे वृद्धि हो रही है । सड़क हादसों मे मानव क़े साथ- साथ गौवंश भी हर रोज दुर्घटनाओ का शिकार हो रहा है। रविवार को युवाओं ने हाइवे सुरक्षा चौकी जुहला बाईपास क़े प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर हाइवे से गौवंश को हटाकर उनकी उचित व्यवस्था करने कि मांग कि है। युवाओं ने ज्ञापन मे कहा है कि हाइवे सुरक्षा चौकी नगर निगम व संबंधित ग्राम पंचायत कि टीम बनाकर जुहला बाई पास मे सड़को मे बैठा गौवंश को सड़को से हटाकर उनकी उचित व्यवस्था करे। युवाओं का कहना है कि सड़को मे बैठा अधिकांश गौवंश पशुपालको का है जो दूध दोहन करने क़े बाद गौवंश को सड़को पर छोड़ देते है। युवाओं ने कहा है कि ऐसे पशुपालको क़े विरुद्ध हाइबे सुरक्षा चौकी कि पुलिस संबंधित थाने मे मामला पंजीबद्ध कराये। युवाओं ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि सात दिबस क़े भीतर अगर सड़को से गौवंश नहीं हटाए गये तो वह उग्र आंदोलन करेंगे।

---

# सभी को सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



चाका स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की उप शाखा केंद्र में प्रभारी बीके सविता बहन के नेतृत्व सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन और सौम्या रांधेलिया के मुख्य आतिथ्य मे शिव ध्वजारोहण का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ ।बीके लक्ष्मी बहन ने मुरली के महावाक्य सुनाते हुए कहा कि तन और धन से सेवा करना तो बहुत अच्छा है, लेकिन वर्तमान समय में सबसे बड़ी सेवा है मन से मन की सेवा। क्योंकि आज सबके मन बीमार हैं।

अतः आज समाज की सबसे बड़ी सेवा मानव मन को शांत, शुद्ध एवं संतुलित बनाने की विधि सिखाना है। बीके दुर्गा बहन ने परमात्मा शिव को भोग लगाकर सभी को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया । सौम्या रांधेलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के चुनौतियों से भरे इस जीवन में शांति इंसान के लिए सबसे जरूरी और महत्वपूर्ण है। मन की शांति वह वस्तु है जिसे धन दौलत से भी नहीं खरीदा जा सकता। इसके लिए आत्मा का ज्ञान और परमात्मा से योग लगा कर अपने मानों विकारों का त्याग करके श्रेष्ठ गुणो को जीवन में धारण करके अपने जीवन को देवता समान बनाने साथ ही जीवन जीने की कला आश्रम में नित्य चलने वाली मुरली क्लास में लोग सीख रहे हैं । सभी ने बाबा को पुष्प अर्पित कर शिव ध्वज की आरती वंदन कर ध्वज फहराया तत्पश्चात सबिता बहन द्वारा सभी को ईश्वरीय सौगात और भोग प्रदान किया गया । इस अवसर बीके दुर्गा बहन अनिता बहन चमन बहन .शिवानी बहन वैष्णवी बहन नीतू केशव भाई रमेश, वैभव भाई आदि मौजूद रहे।

---

*सौ दिवसीय निक्षय अभियान के तहत किया जा रहा उपचार*

# साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर टी.बी. के 594 नये मरीजों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के अठया ने बताया देश में सर्वाधिक टी.बी. से प्रभावित 347 जिलों में प्रदेश के 23 जिले में शामिल कटनी जिले में टी.बी. को खत्म करने के लिए 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान 7 दिसम्बर से चलाया जा रहा है। टी.बी. मुक्त भारत के तहत टी.बी. रोग के समूल नाश के लिये जोखिम वाले अधिक से अधिक व्यक्तियों की जांच कर उपचार करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि टी.बी. की बीमारी को परिवार या समुदाय में फैलने से रोका जायें तथा संभावित टी.बी. बीमारी का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाकर समुचित उपचार दिया जा सकें।

सीएमएचओ डॉ. अठ्या ने बताया कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संचालित अभियान के तहत अभी तक जिले में 365397 लोगों की स्क्रीनिंग कर टी.बी. के 594 नए मरीजों की पहचान कर, उनका उपचार आरंभ किया गया है। 25275 लोगों का निःशुल्क एक्स-रे किया जा चुका है। अभियान के तहत लगभग 300 निक्षय मित्र बनाए गए है।

दूरस्थ क्षेत्रों एवं आयुष्मान आरोग्यम उपस्वास्थ्य केन्द्रों में चिन्हित उच्च जोखिम वाले लोगों में टीबी के लक्षणों की पहचान कर आवश्यकतानुसार हाथ से संचालित मशीन से एक्सरे करने का कार्य भी संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया अभियान के तहत जिले के संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाकर चिन्हित 4,13,985 जनसंख्या में टी.बी. के नये मरीज खोजने, शीघ्र उपचार के लिए जनसहयोग से शिविर लगाकर टी.बी. स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। विशेषकर कमजोर व्यक्तियों, ऐसे व्यक्ति जिनके परिवार में पहले से कोई टी.बी. मरीज,डाईबिटीज,ब्लड प्रेशर, लीवर या किडनी संबंधी, धूम्रपान, नशा करने वाले अथवा कोई पुरानी बीमारी का मरीज हो या वे व्यक्ति जो ऐसे कार्य करते है जहां पर धूल इत्यादि काफी उड़ती हो जैसे ईंट-भट्टा, रोड निर्माण में लगे हुए उन सभी लोगों का टी.बी. स्क्रीनिंग कार्य किया जा रहा है।

---

### नारायणी संस्कृत महाविद्यालय के किरायेदारों ने लगाया आरोप

# करोड़ों की संपत्ति को खुर्द बुर्द करने का रचा जा रहा षड़यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




संस्कृत की विद्या देने वाला श्री नारायणी संस्कृत महाविद्यालय हमेशा ही समिति के पदाधिकारियों की दोहन का शिकार होता रहा है जो जब आया उसने आर्थिक दोहन ही किया जिस कारण यह धरोहर नष्ट होने की कगार पर है उक्तशय का आरोप श्री नारायण संस्कृत महाविद्यालय के किराएदारों ने लगाया है। किराएदारों ने यह भी कहा है कि समिति के लोग जबरन पुराने किराएदारों का भ्रम फैला रहे है अधिकांश किराएदार कुछ वर्ष पुराने है जिनसे समिति ने लाखों रुपए नाम दर्ज करवाई लिए थे और किराएदारों से न्यूनतम किराया का एग्रीमेंट किया था। कटनी के श्री नारायण संस्कृत महाविद्यालय के संदर्भ में जो प्रचारित किया जा रहा है वह सर्वथा मिथ्या एवं साजिश का अंग है यह कहना है इस क्षेत्र के व्यापारियों का जो स्वयं उक्त महाविद्यालय के किराएदार भी है श्री नारायण संस्कृत महाविद्यालय व्यापारी संघ के सदस्यों ने बताया कि उक्त महाविद्यालय को संचालित करने वाली समिति जो की प्राइवेट समिति है जिसके द्वारा विद्यालय एवं महाविद्यालय संचालित है इस परिसर के चारों तरफ आधे सैकड़ा से अधिक दुकानें हैं जिससे समिति द्वारा किराया लिया जाता है, विगत दो वर्षों से समिति के अड़ियल रवैया के कारण किराएदारों पर समिति के लोग अनाधिकृत किराया बढ़ाने का दबाव बनाए हुए हैं, यहाँ तक की गुंडागर्दी भी की जाती है जिसकी कुछ किरायेदारों ने थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करायी है, भीतर खाने से खबर आ रही है कि इस पूरी करोड़ों की संपत्ति को खुर्द बुद्ध करने के लिए षड़्यंत्र रचा जा रहा है जैसा की समिति के लोग बता रहे हैं कि विद्यालय एवं महाविद्यालय दोनों चल रहे हैं परंतु छात्रों की बताई जा रही संख्या मिथ्या है वास्तविक में उससे काफी कम छात्र अध्ययन कर रहे हैं। संस्कृत महाविद्यालय परिसर के चारों तरफ व्यवसाय कर रहे दुकानदार छोटा-छोटा व्यवसाय कर रहे हैं जिन पर समिति के लोग वर्तमान किराये से सौ गुना अधिक किराए की मांग कर रहे हैं जो विधि अनुसार उचित नहीं है इसके अलावा प्रत्येक किराएदार से हर माह 50 किलो गल्ला देने की मांग भी की जा रही है, इसके अलावा समिति द्वारा यदि कोई किरायेदार की मृत्यु हो जाती है तो उनके वारिसों का नाम दर्ज करने कई हजार रूपये मांगे जाते हैं जिसकी रसीद भी नहीं दी जाती साथ ही यदि कोई किरायेदारी हस्तांतरण की जाती है तो उसके एवज में लाखों रूपये लिए जाते हैं जिसकी रसीद भी नहीं दी जाती, किरायेदारों ने लिखित रूप से अनेकों बार समिति से किराया लेने का अनुरोध किया परंतु समिति के लोग किराया लेने में टाला मटोली कर रहे हैं किरायेदारों ने यह भी आरोप लगाया है की सभी किरायेदार पुराने नहीं हैं बहुत से नए किरायेदार हैं जिन्होंने किरायेदारी का अग्रीमेंट भी किया हुआ है जिसमे किराया बढ़ने की शर्त भी जुडी है परन्तु उनसे भी किराया नहीं लिया जा रहा है अभी कुछ दिन पूर्व इन्होने 70 छात्र बताये थे अब एकाएक 25-30 हो गए यह सब समिति की साजिश है जो किसी तरह किरायेदारों को तंग किया जा रहा है किरायेदारों ने कहा है की समिति आज किराया ले परन्तु समिति नहीं ले रही आखिर क्यों, पत्र की प्रति कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी को भी भेजी गयी हैं, समय पर किराया न लेने के कारण छोटे-छोटे गरीब दुकानदारों के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है किराएदारों ने स्थानीय प्रशासन एवं कलेक्टर से मांग की है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर संस्था को अपने कब्जे में लेकर उठा लो की जांच की जाए तथा उनकी समस्याओं के निराकरण करने का कष्ट करें ताकि छोटे और गरीब दुकानदार अपना जीवकोपार्जन कर सके।

---

# काउंसलिंग एवं प्रशिक्षण हेतु चार सदस्यीय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पटवारी चयन परीक्षा -2022 के माध्यम से चयनित 12 अभ्यर्थियों की चतुर्थ काउंसलिंग एवं प्रशिक्षण कार्य किया जाना है। आयुक्त भू - अभिलेख मध्यप्रदेश ग्वालियर के आदेशानुसार परीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति पटवारी चयन परीक्षा 2022 के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों के असत्यापन एवं दस्तावेज परीक्षण का कार्य करेगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा पटवारी पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सत्यापन एवं दस्तावेज परीक्षण हेतु चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति क्रमांक 1 के अध्यक्ष तहसीलदार कटनी अजीत तिवारी को बनाया जाकर सदस्य के रूप में तीन सदस्य महिला सशक्तिकरण अधिकारी वन श्री कुर्वेती, सहायक प्राध्यापक श्रीमती कल्पना खरे एवं वरिष्ठ ट्रेनर ई- दक्ष केन्द्र कटनी सुनील त्रिपाठी को नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी निर्देशानुसार उक्त समिति शासन द्वारा जारी दिशा - निर्देशों अनुसार दस्तावेजों का सत्यापन कार्य कर दस्तावेजों में पाई गई कमियों के संबंध में टीप का उल्लेख करते हुए प्रतिवेदन सहित नस्तियां अधीक्षक भू- अभिलेख को अति शीघ्र वापस करने का कार्य करेगी।

अभ्यर्थियों के सत्यापन तथा चतुर्थ काउंसलिंग की तिथि 10 फरवरी निर्धारित की गई है अतः तहसीलदार कटनी अध्यक्ष सत्यापन समिति को 10 फरवरी को कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख में उपस्थित रहकर सुबह 10:30 बजे से अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं काउंसलिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

**खबर संक्षेप**



## विशाल शतचण्डी महायज्ञ आज से 13 फरवरी तक

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी माँ आदि शक्ति दरबार, बावली महाराजपुर द्वारा माँ चन्द्रमोलेश्वरी के 13वें स्थापना दिवस पर विशाल शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 03 फरवरी से 13 फरवरी तक मंदिर प्रांगण में किया गया है। प्रथम दिवस 03 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेगी जहां पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश के साथ शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। 04 फरवरी को देव आह्वान, पीठ पूजन, 07 फरवरी को अरणी मंथन, हवन प्रारंभ, 11 फरवरी को छप्पन भोग एवं पूर्ण आहुति 13 फरवरी को कन्या भोजन एवं भंडारे के साथ शतचंडी महायज्ञ का समापन होगा। मंदिर समिति से समस्त श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## माता महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस आज

**जबलपुर।** जवाहरगंज वार्ड लार्डगंज थाना के पीछे कल्याण मंदिर कछियाना स्थित जय माता महाकाली मंदिर का बसंत पंचमी की पावन बेला पर 22वां स्थापना दिवस 03 फरवरी को मनाया जाएगा। प्रातः नर्मदा जल से अभिषेक पूर्ण विधि विधान से कर श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 12 बजे माता को भोग अर्पित कर विशाल भंडारा वितरित किया जाएगा। रात्रि 08 बजे भरभूजा मोहल्ला शंकर घी भंडार से केक यात्रा निकाली जाएगी जो भ्रमण कर माता के मंदिर पहुंचेगी, यहां केक काटकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस आयोजन के अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, जय घनघोरिया, मनोज नामदेव, पूर्व पार्षद चक्रेश नायक आदि होंगे।

## ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन होगा श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में आज



**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन, कलम से सहस्त्रार्चन, पीत पुष्पों से सहस्त्रार्चन वैदिक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज के परम सान्निध्य में किया जाएगा, जो दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होगा। ठाकुर राजदीप सिंह, संतोष यादव, मनोज सेन आदि ने उपस्थित की अपील की है।

### नर्मदा प्रकटोत्सव की धूम शुरू, प्रतिमाओं की स्थापना

# कल नर्मदा तटों पर होंगे भव्य आयोजन

**जबलपुर।** ''त्वदीय पाद पंकजम, नमामि देवि नर्मदे'' की गूंज के साथ कल माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट सहित तिलवारा और भेड़ाघाट में नर्मदा प्रकटोत्सव पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर आज मां नर्मदा के पावन तट उमाघाट पर जीवनदायिनी मां रेवा का अनुपम और अद्भुत श्रंगार किया जाएगा। जगह-जगह मां नर्मदा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जिनका कल जुलूस के रूप में नर्मदा तट पर आगमन होगा। नर्मदा प्रकटोत्सव पर नगर निगम द्वारा घाटों की साफ सफाई और प्रकाश की व्यवस्था की गई है, वहीं पुलिस द्वारा यातायात और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। रामपुर चौराहे से सड़क की धुलाई और सफाई कर चूने की लाईन डाली गई है, वहीं नर्मदा रोड से लेकर घाट के किनारे तक तक के अतिक्रमण पहले ही हटाए जा चुके हैं। कल पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट गौरीघाट में मुख्य आयोजन होगा। यहां भजन, कीर्तन-संकीर्तन, के साथ-साथ भंडारों के आयोजन विभिन्न समितियों द्वारा किये गये हैं। मां नर्मदा सेवा समिति द्वारा प्रातः 10 बजे और शाम 7 बजे मां नर्मदा की भव्य महा आरती आयोजित की गई है।





### 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार आज

नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति के द्वारा 3 फरवरी सोमवार उमाघाट गौरीघाट से उस पार गुरुद्वारा घाट तक साम 4:00 बजे 1100 फुट की चुनरी चढ़ाई जाएगी। सुबह से ही गर्भग्रह से साल में एक बार निकली नर्मदा जी के पादुका दर्शन दुग्धभिषेक दीपदान महाआरती कन्या पूजन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


उपस्थिति की अपील नर्मदा महा आरती के संस्थापक चुनरी समिति के संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल चुनरी समिति के अध्यक्ष जयकिशन गुप्ता नर्मदापुत्र सोनू सैनी प्रमोद नागर सुरेंद्र खरे राजेश साहू समीर पटेल नीतीश पटेल अतुल विश्वकर्मा अंकुर श्रीवास्तव मोनू सोनकर आशीष वाजपेई गोलूपुरी गोस्वामी कमल विश्वकर्मा मनोज कुशवाहा एवं कान्यकुब्ज वैश्य महिला मंडल आदि ने की हैं।

### प्रतिमाओं के निकलेंगे जुलूस

नर्मदा जयंती पर जगह-जगह मां रेवा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। दमोह नाका चौक, सुपर मार्केट, कोतवाली, रामपुर चौराहा, गोरखपुर, पोलीपाथर, सदर, रांझी, गढ़ा के विभिन्न क्षेत्रों में मां रेवा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। इन प्रतिमाओं को आज पूजन अर्चन के साथ जुलूस के रूप में विसर्जन के लिये गौरीघाट ले जाया जाएगा।

### पार्किंग की व्यवस्था

नर्मदा प्रकटोत्सव पर अपार भीड़ नर्मदा तट पर उमड़ती है। भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात को सुगम बनाने के लिये व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई है। आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े वाहनों को छोड़कर कोई भी वाहन घाट तक नहीं पहुंचेगा। बड़े वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था गीताधाम के सामने मैदान में की गई है। दुपहिया वाहन श्री सिद्ध गणेश मंदिर और गौरीघाट बस स्टेण्ड में पार्क किये जाएंगे। यात्री मिनी बसें, ऑटो टैम्पो रामपुर चौक से आगे नहीं जा सकेंगे।



## नर्मदा प्राकट्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने गौरीघाट पहुंचकर नर्मदा प्राकट्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पर्व में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने, श्रद्धालुओं के लिए आवागमन व्यवस्थित करने, निगरानी के लिए वॉच टावर बनाने, अस्थाई मेडिकल कैंप व एंबुलेंस की व्यवस्था रखनें एवं किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसलिए नर्मदा तट पर स्थित अस्थाई दुकानों को हटाने के आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंने अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व में नर्मदा स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, पूजन सामग्री से नर्मदा जल को दूषित न होने दें, होमगार्ड की टीम मौके पर रहे। उन्होंने कहा कि नर्मदा प्राकट्योत्सव को शांति और सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही।

## वसंत पंचमी व अधिवक्ता मिलन कार्यक्रम में दी रंगारंग प्रस्तुति

**जबलपुर।** मानस भवन में बसंत पंचमी एवं अधिवक्ता मिलन कार्यक्रम का आयोजन 2/2/25 को प्रातः 10.30 बजे से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राकेश सिंह, लोक निर्माण मंत्री मध्यप्रदेश शासन, प्रशांत सिंह महाधिवक्ता मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं राधेलाल गुप्ता चेयरमेन मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद रहे। विशिष्ट अतिथि विधायक अशोक रोहाणी, मनीष मिश्रा अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अधिवक्ताओं के बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया एवं अधिवक्ताओं की क्रिकेट उप विजेता टीम रॉयल ब्ल्यू को भी सम्मानित किया गया। द्वितीय चरण में अधिवक्ताओं एवं उनके बच्चों द्वारा आकर्षक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजन स्थल पर अधिवक्तागण परिवार सहित अत्यधिक संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद पाण्डेय, हेमंत पोहरकर, सुरेश राय, प्रशांत मिश्रा, मनोज तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र यादव, प्रशांत नायक, रवीन्द्र दत्त, दुर्गेश मनाना, मनोज शिवहरे, अर्जुन साहू, राजेश राय, प्रियंका तिवारी, समृद्धि राय, जतिन राय, प्रियंक जैन, अर्पित तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

**कुंडलपुर नगरी में ध्वजारोहण - गर्भकल्याणक आज**

## श्रीजिनेन्द्र रथयात्रा के साथ पंचकल्याणक महोत्सव प्रारंभ

**जबलपुर।** पंचमी रविवार 2 फरवरी के शुभ दिन संस्कारधानी में श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा से 6 दिवसीय श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलकारी शुभारंभ हुआ।

प्रातःकाल की मंगल बेला पर श्रावकगणों ने बड़ा फ़ुआरा स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय में पूजन कर श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा निकाली जिसका सकल जैन समाज ने अभिनदंन किया जो मंगलगान के साथ घोष करते हुए कुंडलपुर नगरी पहुंची। जहां श्रीजी को विराजमान कर अभिषेक पूजन किया गया पश्चात विविध उदघाटन विधि सम्पन्न कराई गई।

महोत्सव के अध्यक्ष अशोक जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि कुंडलपुर नगरी का उदघाटन श्रीमती अचरजदेवी निहालचंद जैन जयपुर द्वारा एवं ध्वजारोहण विजय बड़जात्या परिवार इंदौर द्वारा किया गया।प्रतिष्ठा मंडप का उदघाटन जयंत जैन रतलाम एवं श्रीमती हंसा विजय पामेचा जयपुर द्वारा, मंच का उदघाटन श्रीमती अनीता जैन जबलपुर द्वारा किया गया।विधि अध्यक्ष की प्रतिमा नरेंद्रकुमार जैन परिवार





जबलपुर द्वारा एवं श्रीजी को कमल बड़जात्या परिवार मुंबई द्वारा विराजमान किया गया, यागमंडल विधान को कराने का सौभाग्य सुरेश जैन गौरझामर परिवार जबलपुर को प्राप्त हुआ जिसमें मुख्य कलश श्रीमती श्वेता संजय जैन, प्रथम कलश सुरेश जैन गौरझामर परिवार, द्वितीय कलश श्रीमती माया पंडित राजेन्द्रकुमार जैन, तृतीय कलश शिवानी विकास मोदी सागर द्वारा विराजमान किए गए पश्चात भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनवर अजीत पाटनी एवं ताराचंद काला इंदौर एवं गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के चित्र का अनावरण कमलेश भाई टिमवाडिया परिवार राजकोट द्वारा किया गया वहीं जिनवाणी संवर्धन केंद्र पौननूर मलई का उदघाटन कमलेश भाई टिमबाडिया परिवार राजकोट एवं पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली, पंडित राजकुमार शास्त्री उदयपुर द्वारा किया गया।संध्या के समय सभी ने श्री जिनेन्द्र भक्ति की ओर बच्चों ने पाठशाला के माध्यम से जैन दर्शन का पाठ पढ़ा पश्चात गुरुदेवश्री के साथ पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली के प्रवचनों का लाभ लेकर इंद्र सभा एवं राज सभा में पंचकल्याणक की खुशियां मनाई एवं माता ने 16 स्वप्न देखें जिनका सुंदर प्रदर्शन प्रदर्शन किया गया।

**आज मनेगा गर्भकल्याणक महोत्सव**

फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन एवं मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव के द्वितीय दिवस आज सोमवार 3 फरवरी को गर्भकल्याणक महोत्सव मनाया जावेगा जिसका शुभारंभ प्रातः 6.30 बजे मंगल प्रभात गीत से होगा, 6.45 से शांति जाप एवं श्री जिनेन्द्र पूजन, 8.15 से शास्त्र स्वाध्याय, 9 बजे से गुरुदेवश्री का सीडी प्रवचन, 9.30 से माताजी जागरण, इंद्र सभा एवं राज सभा, दोपहर 12.30 से गर्भकल्याणक पूजन, 1.30 से शास्त्र स्वाध्याय, 2.15 से द्वितीय शास्त्र स्वाध्याय, 3 बजे से वेदी कलश शिखर शुद्धि घटयात्रा, संध्या 6.15 से श्री जिनेन्द्र भक्ति, रात्रि 7 बजे से शास्त्र स्वाध्याय, 8.30 से माता देवियों की चर्चा एवं 9.30 से ज्ञानायतन के विद्यार्थियों द्वारा आत्मबोध नाटिका का मंचन किया जावेगा।



## महापौर ने अबाक्स के नए वर्ष के कैलेंडर का किया विमोचन

**जबलपुर।** आदिवासी बहुजन कल्याण संघ (अबाक्स) के जिला शाखा के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अबाक्स के प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी, जिला अध्यक्ष शिवकुमार गोंटिया, एड. तेज कुमार भगत, शिवनाथ चौधरी आलम, एड. तरुण रोहितास, कमलेश धपोड़कर, डॉ. बीएल झरिया, शुभम चौधरी, डॉ. शारदा पटेल, राकेश मून, सोने लाल उरैती, दीपक चौधरी, श्यामू कोरी, अनिल कोष्टा, एसपी मरावी, नरेंद्र जायसवाल, सत्येंद्र ब्यौहार, राजकुमार सिंह, सुनील चौधरी, अमित ठाकुर सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## माँ शीतलामाई मंदिर के 53वें स्थापना दिवस पर विविध आयोजन आज

**जबलपुर।** माँ श्री शीतलामाई का 53वां स्थापना दिवस शीतलामाई वार्ड स्थित शीतलामाई मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अनुसार 03 फरवरी को सुबह चार बजे दूध, दही, घी, शक्कर, नीम की पत्ती से माता का अभिषेक मंदिर के पुजारियों द्वारा किया जाएगा, वहीं दोपहर 02 बजे से माँ का विधिवत पूजन एवं हवन होगा, शाम 07 बजे माता की महाआरती एवं विशाल भंडारा मंदिर समिति द्वारा किया जाएगा। रात्रि 08 बजे से भजन मंडली द्वारा माता के जस का गान होगा। मंदिर समिति के डॉ. रमाकांत रावत ने बताया कि लगभग 150 वर्ष पुराना माँ



शीतला का मंदिर है तथा 1972 में तत्कालीन समिति द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था एवं मां शीतला की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी, तब से लगातार माँ शीतला का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर समिति के डॉ. रमाकांत रावत, पूर्व पार्षद कल्लन गुप्ता, अजय अग्रहरि, शीतला प्रसाद तिवारी पुजारी, डॉ. एमएल गौर, सतीश बर्मन, रंगू राजपूत, रिशु तिवारी, प्रवीण प्रजापति, प्रेमसुख प्रजापति, मोनू कोरी, अनिल गुप्ता, सतीश खत्री, राजू पांसे, अंकित रावत, अतुल रावत, सौरभ, संजू केशरवानी, चिन्टू गुप्ता, बादल प्रजापति सहित अन्य ने आम श्रद्धालुओं से दरबार में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का निवेदन किया है।



## हितकारिणी महिला महाविद्यालय का 92वां स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

**जबलपुर।** हितकारिणी महिला महाविद्यालय जबलपुर का 92वां स्नेह सम्मेलन एवं स्वर्ण पदक वितरण समारोह शहीद स्मारक में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमति संतोष जाटव, अतिरिक्त सचांलक उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर, डॉ. अल्केश चर्तुवेदी प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जबलपुर, पं. नित्य निरंजन खम्परिया, डॉ. राजेश कुरारिया, डॉ. के.के. हूंका, हर्ष जैन, यश जैन, डॉ. रंजना मिश्रा, एड. श्याम विश्वकर्मा, प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय, उपप्राचार्य डॉ. पूर्णिमा तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ठाकुर और डॉ. अभिलाषा मिश्रा ने किया।

## करोड़ों के राशन घोटाला पर राशन विक्रेता संघ ने जीतू पटवारी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।**

खाद्य विभाग में पदस्थ जिला सहायक आपूर्ति खाद्य अधिकारी संजय खरे, सहायक खाद्य अधिकारी अनीता सोरते, कनिष्ठ आपूर्ति खाद्य अधिकारी नीलम उपाध्याय, वसुंधरा पेन्ड्रो खाद्य विभाग अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का ज्ञापन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, नगर निगम जबलपुर एवं युवा नेता कांग्रेस नगर अध्यक्ष विजय रजक, पूनमचंद सोनकर सेवादल के नेतृत्व में महाकोशल राशन विक्रेता संघ ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नगर आगमन पर सौंपा। बताया गया खाद्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत एवं साठगांठ से करोड़ों रुपयों का राशन महाघोटाला किया गया है, जिसकी शिकायत संभागीय



आयुक्त, जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू जबलपुर एवं लोकायुक्त जबलपुर से भी की गई, लेकिन आज तक खाद्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कोई जांच कार्यवाही नहीं की गई। मप्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संघ सदस्यों को आश्वस्त किया कि महाघोटाले की निष्पक्ष जांच मप्र के मुख्य सचिव मप्र शासन से शीघ्र कराई जाएगी, साथ ही जो भी दोषी अधिकारी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## कर्मचारियों को दी जाए ओल्ड पेंशन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वर्ष 2005 से प्रदेश में नेशनल पेंशन सिस्टम एनपीएस व्यवस्था लागू है जिसके स्थान पर वर्तमान में केंद्र द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस व्यवस्था लागू की जा रही है उसी की तर्ज पर राज्य सरकार भी इस योजना को लागू करना चाह रही है। दोनों ही पेंशन स्कीम में कर्मचारियों का नुकसान है। जहां एक ओर एनपीएस शेयर मार्केट पर जीवित है, वहीं दूसरी ओर ओपीएस कर्मचारी फंड पर जीवित है, देखा जाए तो दोनों पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान है। यह स्कीम राज्यों द्वारा लागू की जाना या नहीं की जाना राज्य शासन के निर्णय पर आधारित है। प्रदेश सरकार से कर्मचारियों की अपील है की इन दोनों पेंशन को आत्मसात न करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम कर्मचारियों के हित में लागू की जाए। संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि प्रदेश में पूर्व की भांति पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन दी जाए।




## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में सुहागले एवं गोद भराई का कार्यक्रम

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास आज से 10 वर्ष से पहले चालू हुआ आज कल्पवास के 21 वे दिन 5000 माता बहनों की सुहागले एवं गोद भराई की रस्म किन्नर समाज के द्वारा की गई सभी ने एक स्वर में नशा मुक्ति का संकल्प लिया साथ ही नर्मदा को स्वच्छ रखेंगे दोनों हाथ उठाकर जय कारे लगे. आश्रम के द्वारा सभी माता को आश्रम के द्वारा सभी माता को मातृशक्तियों को सुहागले चुड़िया बिंदी गुड़ चना पान बूंदी आदि सामान दिया गया. ज्ञानेश्वरी दीदी मैत्रि दीदी विद्या भारती अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद पंत अमित दवे शरद अग्रवाल किन्नर मंगलामुखी समाज की हीरा दीदी कैट शर्मा बबली तिवारी काजल दीदी खिलौना दीदी राधिका दीदी पूजा दीदी मोना दीदी कामिनी दीदी गोद भराई की रस्में करी. इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे पप्पू चौबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे।



# रणवीर सिंह की 'डॉन 3' से जुड़े विक्रांत मैसी...

**मुंबई।** जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' का ऐलान हुआ है, यह लगातार चर्चा में है। इस फिल्म को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 'डॉन 3' में अभिनेता रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं इस फिल्म में कियारा आडवाणी उनकी जोड़ीदार होंगी। अब खबर आ रही है कि 'डॉन 3' की स्टार कास्ट में अभिनेता विक्रांत मैसी भी शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विक्रांत फिल्म 'डॉन 3' में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। वह खूंखार विलेन बन तहलका मचाने को तैयार हैं।



## लाइफ Style

# कृति

## 'तेरे इश्क में' का टीजर: धनुष के इश्क में डूबेंगी

पिछले काफी समय से निर्देशक आनंद एल राय की फिल्म 'तेरे इश्क में' की चर्चा हो रही है। पहले इस फिल्म से तृप्ति डिमरी का नाम जुड़ा था, लेकिन फिर कृति सैनन के नाम पर चर्चा होने लगी और अब उन्होंने खुद फिल्म में अपनी मौजूदगी पर मोहर लगा दी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति ने फिल्म का टीजर साझा कर इससे अपनी झलक प्रशंसकों को दिखाई, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया है। इस फिल्म से बीते दिन धनुष की झलक सामने आई थी और अब कृति की झलकियां सामने आई हैं। इसी के साथ फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पर्दे पर प्रेम कहानियां दिखाने में राय माहिर हैं। 'राझंणा' इसकी जीती-जागती मिसाल है। अब उनकी फिल्म 'तेरे इश्क में' के एकतरफा और भावनात्मक प्रेम कहानी देखने को मिलेगी। फिल्म में कृति, मुक्ति और धनुष, शंकर का किरदार निभा रहे हैं।

**इश्क में ऐसा हुआ कृति का हाल :** 'तेरे इश्क में' के टीजर में कृति आंखों में आंसू, हाथ में केरोसीन तेल का डिब्बा लिए सड़क पर चलती दिखाई देती हैं। इसके बाद वह केरोसीन अपने ऊपर डाल लेती हैं। उनके पीछे अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दे रहा है, जिसके बाद वे मुंह में सिगरेट दबाए भावुक होकर एक जगह बैठ जाती हैं। टी-सीरीज ने टीजर साझा कर लिखा, 'जहां इश्क का जुनून होता है, वहां कहानी अलग होती है।

## हॉलीवुड मसाला



# गंगा में डुबकी लगाते क्रिस ...

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में कोल्डप्ले बैंड ने अपना भारत दौरा समाप्त किया है, इस दौरान बैंड ने अहमदाबाद और मुंबई में कॉन्सर्ट आयोजित किए। इसके बाद बैंड के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन और उनकी गर्लफ्रेंड डकोटा जॉनसन प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र गंगा में स्नान किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें क्रिस मार्टिन ओर डकोटा जॉनसन गंगा में डुबकी लगाते दिख रहे हैं।



# बने भूटान में शो करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय कलाकार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी गायक एड शीरन किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उनकी आवाज और गानों के दीवाने दुनियाभर में हैं। शीरन एक बार फिर चर्चा में हैं। अब उन्होंने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है, जिससे बेशक उनके प्रशंसकों को भी उन पर नाज होगा। दरअसल, भूटान में प्रस्तुति देने वाले शीरन पहले अंतरराष्ट्रीय गायक बन गए हैं। भूटान में अपनी परफॉर्मेंस के बाद गायक ने इसकी झलकियां भी सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ साझा की हैं। 33 साल के शीरन ने इंस्टाग्राम पर भूटान में अपनी परफॉर्मेंस की की झलकियां दिखाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'कल रात भूटान में परफॉर्म किया और इसी के साथ वहां प्रदर्शन कर दुनियाभर में पहला अंतरराष्ट्रीय कलाकार होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। क्या कार्यक्रम था, क्या देश है, अविश्वसनीय लोग और कितनी खूबसूरत जगह है।



# 'पुष्पा-2' ने नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' बीते साल 5 दिसंबर को दर्शकों के बीच आई थी और यह फिल्म अब भी सिनेमाघरों में लगी हुई है। आठवें सप्ताह में भी यह दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है। अब इच बीच 'पुष्पा 2' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म को आप हिंदी के समेत तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में देख सकते हैं। कन्नड़ भाषा में भी यह जल्द रिलीज होगी। 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार हैं। यह साल 2021 में आई फिल्म 'पुष्पा: द राइज' का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। इसकी कहानी की बात करें तो पहले भाग में एक आम दिहाड़ी मजदूर रहा पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) चंदन का तस्कर बन चुका है।



# 'पराशक्ति' से पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता-संगीतकार और निर्माता विजय एंटनी काफी समय से अपने करियर की 25वीं फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशक की कमान निर्देशक अरुण प्रभु ने संभाली है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने इस फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। इसके साथ फिल्म से विजय की पहली झलक भी सामने आ चुकी है। विजय की आगामी फिल्म का नाम 'पराशक्ति' रखा गया है। सामने आए पोस्टर में अभिनेता का धांसू अवतार दिख रहा है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जो हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के 16 साल पूरे, निर्माता ने कराई पूजा

**मुंबई।** लोकप्रिय धारावाहिक 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने हाल ही में 16 साल पूरे किए हैं। इस मौके पर इसके निर्माता राजन शाही ने सेट पर पूजा का आयोजन किया, जिसमें स्टारकास्ट ने भी हिस्सा लिया। बता दें कि इस शो में फिलहाल समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित लीड भूमिका अदा कर रहे हैं। हाल ही में दोनों को साथ में पूजा करते देखा गया। हाल ही में टीवी शो को 16 साल पूरे करने की खुशी मनाते हुए प्रोड्यूसर और टीम ने सेट पर पूजा रखी। पूजा की फोटो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिन्हें देख दर्शक काफी खुश हैं और दिलचस्प प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस शो में समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अभिरा और अरमान की भूमिका में हैं। टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है साल 2009 में शुरू हुआ था। इसमें हिना खान और करण मेहरा लीड रोल में नजर आए। इसके बाद शो में लीप आया तो लीड रोल शिवांगी जोशी और मोहसिन खान ने अदा किए। साल 2021 में शो में फिर लीप आया और प्रणाली राठौड़ व हर्षद चोपड़ा लीड रोल करते दिखे। साल 2023 में शो ने फिर टर्न लिया और तब से समृद्धि शुक्ला और शहजादा धामी दिखे। बाद में शहजादा को रोहित पुरोहित ने रिप्लेस कर दिया।

## फराह के सामने क्या करण ने दरांग से शादी की बात कही?

**मुंबई।** बिग बॉस 18 रियालिटी शो के बाहर आने के बाद भी करण वीर मेहरा चर्चा में बने हुए हैं। वह बिग बॉस शो की एक प्रतियोगी चुम दरांग के साथ डेटिंग के कारण खबरों में बने हुए हैं। हाल ही में करण वीर मेहरा ने फराह खान के व्लॉग चैनल पर शादी का जिक्र किया। साथ ही ऐसा कुछ कहा है कि जिससे लगा कि वह चुम दरांग से शादी करने को लेकर इच्छुक हैं। फराह खान बिग बॉस 18 में एक दिन की होस्ट बनी थीं, इस दौरान उन्होंने करण को काफी सपोर्ट दिया, क्योंकि हर कोई घर में उनके खिलाफ खड़ा था। बाद में फराह ने यह भी कहा है कि करण उनके फेवरेट कंटेस्टेंट हैं। हाल ही करण वीर मेहरा और फराह खान साथ नजर आए। फराह अपने यूट्यूब कुकिंग चैनल के एक वीडियो शूट के लिए करण वीर मेहरा से मिलीं। करण ने फराह खान के लिए कुकिंग भी की।



# यामी की 'धूम धाम' से 'मिसेज' तक फरवरी में ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में

*नई दिल्ली। जनवरी का महीना खत्म हो गया। इस महीने कई फिल्मों ने सिनेमाघरों के साथ ओटीटी पर भी दर्शकों का मनोरंजन किया, वहीं कुछ फिल्में सीधे ओटीटी पर ही आईं। उधर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वेब सीरीज का भी खूब बोलबाला रहा। अब फरवरी का महीना भी मनोरंजन प्रेमियों के लिए खास रहने वाला है। इस महीने कई ऐसी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं।*

***'धूम धाम':*** *यामी गौतम को पिछली बार फिल्म 'आर्टिकल 370' में देखा गया था। इस फिल्म में उनकी काम की खूब तारीफ हुई थी। पिछले कुछ दिनों से वह फिल्म धूम धाम को लेकर सुर्खियां बटोर रही है। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेता प्रतीक गांधी के साथ बनी है। फिल्म वैलेंटाइन डे के मौके पर यानी 14 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म के लेखक यामी के पति आदित्य धर हैं।*





***'मिसेज':*** *अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा फिल्म 'मिसेज' लेकर आ रही हैं, जो रिलीज से पहले कई फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। इसमें सान्या ने एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाया है। इसके जरिए यह दिखाने की कोशिश की जाएगी कि कैसे इस समाज में एक महिला को सिर्फ घर में खाना बनाने और साफ सफाई करने तक सीमित कर दिया जाता है। 'मिसेज' मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचन' का हिंदी रीमेक है। फिल्म 7 फरवरी को जी 5 पर आएगी।*

***'द मेहता बॉयज':*** *'द मेहता बॉयज' के जरिए अभिनेता बोमन ईरानी ने बतौर निर्देशक अपने करियर की शुरुआत की है। देखना दिलचस्प होगा कि उनकी निर्देशित फिल्म को लोगों का प्यार मिलता है या नहीं। बता दें कि इस फिल्म का प्रीमियर 15वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में किया गया था। इसके बाद अब फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 7 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।*

***'द ट्रायल सीजन 2' और 'उफ अब क्या?' :*** *इस सूची में 'द ट्रायल सीजन 2' भी शामिल है। यह एक कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज है, जिसमें काजोल मुख्य भूमिका में हैं। काजोल की यह सीरीज दर्शकों को बेहद पसंद आई थी और इसका दूसरा सीजन फरवरी में आ रहा है। हालांकि, इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। उधर श्वेता बसु प्रसाद, आशिम गुलाटी की कॉमेडी वेब सीरीज 'उफ अब क्या?' का प्रीमियर 20 फरवरी को डिज्नी+हॉटस्टार पर होगा। जावेद जाफरी और सोनाली कुलकर्णी भी इसका हिस्सा हैं।*

# प्रभास की 'स्पिरिट' की शूटिंग हुई शुरू

**मुंबई।** पिछले लंबे समय से पैन इंडिया स्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'एनिमल' और 'अर्जुन रेड्डी' जैसी धमाकेदार फिल्मों का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। अब 'स्पिरिट' की शूटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है।

***हैदराबाद से शुरू होगी शूटिंग :*** पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास अभिनीत एक्शन थ्रिलर 'स्पिरिट' का फिल्मांकन मई 2025 में शुरू कर दिया जाएगा। प्री-प्रोडक्शन का काम पूरे जोरों पर है। यह फिल्म प्रभास की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। 'स्पिरिट' की शूटिंग हैदराबाद से शुरू होगी और भारत और विदेश में कई अन्य जगहों पर भी शेड्यूल होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'स्पिरिट' अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।



## सैफ व करीना भी हैं फिल्म का हिस्सा

एक्शन थ्रिलर कही जाने वाली इस फिल्म में प्रभास डबल रोल में होंगे। उनकी एक भूमिका हीरो की तो एक खलनायक की होगी। फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म में प्रभास की जोड़ी तृषा कृष्णन के साथ बनी है। इसके अलावा सैफ अली खान और करीना कपूर फिल्म 'स्पिरिट' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह जोड़ी फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आने वाली है।

## 'कबीर सिंह' भारत में 278.24 करोड़ रुपए का कारोबार करने में सफल रही

# शाहिद की पिछली पांच फिल्मों का ऐसा रहा बॉक्स ऑफिस पर हाल?

*मुंबई। अभिनेता शाहिद कपूर काफी समय से फिल्म 'देवा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म आज यानी 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और इसे समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की भी हरी झंडी मिली है। ट्रेड पंडितों ने अनुमान लगाया है कि फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धमाकेदार रहेगी। इसी कड़ी में आइए हम आपको शाहिद की सिनेमाघरों में आई पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।*

**'पद्मावत' :** शुरुआत करते हैं 2018 में आई फिल्म 'पद्मावत' से। इसमें शाहिद के साथ दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने भी किया था और यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रही। 190 करोड़ रुपये की लागत में बन इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 302.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म अदिति राव हैदरी ने भी अहम भूमिका निभाई थी। पद्मावत' अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।




**'बत्ती गुल मीटर चालू':** इसके बाद साल 2018 में ही शाहिद फिल्म 'बत्ती गुल मीटर चालू' लेकर दर्शकों के बीच आए। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर, यामी गौतम और दिव्येंदु शर्मा जैसे सितारे भी दिखे, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस फिल्म ने केवल 52.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इसका बजट 55 करोड़ रुपये था। यह अपनी लागत भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म को आप जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



**'कबीर सिंह':** शाहिद की फिल्म 'कबीर सिंह' 21 जून, 2019 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर इसने धुआंधार कमाई की। इसमें कार्तिक की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी। पहली बार बनी इनकी जोड़ी को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह था। यह फिल्म भारत में 278.24 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफल रही, वहीं फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये था। ओटीठी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म को आप घर बैठे देख सकते हैं।




**'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया':** अमित जोशी के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। पिछले साल आई इस फिल्म में शाहिद के साथ कृति सैनन दिखी थीं। दोनों की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 80.88 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का बजट 45 करोड़ रुपये था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।






***'जर्सी' :*** *इस सूची में चौथा नाम फिल्म 'जर्सी' का है, जो 22 अप्रैल, 2022 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर और पंकज कपूर जैसे सितारे भी नजर आए थे। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर इतना बुरा हश्र हुआ कि निर्माताओं ने सिर पकड़ लिया। करीब 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में केवल 19.68 करोड़ रुपये कमाए थे। हालांकि, इस फिल्म के गाने हिट हुए। यह फिल्म जी 5 पर देखी जा सकती है।*

# बेटियों ने बढ़ाया मान...भारत लगातार दूसरी बार बना अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन




एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारत ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां बेहद एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया। फाइनल तक के अपने सफर के दौरान प्रत्येक मुकाबले में आसान जीत दर्ज करने वाले भारत ने एक बार फिर दबदबा बनाया और दक्षिण अफ्रीका के 83 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद शेष रहते 11.2 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। भारत बिना कोई मैच गंवाए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम भी बना।

### त्रिशा शीर्ष स्कोरर

गोंगाडी त्रिशा 33 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि सानिका चाल्के ने भी 22 गेंद में नाबाद 26 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन की अटूट साझेदारी भी की। त्रिशा ने इससे पहले गेदबाजी में भी कमाल करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। पारुनिका सिसोदिया, आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए।

### गोंगाडी के नाम 309 रन

स्कॉटलैंड के खिलाफ 110 रन के साथ टूर्नामेंट का एकमात्र शतक जड़ने वाली प्लेयर ऑफ द सीरीज भारत की सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा सात पारियों में 77.25 के औसत और 147 के स्ट्राइक रेट से 309 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। त्रिशा ने सात पारियों में 6.42 की इकोनॉमी रेट से सात विकेट भी चटकाए।



### 9 विकेट से दक्षिण अफ्रीका को रौंदा

**गोंगाडी त्रिशा**
प्लेयर ऑफ द मैच/सीरीज
44 रन नाबाद, 3 विकेट
309 रन, 7 विकेट



हम सभी ने शांत रहने की कोशिश की। हमने बेहद विनम्र रहते हुए अपना काम किया। हम वहां जाकर दिखाना चाहते थे कि हम क्या कर सकते हैं। हमें बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए बीसीसीआई का शुक्रिया। यह एक खास पल है। टूर्नामेंट की शुरुआत में मैंने कहा था कि हम यहां डोमिनेट करने के लिए आए हैं। साउथ अफ्रीकी टीम वास्तव में अच्छा खेल रही है।
**निकी प्रसाद**, भारतीय कप्तान

### वैष्णवी ने झटके 17 विकेट

वैष्णवी छह मैच में 4.35 की इकोनॉमी रेट से 17 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। आयुषी ने सात मैच में 14 विकेट चटकाकर उनका अच्छा साथ निभाया।

### भारतीय टीम

निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके, गोंगाडी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, वीजे जोशिथा, सोनम यादव, परुणिका सिसोदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, शबनम शकील, वैष्णवी शर्मा।



### भारत का सफर

| बनाम | जीते |
|---|---|
| वेस्टइंडीज | 9 विकेट |
| मलेशिया | 10 विकेट |
| श्रीलंका | 60 रन |
| बांग्लादेश | 8 विकेट |
| स्कॉटलैंड | 150 रन |
| इंग्लैंड | 9 विकेट |
| द.अफ्रीका | 9 विकेट |

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बोथा का कमालिनी बो शबनम | 16 | 14 | 3 | 0 |
| सिमोन लॉरेन्स बो पारुनिका | 00 | 03 | 0 | 0 |
| दियारा रामलकन बो आयुषी | 03 | 08 | 0 | 0 |
| रेनेके का पारुनिका बो त्रिशा | 07 | 21 | 0 | 0 |
| कराबो मेसो बो आयुषी | 10 | 26 | 1 | 0 |
| वूर्स्ट स्टं कमालिनी बो त्रिशा | 23 | 18 | 3 | 0 |
| फे काउलिंग बो वैष्णवी | 15 | 20 | 0 | 1 |
| सेशनी नायडु बो त्रिशा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| विक का वैष्णवी बो पारुनिका | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मोनालिसा लेगोडी बो वैष्णवी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| एनथाबिसेंग निनी नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 82/10
गेंदबाजी : जोशिता 2-0-17-0, पारुनिका 4-0-6-2, शबनम 2-0-7-1, आयुषी 4-2-9-2, वैष्णवी 4-0-23-2, त्रिशा 4-0-15-3.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कमलिनी का लॉरेन्स बो रेनेके | 08 | 13 | 1 | 0 |
| गोंगाडी त्रिशा नाबाद | 44 | 33 | 8 | 0 |
| सानिका चाल्के नाबाद | 26 | 22 | 4 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 11.2 ओवर में 84/1
गेंदबाजी : निनी 1-0-7-0, काउलिंग 2-0-19-0, रेनेके 4-1-14-1, नायडु 1-0-12-0, ऐशलेग 1-0-12-0, मोनालिसा 1.2-0-10-0, जेमा 1-0-9-0.

## खबर संक्षेप



### डरबन का जीत के साथ अभियान खत्म

**जोहानिसबर्ग।** डरबन सुपर जाइंट्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान का अंत शनिवार को यहां जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 11 रन की जीत के साथ किया। सुपर जाइंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए। जोबर्ग सुपर किंग्स ने जब 3.1 ओवर में एक विकेट पर 31 रन बनाए थे तब बारिश आ गई और खेल दोबारा शुरू होने पर टीम को 16 ओवर में 147 रन का लक्ष्य मिला। मेजबान टीम नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

### बीपीएल में भ्रष्टाचार के आरोपों की होगी जांच

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग में पिछले कुछ हफ्तों में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में अपनी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई की सहायता के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय की स्थापना की है। यह 2013 के बाद से बीपीएल में पहली आधिकारिक भ्रष्टाचार जांच है क्योंकि लीग खिलाड़ियों के भुगतान में देरी और टिकट विवादों से जूझ रही है।

### नामधारी एफसी जीत से आईलीग में फिर शीर्ष पर

**माहिलपुर।** नामधारी एफसी रविवार को यहां दिल्ली एफसी को 2-0 से हराकर आईलीग फुटबॉल तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। भूपिंदर सिंह ने 30वें मिनट में जसकरणप्रीत सिंह के क्रॉस पर गोल दागकर नामधारी को बढ़त दिलाई। नामधारी एफसी ने इसके बाद मैच पर शिकंजा मजबूत किया। क्लेडसन कार्वाल्हो ने 52वें मिनट में भूपिंदर के क्रॉस पर गोल दागकर स्कोर 2-0 किया जो निर्णायक साबित हुआ।

### यह हमारा विश्वास है जिसने हमें एचआईएल जिताया

**कोलकाता।** कप्तान रुपिंदर पाल सिंह ने कहा कि श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने सबसे महत्वपूर्ण समय पर रक्षात्मक मजबूती और रणनीति को लागू करने की क्षमता का नजारा पेश किया जिससे टीम हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीतने में सफल रही। बंगाल की टीम ने हैदराबाद तूफान्स पर 4-3 की रोमांचक जीत हासिल करके हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का खिताब अपने नाम किया। रूपिंदर ने कहा, 'हमने सेमीफाइनल के बाद अपने डिफेंस को मजबूत करने के लिए सचेत प्रयास किया।

## टी20: अभिषेक ने ठोका दूसरा सबसे तेज शतक

**37 गेंदों में बनाए 100 रन**
**58 रन पावरप्ले में ठोके**
**17 गेंदों में जड़े 50 रन**

एजेंसी ⏭ वानखेड़े

भारतीय टीम के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा इस समय गेंदबाजों के लिए खौफ का नाम बने हुए हैं। उनकी बल्लेबाजी में चौके-छक्के ही लिखे हैं। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पांचवें टी20 मैच में अभिषेक ने यही काम किया है और तूफानी शतक जमा दिया है। अभिषेक ने भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में दूसरा सबसे तेज शतक जमाया है। उन्होंने 37 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। उन्होंने 35 गेंदों पर ये काम किया था।

अभिषेक ने इस मैच में पावरप्ले में 58 रन बनाए। इसी के साथ वह टी20 इंटरनेशनल मैच में पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अपनी तूफानी पारी से अभिषेक ने



यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ ये रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 17 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया जो टी20 में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उनसे पहले नाम उनक गुरु युवराज सिंह का है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ ही साल 2007 में 12 गेंदों पर 50 रन बनाए थे।

### दूसरा टी20 शतक

अभिषेक का ये दूसरा टी20 इंटरनेशनल शतक है। इससे पहले उन्होंने पिछले साल जिम्बाब्वे दौरे पर शतक जमाया था। टी20 इंटरनेशनल में आईसीसी के फुल मेंबर देशों के खिलाड़ियों में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में अभिषेक तीसरे नंबर पर आ गए हैं। पहले नंबर पर साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर हैं जिन्होंने 33 गेंदों पर शतक जमाया था। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना मुश्किल

**दुबई।** महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता और हालिया इतिहास भारत और ऑस्ट्रेलिया को आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने का प्रबल दावेदार बनाते हैं। पचास ओवर का यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में तीन और दुबई में एक स्थल पर खेला जाएगा। पोंटिंग ने बताया, 'भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना फिर से मुश्किल है।' भारत और ऑस्ट्रेलिया दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली सिर्फ दो टीम हैं।



## रणजी ट्रॉफी : क्वार्टर फाइनल तय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी 2024-25 में एलीट ग्रुप के मुकाबले अब समाप्त हो गए हैं। 16 में से 8 टीमों का सफर थम गया है। साथ ही 8 टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। सभी 4 ग्रुप की टॉप-2 टीमों को अंतिम 8 में जगह मिली है। हालांकि, विराट कोहली की दिल्ली क्वार्टर फाइनल की रेस से बाहर हो गई। हाल ही में दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रन से हराया था। विराट कोहली इस मैच में खेलते नजर आए थे। डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई ने मेघालय को बड़ी पारी और 456 रन से हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया।



### क्वार्टर में पहुंची टीमें

विदर्भ, जम्मू और कश्मीर, सौराष्ट्र, हरियाणा, मुंबई, केरल, तमिलनाडु और गुजरात।

## भारत जीता, डेविस कप के विश्व ग्रुप एक में रहेगी टीम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एन श्रीराम बालाजी और रित्विक चौधरी बोलीपल्ली की जोड़ी ने रविवार को यहां टोगो के खिलाफ युगल मैच में जीत दर्ज की जिससे भारत डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप एक में बना रहेगा। भारत की विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले में जीत तय होने के बाद करण सिंह ने उलट एकल में डेविस कप के अपने पदार्पण मैच को जीत कर टीम की बढ़त को 4-0 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने अंतिम पांचवां मैच नहीं खेलने का फैसला किया।



भारत रविवार को मुकाबले में 2-0 की बढ़त के साथ उतरा था और उसे मुकाबला जीतने के लिए तीन मैच में से केवल एक में जीत की जरूरत थी। बालाजी और रित्विक की जोड़ी ने मलापा टिंगौ अकोमोलो और होडाबालो इसाक पेडियो के खिलाफ पहले ही पुरुष युगल मैच में जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी ने डीएलटीए परिसर में पुरुष युगल मुकाबला केवल 57 मिनट में 6-2, 6-1 से जीता। मुकाबले का परिणाम तय होने के बाद भारत ने उम्मीद के मुताबिक पहले उलट एकल में युवा करण सिंह को पदार्पण का मौका मिलेगा। अपने कोच आदित्य सचदेवा की निगरानी में 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पेडियो पर 6-2, 6-3 से जीत हासिल की।

## निशानेबाज चौकसे ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**देहरादून।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता निशानेबाज आशी चौकसे ने रविवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। बाईस वर्षीय आशी ने 2023 एशियाई खेलों में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में और 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीते थे। उन्होंने 598 का असाधारण स्कोर बनाया और 2023 में सिफत कौर सामरा द्वारा बनाए गए 594 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आशी ने कहा, 'मैंने इसके लिए बहुत मेहनत की और मेरा मानना है कि इसका श्रेय मेरे कोच, प्रायोजकों, परिवार और दोस्तों सहित सभी को जाता है जिन्होंने मेरा समर्थन किया।'



## सालाह के दो गोल से लिवरपूल ने बोर्नेमाउथ को 2-0 से हराया

एजेंसी ⏭ लंदन

मोहम्मद सालाह के दो गोल की मदद से लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में शनिवार को यहां बोर्नेमाउथ को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त नौ अंक की कर ली।

बोर्नेमाउथ के खिलाफ सालाह ने 30वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागने के बाद 75वें मिनट में एक और गोल किया। सालाह प्रीमियर लीग में अब 178 गोल के साथ चेल्सी के महान खिलाड़ी फ्रैंक लैम्पर्ड को पछाड़कर सर्वाधिक गोल करने वालों की सर्वकालिक सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। मिस्र के इस फॉरवर्ड ने लिवरपूल के साथ अपने संभवतः आखिरी प्रीमियर लीग अभियान में अब तक 21 गोल किए हैं। लिवरपूल के साथ उनका अनुबंध इस सत्र के अंत में समाप्त हो रहा है। यह पांचवीं बार है जब उन्होंने क्लब के लिए एक ही सत्र में 20 या उससे अधिक लीग गोल किए हैं। इस जीत के साथ लिवरपूल के 23 मैच में 56 अंक हो गए हैं। आर्सेनल की टीम 23 मैच में 47 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।



### रियल मैड्रिड का जीत का क्रम थमा

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड को ला लीगा में शनिवार को रेलीगेशन का खतरा खेल रहे एस्पानयोल के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश लीग में उसका जीत का क्रम थम गया। एस्पानयोल की ओर से मैच का एकमात्र गोल डिफेंडर कार्लोस रोमेरो ने दूसरे हाफ के अंतिम लम्हों में दागा। इस जीत के साथ एस्पानयोल की टीम निचली तीन टीमों की सूची से बाहर निकल गई जिन्हें सत्र के अंत में निचली लीग में खिसकना होगा। एस्पानयोल के खिलाफ हार से पहले मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले 11 में से 10 मैच जीते थे।

## प्रज्ञानानंदा-गुकेश को संयुक्त बढ़त, एक दौर का खेल बाकी



एजेंसी ⏭ विज्क आन जी

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला जबकि ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सर्बिया के एलेक्सी सेराना को हराया। इससे दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली। प्रज्ञानानंदा ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो उनके हमवतन गुकेश के समान है।

दोनों भारतीय अब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में रोमांचक समापन के लिए तैयार हैं जिसमें उनमें से एक के खिताब जीतने की संभावना है क्योंकि अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। अगर दोनों में से कोई खिताब जीतता है तो यह पहली बार होगा जब टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब किसी भारतीय के नाम होगा। ग्यारहवें दौर के बाद शीर्ष स्थान पर नजरें लगाए बैठे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा और वह 7.5 अंक के साथ खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं। प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए सेराना के खिलाफ जीत दर्ज की। आखिरी दौर की बाजी रोमांचक हो सकती है क्योंकि गुकेश का सामना एरिगेसी से होगा जबकि प्रज्ञानानंदा को कीमर से भिड़ना है। दोनों बोर्ड पर ड्रॉ की स्थिति में कम अवधि की प्ले-ऑफ बाजी से विजेता का फैसला करेगा।

### आखिर ड्रॉ रही बाजी

फॉरेस्ट के खिलाफ गुकेश के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। गुकेश ने मुकाबला ड्रॉ कराने के फॉरेस्ट के प्रस्ताव को ठुकराया। वह 39वीं चाल के बाद बाजी जीतने की स्थिति में थे लेकिन इसके बाद बड़ी चूक करके फॉरेस्ट को वापसी करने का मौका दिया जिससे मेजबान देश का खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने में सफल रहा।

### वैशाली को मिली हार

चैलेंजर्स वर्ग में भारत की आर वैशाली को तुर्की के एडिज गुरेल के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। वैशाली के पांच अंक हैं। दिव्या देशमुख को भी नीदरलैंड के बेंजामिन बोक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस वर्ग में अजरबेजान के एडिन सुलेमानली, चेक गणराज्य के एनगुएन थाई डाई वैम और एर्विन लियामी 8.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

### भारत के जून में इंग्लैंड दौरे को लेकर आईसीसी कर रही विचार

## जल्द दो-स्तरीय टेस्ट प्रारूप लागू होने की संभावना

एजेंसी ⏭ लंदन

जब ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा तो यह मौजूदा प्रारूप का अंत होगा जिसे भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले दो-स्तरीय प्रणाली के रूप में फिर से शुरू किए जाने की संभावना है।

'उचित प्रतिस्पर्धा' का माहौल तैयार करने के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह के साथ बातचीत की और दोनों इस योजना का नेतृत्व करेंगे। थॉम्पसन आईसीसी की रणनीतिक विकास



समिति के प्रमुख भी हैं। इंग्लैंड को 20 जून से हेडिंग्ले में भारत की मेजबानी करनी है जिसके साथ अगला चक्र शुरू होगा जिसमें सिर्फ पांच महीने बचे हैं और थॉम्पसन ने इस मामले पर तुरंत गौर करने की जरूरत को स्वीकार किया। थॉम्पसन ने कहा, 'यह पूरी तरह से समझा जा चुका है कि वर्तमान ढांचा उस तरह से काम नहीं करता है जैसा उसे करना चाहिए और हमें एक निष्पक्ष, बेहतर प्रतियोगिता खोजने की आवश्यकता है लेकिन इस स्तर पर अभी कोई सिफारिशें सामने नहीं आई हैं। हमारे पास इस पर काम करने के लिए पांच महीने हैं, देखेंगे कि आगे क्या ढांचा होना चाहिए। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप निष्पक्ष और अधिक प्रतिस्पर्धी होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए बदलाव हो रहा है कि यह हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीमों को फाइनल में पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करे और अन्य देश को जो टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करे। हम टेस्ट क्रिकेट की अखंडता सुनिश्चित करेंगे और उसकी रक्षा, विकास करेंगे क्योंकि यह प्रारूप खेल के डीएनए के लिए महत्वपूर्ण है।'

### टीमें सभी विरोधी टीम के साथ नहीं खेलतीं

मौजूदा प्रारूप की उसकी कमियों के लिए आलोचना की गई है। टीमें दो साल के चक्र में सभी विरोधी टीम के साथ नहीं खेलती और साथ ही दो टेस्ट मैच की श्रृंखलाओं की अधिकता है जिससे अंक तालिका में निरंतरता नजर नहीं आती। राजनीतिक बाधाओं के कारण भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेलते। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका मौजूदा चक्र में ऑस्ट्रेलिया के साथ खेले बिना फाइनल में पहुच गया। हालांकि ये दोनों टीम जून में लॉर्ड्स में खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी।




## हर विद्यार्थी की डिजिटल पहचान, जन्म तारीख नाम, शैक्षणिक योग्यता और अभिभावक की जानकारी रहेगी अंकित

# सत्र बीता, परीक्षा आई! नहीं बन पाई अपार आईडी

हरिभूमि जबलपुर।

विद्यार्थियों की जानकारी डिजिटल रूप से एकत्रित करने के लिए अपार आईडी बनाई गई है, जन्म तारीख, शैक्षणिक, माता-पिता नाम और अभिभावक की जानकारी स्थान आदि ऑनलाइन जानकारी दर्ज रहेगी, लेकिन विद्यालयों ने इस जानकारी को गंभीरता से नहीं लिया और पूरा सत्र बीतने के बाद भी अपार आईडी का काम अधूरा है। निजी स्कूल संचालकों को हिदायत दी गई है कि वह जल्दी पूरी जानकारियां दर्ज करें।

विद्यालय में जो छात्र का नाम लिखा गया है वह आधार और जन्म प्रमाण पत्र में स्पेलिंग से मैच नहीं हो रहा, आधार कार्ड में कई अभिभावकों के पता भी ठीक नहीं हैं। ऐसी कई गलतियों के चलते स्कूली विद्यार्थियों की अपार आईडी नहीं बन पा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर को अपार आईडी के बारे में अधिकारियों ने समय सीमा में पालन करने के निर्देश दिए हैं। निजी स्कूल संचालकों ने इस मामले में गंभीरता नहीं होने से जहां के विद्यार्थियों की जानकारी अभी पोर्टल पर सीमित संख्या में ही दर्ज हैं। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए प्राचार्य एवं बीआरसी को निर्देश दिए गए है।




### आधार नहीं अपडेट... प्राचार्य की दिक्कत

अपार आईडी में सबसे ज्यादा दिक्कत अभिभावक और विद्यार्थी के आधार अपडेट नहीं होने के कारण बताई जा रही हैं। प्राचार्य का कहना है कि अभिभावक पहले आधार अपडेट कर लें। इसके बाद ही जानकारी दर्ज हो सकेगी।

### डिजी लॉकर... एक जगह सब दस्तावेज

अपार आईडी को डिजी लॉकर से जोड़ा जाएगा, विद्यार्थियों की जानकारी एक जगह ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक, निवास, आय आदि जानकारी भी एक क्लिक पर उपलब्ध हो पाएगी।

गोसलपुर के घुघरी गांव में परिजनों के आंसू छलके

## कुंभ भगदड़ में बिछड़ी महिला पांच दिन बाद घर लौटी

**जबलपुर।** प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या को संगम में स्नान करने के दौरान अचानक भीड़ बढ़ने और भगदड़ के कारण अपनों से बिछड़ी जबलपुर के गांधी ग्राम की प्रभा पटेल पांच दिन बाद गत दोपहर लगभग 12:30 बजे अपने घर घुघरी नवीन पहुंच गई। गोसलपुर स्टेशन से ऑटो से जैसे ही वह अपने घर पहुंची घर परिवार के लोगों में खुशी के आंसू छलक पड़े। गांव के लोग भी एकत्रित हो गए महिलाओं ने उन्हें अपने गले लगा लिया। वहीं उनके पति सुग्रीव पटेल भी भाव विभोर हो गए। दरअसल मौनी अमावस्या को प्रभा पटेल अपने साथ के लोगों के साथ पुल की ओर आ रहे थीं। इस दौरान वहां भीड़ बढ़ गई जिससे वह बिछड़ गईं और काफी समय बाद रेलवे स्टेशन पहुंच गईं। ट्रेन तलाशने की भूल भुलैया में सामने खड़ी ट्रेन में यह जानकर बैठ गईं। उन्हें लगा कि इसमें मेरे साथ आए लोग बैठे होंगे। जब वे नागपुर पहुंच गईं तो उन्हें लगा कि मैं तो नागपुर जाने वाली ट्रेन में बैठ गई थी। प्रभा पटेल ने नागपुर स्टेशन पर उतरने के बाद पुलिस को पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी, उसके बाद वह जबलपुर वापस आ सकीं।

बोर्ड परीक्षा को लेकर एस्मा लागू

## शिक्षक नहीं जा पाएंगे महाकुंभ

**जबलपुर।** अब मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 20 दिन का समय शेष है। ऐसे में अब शिक्षक प्रयागराज में लगे महाकुंभ हो या संतान पालन अवकाश (सीसीएलई) के लिए अवकाश नहीं ले पाएंगे। इसका कारण यह है कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शासन ने एसेंशियल सर्विस एंड मेंटेनेंस (एस्मा) लगाने का आदेश जारी कर दिया है। शासन ने 15 फरवरी से 15 मई तक के लिए एस्मा लागू कर दिया है। इस अवधि में परीक्षाओं में नियुक्त कर्मचारी, अधिकारी और अन्य स्टाफ अवकाश नहीं ले पाएंगे और हड़ताल भी नहीं कर सकेगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए है।

मप्र बोर्ड की परीक्षा अति आवश्यक सेवा घोषित की गई है। इस वजह से परीक्षा की पूरी अवधि में एस्मा एक्ट लागू रहेगा। इस कारण अब शिक्षक छुट्टी पर नहीं जा सकेंगे। हालांकि महाकुंभ में जाने के लिए और संतान पालन अवकाश के लिए जिला स्तर पर शिक्षकों के काफी आवेदन आ रहे हैं। अब तक करीब 150 आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी(डीईओ) के पास आए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने भी शिक्षकों के अवकाश को स्वीकृत नहीं करने का आदेश जारी किए हैं। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 24 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा अति आवश्यक सेवा घोषित की गई है। इस वजह से परीक्षा की पूरी अवधि में एस्मा एक्ट लागू रहेगा।

### कमिश्नर व कलेक्टर की पांच फरवरी को होगी बैठक

मप्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सभी संभाग कमिश्नर व कलेक्टरों की वीडियो कांफ्रेसिंग पांच फरवरी को आयोजित की जा रही है। इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं कि माशिमं द्वारा आयोजित परीक्षाएं वर्ष 2024-25 की व्यवस्थाओं के संबंध में पांच फरवरी को दोपहर 12 से दो बजे तक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई है।

## मां बेटों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

# बैंक में बंधक जमीन का 20 लाख में किया सौदा

हरिभूमि जबलपुर।

पुत्री के नाम वसीयत करने और बैंक में भूमि का कुछ हिस्सा बंधक होने के बावजूद अनुबंध कर क्रेता से 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। भेड़ाघाट पुलिस ने इस मामले में एक महिला सहित उसके दो लड़कों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिलखिरवा शहपुरा निवासी श्रीमति जमना बाई तिवारी ने जबलपुर सदर गली नम्बर 16 निवासी अमित पटेल से 2019 में शहपुरा स्थित 22 हजार वर्गफुट कृषि भूमि बेचने की बातचीत तय की और अनुबंध किया. जमुना बाई ने बातचीत के बाद अपने पुत्र ब्रजेश तिवारी और पवन तिवारी के खाते में यह कहकर राशि लेती रही है कि, उसका खाता नहीं है. कई बार में उसने अपने लड़कों के खाते में 20 लाख रुपये जमा करवा लिये, 5 सितम्बर 2022 को गवाहों की मौजूदगी में रजिस्ट्रार कार्यालय में विक्रय पत्र अनुबंध का पंजीयन कराया। अनुबंध के 11 माह बीत जाने के बाद रजिस्ट्री कराने में लगातार हीलाहवाली की जाती रही। अनुबंध कर्ता अमित पटेल को शंका हुई और उसने खसरे की नकल निकलवाई, तब ज्ञात हुआ कि उक्त विवादित भूमि में से कुछ भूमि भारतीय स्टेट बैंक शाखा भेडाघाट में बंधक रखी हुई है। विक्रय अनुबंध के पूर्व महिला उक्त जमीन की वसीयत अपनी पुत्री श्रीमति सावित्री तिवारी एवं अपने पुत्र धर्मेन्द्र तिवारी के नाम वसीयत कर चुकी थी.

इसके बाद उसने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे खसरे को दिखाते हुए जालसाजी करते हुये 20 लाख वसूल लिये. पुलिस ने जांच के बाद जमना उर्फ जमुना बाई तिवारी, ब्रजेश तिवारी एवं पवन तिवारी के विरुद्ध धारा 316 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## दुर्ग कटनी स्टेशन के बीच चलेगी दो कुंभ मेला स्पेशल

**जबलपुर।** प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुर्ग कटनी के बीच कुल 8 फेरों के लिए दो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी जा रही हैं। गाड़ी संख्या 08761/08762 दुर्ग-कटनी स्पेशल 5 एवं 28 फरवरी को वहीं गाड़ी संख्या 08793/08794 कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 14 फरवरी को चलेगी। इस ट्रेन में 1 एसी 2, 1 एसी 3, 14 स्लीपर, 4 जनरल एवं 2 एसएलआर/आरडी सहित 22 कोच होंगे। यात्री समय सारणी के लिए एनटीईएस या इंडियन रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर सकते हैं।



72198 21111 | BAJAJ SECURE
शर्तें और नियम लागू। *उल्लेखित एक्स-शोरूम मूल्य विशेष पल्सर मॉडल की प्रारंभिक कीमत है। बजाज ऑटो को बिना पूर्व सूचना के किसी भी ऑफर्स और कीमतों को वापस लेने/संशोधित करने का अधिकार है, जो मॉडल और राज्य के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। एएमसी चयनित मॉडलों और विशेष राज्यों में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने निकटतम बजाज डीलर से संपर्क करें। रोडसाइड असिस्टेंस थर्ड पार्टीज के सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाती है और उनके नियमों और शर्तों के अधीन है। इ-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर प्रस्ताव उनके अपने नियमों और शर्तों के अधीन हैं।

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur : Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Wright Town** FRONTIER BAJAJ 77710 11280 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517 • **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700. **Authorised Service Centre : Adhartal** 9479999997, **Anuppur** 9826688221, **Bahoriband 8602598363**, **Barghat** 9303455660, **Baihar** 9555367761, **Barhi 9179202547 Bichiya** 9424340254, **Bijuri** 8827988201 **Birsinghpur Pali** 6264386139, **Chhapara** 9713908909, **Chichli**, 9425419598, **Dhanpuri 7489650025**, **Dindori** 9425854910, **Gadarwara** 9617873963, **Gadasarai** 9522711045 **Gotegaon** 9424631001, **Hatta** 9425094139, **Jaisingh Nagar** 9425472262, **Kareli** 9926349292, **Katangi 9302930389 Keolari** 7879822080 **Keswahi 9669691764 Kirnapur** 9009464748, **Kotma** 9329404241, **Kundam** 9981874048, **Lakhnadon 7999593709**, **Madan Mahal** 7880097793, **Majholi** 7898404020, **Mandla** 077710 03238, **Manpur** 9993009143, **Nainpur** 9595929353, **Nowrozabad** 7697487999, **Palari** 9165621818, **Panagar 9302893617**, **Papaundh 9754290155 Patharia** 9893678714, **Rampur 9827246605**, **Saleemanabad** 8823822886, 9691093624 **Shahpura bhitoni** 9755453839, **Shahpura Dindori 7987250082**, **Sihora** 9826439447, **Umaria** 9302281902, **Waraseoni** 9425822517. **Saikheda 9893108022**, **Lanji 9424906995**, **Ghansore 7566551504**, **Majhagawan 9399249831 Rithi 9179891917**, **7587524410 Badwara 9098307441,8462995655 Chandangaon** 7771003685, **Adegaon 9926964389**, **Vijayraghogarh 8225880280**, 769200280, **Tendukheda 9424994577**, **Gokalpur 8109090222.**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240